CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :23°C
न्यूनतम: 10°C

लखनऊ, मंगलवार 25 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 20 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 3 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




यूपी के 75 जिलों में थाना स्तर पर घुसपैठियों की पहचान के निर्देश — पेज 2



प्रांजलि धूमल ने डेफलंपिक्स में 25 मी. पिस्टल में जीता गोल्ड — खेल टाइम्स



पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच एसआईआर — सम्पादकीय



परमाणु हथियारों की तस्करी कर रहे थे अब्दुल कादिर — पेज 12

# बॉलीवुड के ही-मैन धर्मेंद्र का निधन

## विले पार्ले श्मशान घाट में हुआ अंतिम संस्कार, पत्नी हेमा और बेटी ईशा थीं मौजूद



**मुंबई।** बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र का सोमवार को निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। धर्मेंद्र ने सोमवार दोपहर अपने घर पर अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

उन्होंने 12 नवम्बर को ही ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से परिवार के कहने पर डिस्चार्ज किया गया था। इसके बाद से घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार विले पार्ले श्मशान भूमि में हुआ, जिसमें सलमान खान, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन, आमिर खान समेत कई



■ अमिताभ, सलमान, शाहरुख खान व संजय दत्त भी पहुंचे

धर्मेंद्र का निधन एक युग का अंत: पीएम मोदी

सेलेब्स पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन को एक युग के अंत का संकेत कहा है। दोपहर में उनके घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची थी और विले पार्ले श्मशान भूमि में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई थी। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से श्मशान घाट पहुंचाया गया। दोपहर करीब एक बजे धर्मेंद्र के घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची। घर के बाहर बैरिकेडिंग, सिक्योरिटी बढ़ाई गई। विले पार्ले श्मशान घाट की सिक्योरिटी बढ़ाई गई। धर्मेंद्र कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 10 नवम्बर को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान उन्हें वैंटिलेटर पर रखा गया। मीडिया में उनके निधन की खबर भी आई, जिसे परिवार ने नकार दिया। 12 नवम्बर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डाक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के इलाज की बात कही थी। दिवंगत धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनकी बहन शमिता शेट्टी उनके घर पर पहुंचीं। संजय दत्त, धर्मेंद्र के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। अब उन्होंने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट -शेष पृष्ठ दो पर

# 53वें CJI बने जस्टिस सूर्यकांत

## शपथ के बाद भाई-बहन के पैर छुए, पूर्व सीजेआई गवई से गले मिले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग भी शामिल हुए।

शपथ के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने पीएम मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे। भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे। इस दौरान पूर्व सीजेआई गवई ने एक नई मिसाल कायम की। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने अपनी आधिकारिक गाड़ी राष्ट्रपति भवन में ही अपने उत्तराधिकारी जस्टिस सूर्यकांत के लिए छोड़ दी। शपथ के बाद





मोदी-शाह से मिलने पहुंचे, पहली बार सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही

सीजेआई सूर्यकांत राष्ट्रपति मुर्मू के पास पहुंचे और उनका अभिवादन किया। सीजेआई सूर्यकांत ने भाई ऋषिकांत और बहन राजबाला के भी पैर छुए। सीजेआई सूर्यकांत पीएम मोदी, राजनाथ और अमित शाह से मिलने भी पहुंचे। पूर्व वाइस प्रेसिडेंट जगदीप धनखड़ और पूर्व सीजेआई भूषण रामकृष्ण गवई सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में नजर आए। वर्तमान सीजेआई बीआर गवई का कार्यकाल रविवार 23 नवम्बर को खत्म हो गया। उनके बाद अब जस्टिस सूर्यकांत यह जिम्मेदारी संभालेंगे। जस्टिस सूर्यकांत 9 फरवरी 2027 को रिटायर होंगे और उनका कार्यकाल लगभग 14 महीने का होगा। सीजेआई सूर्यकांत ने बेंच जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर के साथ कोर्ट रूम नंबर 1 में आधिकारिक कार्यवाही शुरू की। जस्टिस सूर्यकांत अब पांच मेंबर वाले सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के हेड भी होंगे। पांच मेंबर वाला कॉलेजियम जो सुप्रीम कोर्ट के जजों को चुनता है और हाईकोर्ट के जजों के ट्रांसफर पर फैसला करता है, उसमें अब सीजेआई कांत और जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एमएम सुंदरेश शामिल होंगे। तीन सदस्यों वाले कॉलेजियम में, जो हाईकोर्ट के जजों को चुनता है, सीजेआई और जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस बीवी नागरत्ना -शेष पृष्ठ दो पर

### दिल्ली दंगा केस: सुप्रीम कोर्ट में दो दिसम्बर तक सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 2020 के दिल्ली दंगे केस की सुनवाई 2 दिसम्बर तक टल गई है। सोमवार को अदालत का समय खत्म होने की वजह से शरजील इमाम, उमर खालिद समेत मामले में सात आरोपियों की जमानत याचिका पर सुनवाई नहीं हो पाई। इससे पहले 21 नवम्बर को हुई सुनवाई के दौरान पुलिस ने कहा था कि दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस ने दावा किया था कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया। दंगों से पहले हुई मीटिंग्स में नॉर्थ ईस्ट को भारत से अलग करने की बात की गई। इस पर कोर्ट ने कहा था कि पुलिस जिन दस्तावेजों और चैट्स का हवाला दे रही है, उन्हें पहले रिकॉर्ड पर रखा जाए, ताकि कोर्ट उन्हें देखकर आगे सुनवाई आगे बढ़ा सके। दरअसल, दिल्ली में फरवरी 2020 में सीएए के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 से 26 फरवरी तक हिंसा भड़क गई थी। जिसमें 53 लोगों की मौत हुई और सैकड़ों घायल हुए थे।

### दिल्ली एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को बड़ा हादसा होने से बच गया, जब काबुल से आ रही एरियाना अफगान एयरलाइंस की एक फ्लाइट गलती से उस रनवे पर उतर गई, जहां से उसी समय एक अन्य विमान टेक ऑफ कर रहा था। घटना रविवार दोपहर 12:06 बजे की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आई। एक वरिष्ठ डीजीसीए अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, घटना की जांच शुरू कर दी है। दरअसल, एरियाना अफगान एयरलाइंस की ए310 विमान, फ्लाइट एफजी 311 (काबुल से दिल्ली), को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन विमान रनवे 29आर पर उतर गया। फ्लाइट के पायलट इन कमांड ने बताया कि 4 नाटिकल माइल की दूरी पर उनका आईएलएस (इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम) सिग्नल खो गया और विमान दाईं ओर मुड़ गया, जिसके बाद कैप्टन ने विजुअल अप्रोच के आधार पर रनवे 29आर पर लैंडिंग कर दी। आईएलएस एक प्रिसिजन रेडियो नेविगेशन सिस्टम है, जो विमान को रात, खराब मौसम और कम दृश्यता की स्थिति में भी रनवे तक सुरक्षित तरीके से पहुंचाने में मदद करता है। पायलट ने कहा कि 4 एनएम पर आईएलएस सिग्नल खो गया था और विमान दाईं ओर मुड़ा, जबकि एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने पुष्टि की कि एफजी 311 को रनवे 29एल पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी और पायलट ने भी यही पुष्टि की थी।

# भविष्य के युद्ध एक साथ तीनों रणक्षेत्रों में लड़े जाएंगे: जनरल द्विवेदी

**मुंबई।** सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने जल, थल और वायु सेनाओं में बेहतर तालमेल को सशस्त्र बलों की असली ताकत करार देते हुए कहा है कि भविष्य के युद्ध एक साथ तीनों रणक्षेत्रों में लड़े जाएंगे और ऑपरेशन सिंदूर सेनाओं के बीच एकीकरण का शानदार उदाहरण है।



■ देश में ही विकसित और डिजाइन पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस माहे नौसेना के बेड़े में शामिल

जनरल द्विवेदी ने सोमवार को मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में देश में ही विकसित और डिजाइन पनडुब्बी रोधी युद्धपोत आईएनएस माहे को नौसेना के बेड़े में शामिल किए जाने के अवसर पर आयोजित समारोह में कहा कि आईएनएस माहे का नौसेना के बेड़े में शामिल होना न सिर्फ़ नौसेना की ताकत को बढ़ाता है, बल्कि यह स्वदेशी प्रौद्योगिकी के बल पर जटिल युद्धपोत को डिज़ाइन करने, बनाने और फील्ड में उतारने की भारत की बढ़ती क्षमता को भी दिखाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस जहाज़ के शामिल होने से भारतीय नौसेना की समुद्र में दबदबा बढ़ाने, तटीय सुरक्षा ग्रिड को मज़बूत करने और तटीय इलाकों में भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने की क्षमता में काफ़ी बढ़ोतरी होगी। तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों की ताकत ज़मीन, समुद्र और हवा में तालमेल में है।

# कर्नाटक सीएम बदलने की अटकलें, गृह मंत्री भी दावेदार

## कांग्रेस अध्यक्ष बोले- हाईकमान करेगा फैसला, भाजपा ने पूछा: कांग्रेस का अध्यक्ष हाईकमान नहीं, तो कौन

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि इस मामले में निर्णय पार्टी हाईकमान ही करेगा और इस पर वह कुछ नहीं कहना चाहते। उन्होंने यह टिप्पणी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया से शनिवार को हुई उनकी एक घंटे से अधिक की बैठक के बाद की।

खड़गे ने मीडिया के सवालों पर कहा कि जो भी होगा, हाईकमान करेगा। आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। वहीं, खड़गे के बयान पर बीजेपी विधायक सुरेश कुमार ने एक्स पर लिखा कि अगर कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष हाईकमान नहीं है, तो कौन है? इधर, राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने संकेत दिया कि अगर राज्य में नेतृत्व परिवर्तन होता है, तो वे भी सीएम पद की रेस में हैं। हालांकि हाईकमान से सीएम बदलने पर चर्चा नहीं हुई, न ही कांग्रेस विधायक दल में इस पर विचार हुआ। कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने सोमवार को चिक्काबल्लापुर



फाइल फोटो

■ डीके शिवकुमार और मुझे, पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करना चाहिए: सिद्धारमैया

में सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों पर कहा कि डीके शिवकुमार और मुझे, पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करना चाहिए। हाईकमान जो भी फैसला करेगा, उससे हमें सहमत होना चाहिए। हम पार्टी हाईकमान के फैसले के अनुसार काम करेंगे। सिद्धारमैया ने कहा कि जब हाईकमान ने पांच महीने पहले बैठक की थी, तो उन्होंने कैबिनेट में फेरबदल का निर्देश दिया था। मैंने उनसे कहा था कि हम ढाई साल पूरे होने के बाद ऐसा करेंगे। अब, हम जो भी निर्देश दिए जाएंगे, उसके अनुसार काम करेंगे। सिद्धारमैया के करीबी माने जाने वाले मंत्रियों एच सी महादेवप्पा और के. वेंकटेश ने भी खड़गे से मुलाकात की। महादेवप्पा ने कहा कि कर्नाटक में इस समय सीएम बदलने की कोई स्थिति नहीं है और यदि कभी ऐसा हुआ तो हाईकमान ही फैसला करेगा। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का 20 नवम्बर को 2.5 साल का कार्यकाल पूरा हुआ है। अब सत्ता संतुलन को लेकर बयानबाजी जारी है। कुछ विधायक जो डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के समर्थक माने जाते हैं, वे दिल्ली जाकर खड़गे से मिले थे। हालांकि शिवकुमार ने ऐसे किसी कार्यक्रम की जानकारी होने से इन्कार किया। सूत्रों के मुताबिक सिद्धारमैया कैबिनेट फेरबदल के पक्ष में हैं। जबकि शिवकुमार चाहते हैं कि पार्टी पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला करे। पार्टी के अंदरूनी हलको में यह भी माना जा रहा है कि यदि हाई कमान कैबिनेट विस्तार को मंजूरी देता है, तो इससे सिद्धारमैया के पूरे कार्यकाल (5 साल) तक टिके रहने का संकेत मिल सकता है, जो शिवकुमार की सीएम बनने की संभावनाओं को कम कर देगा। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने 21 नवम्बर को सीएम पद को लेकर चल रही अटकलों को खारिज किया था। शिवकुमार ने शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट किया था कि सीएम सिद्धारमैया अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जीवाड़े की शिकायत पर ट्राई ने बंद किए 21 लाख मोबाइल नंबर

**नई दिल्ली।** भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने फर्जीवाड़े की शिकायत पर एक साल में 21 लाख मोबाइल नंबरों और एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्राई ने सोमवार को बताया कि स्पैम और फर्जीवाड़े से जुड़े मैसेज भेजने के कारण उसने 21 लाख मोबाइल नंबरों और करीब एक लाख इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए या तो उन नंबरों को बंद या ब्लैकलिस्ट कर दिया है। नियामक ने आम लोगों से फर्जीवाड़े वाले नंबरों की शिकायत ट्राई डीएनडी एप पर करने की अपील की है। उसने कहा है कि स्पैम कॉल या मैसेज वाले नंबरों को फोन में ब्लॉक करने भर से दूसरे लोग उससे सुरक्षित नहीं होते हैं, जबकि एप पर शिकायत करने से उस नंबर पर कार्रवाई कर उसके बंद या ब्लैकलिस्ट कर देने से पूरे समाज की सुरक्षा होती है।

### श्रीनगर में सीजन का सबसे ठंडा दिन, पारा -3.2 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी शुरू हो गई है। रविवार को पूरी कश्मीर घाटी में न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान -3.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम था। दक्षिण कश्मीर का शोपियां सबसे ठंडा रहा, जहां पारा -5.1 डिग्री तक गिर गया। दूसरी तरफ, उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में रविवार को पारा माइनस 16 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इंद्र धारा झरने का पानी जम गया। ठंडी हवाओं के चलते तापमान में गिरावट हुई है। वहीं राज्य के मैदानी इलाकों में कोहरा छाने लगा है। इधर मध्य प्रदेश और राजस्थान में लोगों को सर्दी से राहत मिली है। दोनों राज्यों के ज्यादातर शहरों में रविवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने मप्र-राजस्थान में अगले चार से पांच दिनों तक शीतलहर का अलर्ट जारी नहीं किया है। उधर हरियाणा में रविवार को हिसार सबसे ठंडा रहा, यहां 7.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया है। यहां रात का पारा सामान्य से 3.4 डिग्री तक नीचे आ गया है।

### इंडिया गेट पर नक्सली हिड़मा के पोस्टर लहराए गए

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इंडिया गेट पर रविवार देर शाम वायु प्रदूषण के खिलाफ प्रदर्शन में शामिल लोगों ने देश के मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा (44) के पोस्टर लहराए। पोस्टरों में हिड़मा की तुलना आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा से की गई। हिड़मा को जल, जंगल और जमीन का रखवाला बताया गया। प्रदर्शनकारियों ने माड़वी हिड़मा अमर रहे, जैसे नारे लगाए। उन्होंने पोस्टरों पर भी माड़वी हिड़मा को लाल सलाम जैसे नारे लिखे थे। एक प्रदर्शनकारी के पोस्टर पर लिखा था कि बिरसा मुंडा से लेकर माड़वी हिड़मा तक, हमारे जंगलों और पर्यावरण का संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान भीड़ की पुलिस से हाथापाई भी हुई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर मिर्च स्प्रे कर दिया, जिससे तीन-चार पुलिसकर्मी घायल हो गए।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-ऑं-ऑं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगाई संयंत्र के टैंक में दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिला में औराई थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित एक रंगाई संयंत्र के टैंक में जहरीली गैस रिसाव के कारण सोमवार को अपराह्न में तीन श्रमिकों की दम घुटने से मौत हो गई। एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के उगापुर स्थित सूर्या कारपेट कंपनी के डाइंग प्लांट के टैंक में सोमवार को दम घुटने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक श्रमिकों को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामसूरत यादव (55), शीतला प्रसाद (58), शिवम दुबे (35) और मध्य प्रदेश के सीधी निवासी राजकिशोर तिवारी (50) एक कालीन कंपनी का रंगाई अनुभाग में काम करते थे। चारों सोमवार को टैंक के अंदर रसायन भरने वाली मशीन को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान टैंक से निकल रही जहरीली गैस से उनका दम घुटने लगा। गैस रिसाव की जानकारी होते ही कंपनी में हड़कंप मच गया।

### नेहा सिंह राठौड़ की जमानत याचिका खारिज

**लखनऊ।** भोजपुरी लोक गायिका और सोशल मीडिया पर सियासी व्यंग्य के लिए मशहूर नेहा सिंह राठौड़ पर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उनके एक पोस्ट को लेकर देश की संप्रभुता और राष्ट्रीय अखंडता को नुकसान पहुंचाने और पाकिस्तान की तरफ से भारत विरोधी प्रोपेगैंडा में इस्तेमाल किए जाने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। अब हाईकोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अब हजरतगंज पुलिस ने शासकीय अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में रिपोर्ट पेश कर दी है और नेहा की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है।

# एसआईआर के विवाद पर भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली, वार्ता



■ घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी: सुधांशु

भारतीय जनता पार्टी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का विरोध करने वालों को करारा जवाब देते हुए सोमवार को कहा कि घुसपैठियों के सहारे सत्ता पाने का सपना देखने वालों को मुंह की खानी पड़ेगी।

पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसआईआर का विरोध करने वाले लोकतंत्र को बंधक बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन देश की जनता उनके मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी ने भाजपा के पूर्व सांसद एवं प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेंद्र को भारतीय कला और सिने जगत में उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की। भाजपा प्रवक्ता ने झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने कहा था, अगर कोई बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) मतदाता सूची पर कोई जानकारी लेने आए तो उसे बंधक बना लो। त्रिवेदी ने अंसारी के बयान को लोकतंत्र को बंधक बनाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि इसी तरह पश्चिम बंगाल में बीएलओ को धमकाने का मामला सामने आया है। त्रिवेदी ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी एसआईआर को लेकर इसी तरह का नजरिया और बयान देकर इसका विरोध कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शी बनाने में अगर कोई सबसे बड़ी बाधा है, तो इंडिया गठबंधन और उसके सहयोगी दल के नेता हैं। उन्होंने कहा कि मुर्शिदाबाद में तृणमूल कांग्रेस के नेता हुमांयू कबीर ने कहा कि वह बाबरी मस्जिद बनवाएंगे, इस पर इंडिया गठंधन की तरफ से किसी तरह की आपत्ति नहीं आई है। त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने भी हर छह माह में मतदाता सूची के संशोधन की बात पर बल दिया था। त्रिवेदी ने कहा कि देश में बंगलादेशी घुसपैठियों का मामला ममता बनर्जी ने 2005 में संसद में उठाया था और उस समय पश्चिम बंगाल में बढ़ते घुसपैठ को लेकर आक्रोश जाहिर किया था। उन्होंने सवाल उठाया कि अब एसआईआर का विरोध करने वाली ममता बनर्जी उस समय सही थीं या अब सही हैं। त्रिवेदी ने कहा कि एसआईआर इसलिए जरूरी है, ताकि कोई घुसपैठिआ भारत की सत्ता को प्रभावित न कर सकें।

# जो मुल्क का दुश्मन, वो हमारा भी दुश्मन: ओवैसी

नई दिल्ली, वार्ता



■ दिल्ली धमाके की घटना के बाद बोले असदुद्दीन

दिल्ली के लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास हुई धमाके की घटना के बाद अब एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि कुछ लोग इतने जालिम हैं कि मदरसे और स्कूल का एक कमरा नहीं बना सकते, फिर भी अमोनियम नाइट्रेट लेकर बैठे हैं।जब हम वतन की मोहब्बत की बात करते हैं, तो मुसलमानों ने जो तालीम और इरादे कायम किए हैं, अगर कोई उसी तालीम के नाम पर बैठकर बम बनाने की साजिश करता है, तो हम उसकी भी मजम्मत करते हैं। जो मुल्क का दुश्मन है, वह हमारा भी दुश्मन है।

ओवैसी ने कहा कि अगर ऐसी हरकतें जारी रहीं, तो हालात और खराब होंगे, लेकिन कुछ लोग यह सोच रहे हैं कि मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया जाएगा, यह उनकी भूल है।

उन्होंने कहा कि न तो मुसलमान खत्म होंगे और न ही उनकी पहचान मिटाई जा सकती है। ओवैसी ने कहा कि दिल्ली के हमले में हिंदू भी मारा गया, मुस्लिम भी मारा गया है। जो मुल्क का दुश्मन वो हमारा दुश्मन है। ओवैसी ने कहा कि हम अपनी मस्जिदों को बचाएंगे, तुम एक मस्जिद को शहीद करोगे, तो हम लाखों मस्जिदों को आबाद करेंगे। तुम शरियत पर हमला नहीं कर सकते हो। एक बात लोग नहीं समझते हमारी मस्जिद को शहीद कर दिया गया। ओवैसी ने कहा कि कोर्ट ने कहा कि आस्था के नाम पर आपको मस्जिद नही दी जा सकती है। हमने आज भी कहा कल भी कहेंगे। हम वतन से नफरत नहीं करते हैं। इस वतन को बचाने के लिए हमारे बुजुर्गों ने जो अजीम कुर्बानियां दी, उन्हें याद रखते हुए हमें इस वतन को और मजबूत बनाना है। अगर तुम मुसलमान को दबा रहे, तो तुम भारत को कमजोर कर रहे हो। मस्जिद के खिलाफ फैसला आया, तो हमने क्या कोर्ट में जज पर जूता फेंका था?

# जयंत चौधरी ने वर्ल्डस्किल्स एशिया टीम को रवाना किया

नई दिल्ली, वार्ता



■ प्रतियोगिता 27 से 29 तक ताइपे में आयोजित की जाएगी

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी ने वर्ल्ड स्किल्स एशिया प्रतियोगिता 2025 में भाग लेने जा रहे भारतीय टीम को आज रवाना किया। यह प्रतियोगिता 27 से 29 नवम्बर तक चीन के ताइपे में आयोजित की जाएगी।

चौधरी ने कहा कि वर्ल्डस्किल्स एशिया में भाग लेने वाले युवा भारत के 'ग्लोबल स्किल लीडर' बनने की दिशा में एक मजबूत कदम हैं। उन्होंने कहा कि कठोर प्रशिक्षण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन एवं मंत्रालय के सहयोग ने प्रतियोगियों को उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया है। वर्ल्डस्किल्स एशिया 2025 में 40 से अधिक देशों के 500 से अधिक प्रतियोगी 38 कौशल श्रेणियों में हिस्सा लेंगे। भारत की ओर से 23 प्रतियोगी और 21 विशेषज्ञों का दल 21 स्किल कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करेगा। यह दल राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के नेतृत्व में तैयार किया गया है। भारतीय प्रतिभागी डिजिटल एवं आईटी टेक्नोलॉजी, मोबाइल रोबोटिक्स, मेकाट्रॉनिक्स, सीएनसी मिलिंग, वेब डेवलपमेंट, ऑटोमोटिव रिपेयर, फैशन टेक्नोलॉजी, ग्राफिक डिजाइन, ब्यूटी थेरेपी सहित कई प्रमुख और उभरती कौशल श्रेणी में अपनी दक्षता दिखाएंगे।

## डीजीपी ने यूपी के सभी 75 जिलों के कप्तानों को जारी किए निर्देश

# थाना स्तर पर अफसर करें घुसपैठियों की पहचान

शाह टाइम्स ब्यूरो



अगले 15 दिनों में घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन की रिपोर्ट डीजीपी ऑफिस को सौंपी जाएगी

**लखनऊ।** यूपी के सभी 75 जिलों में बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान, वेरिफिकेशन के लिए पुलिस महा. निदेशक की तरफ से निर्देश जारी कर दिया गया है। हर जिले में थाना स्तर पर यह काम युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है। निर्देश के मुताबिक अगले 15 दिनों में घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन की रिपोर्ट डीजीपी ऑफिस को सौंपी जाएगी।

पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त और जिले के कप्तानों को निर्देश दिए हैं कि थाना प्रभारी अपने स्तर से सफाईकर्मियों में से बांग्लादेशी और रोहिंग्या की पहचान करें, जो अरसे से सफाई के काम कर रहे हैं। आदेश में कहा गया है कि दो सप्ताह भर में यह रिपोर्ट मुख्यालय को भेजें, ताकि घुसपैठियों की शिनाख्त की जा सके। पुलिस महानिदेशक के आदेश में बताया गया है कि प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्त और जिला कप्तान अपने-अपने जिलों में थाना स्तर पर नगर निगम, निकाय और नगर पालिका में संविदा, ठेके पर काम कर रहे सभी सफाईकर्मियों का सत्यापन कराएं। उनके सारे दस्तावेजों की जांच करने के साथ ही दो सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय भेजें। इस आदेश के बाद प्रदेश के सभी थानों पर वेरिफिकेशन का काम तेजी से शुरू कर दिया गया है। डीजीपी कार्यालय की तरफ से जारी जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर तंत्र से कुछ गंभीर जानक. ारियां हासिल हुई हैं। इसमें यह बात सामने आई है कि नगर निगम नगरपालिका, निकाय में जो सफाईकर्मी संविदा पर कार्यरत हैं, उसमें से कुछ बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं, वह अपनी आईडी छुपाकर काम कर रहे हैं। यदि वेरिफिकेशन के दौरान घुसपैठिए मिलेंगे, तो उनके साथ संबंधित अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश ने बताया कि सभी जिलों को यह आदेश जारी किया गया है। बांग्लादेशी, रोहिंग्या सभी घुसपैठियों की पहचान और वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। हर थाने और हर पुलिस चौकियों पर रिपोर्ट तैयार कराई जा रही है। पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि नगर निगम, नगर निकाय के अधिकारियों से संपर्क करके यह प्रक्रिया पूरी की जाए, ताकि अवैध रूप से सफाईकर्मी बने घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। इसे लेकर इन घुसपैठियों को संरक्षण देने वाले अफसरों व स्थानीय नेताओं की धड़कनें तेज हो गई हैं।

### एलजी ने कमांडो ट्रेनिंग सेंटर का दौरा किया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को यहां सुंजवान स्थित राज्य पुलिस के कमांडो ट्रेनिंग सेंटर (सीटीसी) का दौरा कर विभिन्न विशेषीकृत मॉड्यूल्स पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पाठ्यक्रमों के दौरान आयोजित गतिविधियों की समीक्षा की। उन्हें प्रशिक्षुओं को दी जा रही परिचालन तैयारियों, विशेष रूप से आतंकवाद-विरोधी और सामरिक प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उपराज्यपाल ने सीटीसी में प्रशिक्षण ले रहे जम्मू- कश्मीर पुलिस के जवानों से भी बातचीत की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षण एवं विशेष अभियान) ने प्रशिक्षण के विभिन्न घटकों तथा केंद्र के प्रस्तावित उन्नयन और बुनियादी ढांचे के विस्तार पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उपराज्यपाल के साथ पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात, विशेष महानिदेशक (समन्वय) एसजेएम गिलानी, पुलिस मुख्यालय जम्मू-कश्मीरद्ध गृह विभाग के प्रधान सचिव चंद्राकर भारती और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी थे।



सेंसेक्स 84900.71
निफ्टी 25959.50



सोना रु. 122744
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 152971
प्रति किलो



# शेयर बाजार: दूसरी बार सेंसेक्स 331 अंक टूटा

मुंबई, वार्ता



■ शुरुआत में बढ़त के साथ दोपहर में लाल निशान पर पहुंचे

घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी दिवस पर गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 331.21 अंक (0.39 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,900.71 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 108.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,959.50 अंक पर आ गया।

दोनों प्रमुख सूचकांकों की शुरुआत आज बढ़त में हुई थी, लेकिन दोपहर बाद बिकवाली बढ़ने से वे लाल निशान में चले गए और फिर उबर नहीं सके। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में गिरावट ज्यादा रही। एनएसई में रियलिटी, धातु, रसायन और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों पर सबसे अधिक दबाव रहा। बड़ी कंपनियों की तुलना में मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.76 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.93 प्रतिशत टूट गया। एनएसई में जिन 3,214 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 2,316 के शेयर गिरावट में और 810 के बढ़त में रहे, जबकि अन्य 88 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार.चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर लाल निशान में और आठ के हरे निशान में बंद हुए। बीईएल में सबसे अधिक 2.98 फीसदी की गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 1. 61 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1. 59, अल्ट्राटेक सीमेंट का 1.18, ट्रेंट का 1.16, बजाज फिनसर्व का 1.14, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1. 10, बजाज फाइनेंस का 1.09 और आईटीसी का 1.03 प्रतिशत टूट गया। एनटीपीसी, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, हिदुस्तान यूनीलिवर, पावरग्रिड और इटरनल के शेयरों में भी गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, अडानी पोर्ट्स और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त में रहे। विदेशों में हांगकांग का हैंगसेंग 1. 97 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.05 प्रतिशत चढ़ा जबकि जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत लुढ़क गया। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.54 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0. 14 प्रतिशत ऊपर था।

# सोने में रही गिरावट चांदी भी फिसली

**नई दिल्ली।** सोमवार को सुबह 10 बजे के आसपास एमसीएक्स में 10 ग्राम सोना 1400 रुपये से ज्यादा गिर चुका है। चांदी में भी आज ताबड़तोड़ गिरावट देखी जा रही है। इसमें अभी 1100 रुपये प्रति किलो से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। सुबह 10.30 बजे के आसपास एमसीएक्स में सोने की कीमत 122,740 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रही है। इसमें 1400 रुपये से ज्यादा का उछाल है। सुबह 10.30 बजे के आसपास 1 किलो चांदी की कीमत 152,971 रुपये चल रही है।

इसमें 1180 रुपये प्रति किलो की गिरावट है। देश के महानगरों पटना में 123,090 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम चल रही थी, जबकि जयपुर में 123,140, कानपुर में 123,200 , लखनऊ में 123,200, भोपाल में 123,300, इंदौर में 123,300 और चंडीगढ़ में 123,170 रुपये थी। आज पटना में सोने का भाव सबसे कम है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 123,090 रुपये चल रही है। वही चांदी भी यहां सबसे कम भाव में मिल रही है। 1 किलो चांदी की कीमत यहां 153,550 रुपये है। इसके साथ ही भोपाल और इंदौर में सोने का भाव सबसे ज्यादा है। यहां 10 ग्राम सोने की कीमत 123,300 रुपये में मिल रही है। वही चांदी भी सबसे महंगी यही है। 1 किलो चांदी की कीमत 153,860 रुपये है।

# कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता के मिलने से खुलेंगे नए अवसर: गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि कनाडा का नवाचार और भारत की क्षमता मिलकर दोनों के लिए नए अवसर पेश करेगी।

गोयल ने यहां भारत-कनाडा व्यापार चैंबर को संबोधित करते हुए कहा कि जरूरी खनिज, खनिज प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने के भारत के प्रयास में कनाडा के साथ सहयोग की काफी गुंजाइश है। भारत के पास कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग, मशीन लर्निंग और अगली पीढ़ी के डाटा सेंटर जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए सबसे तेजी से बढ़ रही मानव क्षमता है। कनाडा और भारत को नैसर्गिक सहयोगी बताते हुए गोयल ने कहा कि दोनों देशों को 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत जरूरी खनिज, हरित ऊर्जा, वैमानिकी, रक्षा और विनिर्माण सहित सहयोग के विशेष क्षेत्रों की पहचान करनी चाहिए। कनाडा का नवाचार और भारतीय क्षमता मिलकर दोनों देशों के लिए बड़े अवसर पैदा कर सकती है। केंद्रीय मंत्री ने



बिज़नेस-टू- बिज़नेस (बी-2-बी) सहयोग को बढ़ाने के लिए सीईओ फोरम (मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के फोरम) को फिर से शुरू करने और भारत के आने वाले एआई सम्मेलन में कनाडा के हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने संयुक्त नवाचार पर जोर देते हुए बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार ने अनुसंधान एवं विकास के लिए 12 अरब डॉलर के फंड की घोषणा की है। उन्होंने जी-20 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच हुई बैठक का जिक्र करते हुए बताया कि दोनों नेता एक बड़े वृहद आर्थिक सहयोग समझौते के लिए बातचीत शुरू करने और 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने पर सहमत हुए।

# अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से तीन दिन का बौद्ध वैश्विक सम्मेलन

**नई दिल्ली।** देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बौद्ध विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से राजधानी के डा. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार से तीन दिन के वैश्विक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भूटान, श्रीलंका, नेपाल , कोरिया, अमेरिका और इंग्लैंड से बौद्ध धर्म अनुयाई हिस्सा लेंगे। आगामी 28 नवम्बर से शुरू होकर 30 नवम्बर तक चलने वाले इस सम्मेलना का आयोजन भारतीय ग्रामीण विरासत एवं विकास न्यास की ओर से किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बॉलीवुड के...**

से एक भावुक पोस्ट शेयर की है। संजय दत्त ने लिखा कुछ लोग सिर्फ आपके जीवन में काम नहीं करते, वे आपके दिल में बस जाते हैं। धरम जी भी उन्हीं में से एक थे। यह एक ऐसा खालीपन है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। शाहरुख खान विले पार्ले श्मशान घाट पहुंचे, उनके साथ मैनेजर पूजा ददलानी भी पहुंचीं।

एक्टर गोविंदा अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे। करण जौहर ने धर्मेंद्र के निधन की पुष्टि करते हुए आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से उन्हें श्रद्धांजलि दी है। करण जौहर ने लिखा,यह एक युग का अंत है, एक विशाल मेगास्टार, मुख्यधारा के सिनेमा में एक सच्चे हीरो की पहचान, अविश्वसनीय रूप से हैंडसम और रहस्यमयी स्क्रीन प्रेजेंस वाले। वह हैं और हमेशा रहेंगे भारतीय सिनेमा के एक सच्चे दिग्गज। सिनेमा के इतिहास के पन्नों में उनका नाम सदैव चमकता रहेगा। पर सबसे बढ़कर, वह एक बेहतरीन इंसान थे। हमारी इंडस्ट्री में हर कोई उनसे बेहिसाब प्यार करता था। उनके दिल में हर किसी के लिए सिर्फ प्यार और सकारात्मकता थी। उनका आशीर्वाद, अद्भुत स्नेह, इन सबकी कमी को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। आज हमारी इंडस्ट्री में एक ऐसा खालीपन है। जिसे कोई भी कभी भर नहीं सकेगा। वह हमेशा के लिए एक और एकमात्र धरमजी रहेंगे। धर्मेन्द्र का जन्म पंजाब के फगवारा में आठ दिसम्बर 1935 को हुआ था। उन्होंने वर्ष 1960 में प्रदर्शित फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। धर्मेन्द्र ने अपने छह दशक लंबे सिने करियर में 250 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था।

**53वें सीजेआई...**

सदस्य होंगे। भले ही जस्टिस कांत का सीजेआई के तौर पर लगभग 14 महीने का कार्यकाल है, कॉलेजियम में सिर्फ एक बदलाव होगा, जब जस्टिस माहेश्वरी 28 जून, 2026 को रिटायर होंगे। जस्टिस पीएस नरसिम्हा कॉलेजियम के सदस्य बनेंगे। सीजेआई कांत के रिटायर होने के बाद, जस्टिस जेबी पारदीवाला कॉलेजियम में शामिल होंगे।

# धर्मेंद्र के निधन पर योगी, अखिलेश और मायावती ने जताया दुख

**लखनऊ।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा दिया है।धर्मेंद्र की मौत की खबर सुनते ही सिनेमा प्रेमियो में शोक कि लहर है। सीएम योगी से लेकर बड़े नेता प्रशसंक धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की है। मथुरा लोकसभा सीट से लगातार दूसरी बार भाजपा की सीट से धर्मेंद्र की पत्नी और अभिनेत्री हेमा मालिनी सांसद हैं।

सीएम योगी ने एक्स पर लिखा कि लोकप्रिय फिल्म अभिनेता श्री धर्मेंद्र जी का निधन अत्यंत दु:खद एवं कला व फिल्म जगत की अपूरणीय क्षति है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति तथा शोकाकुल परिजनों एवं उनके प्रशंसकों को यह अथाह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। अखिलेश यादव ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि सालों साल देश के चित्रपट के आकाश पर चमचमाए धर्मेंद्र जी का ज़मीन से जुड़ा सादगी भरा आकर्षक व्यक्तित्व और उनका सहज अभिनय हमेशा याद किया जाएगा। बसपा सुप्रीमो ने लिखा कि भारतीय फिल्म इण्डस्ट्री की जानी-मानी हस्तियों में से एक दिग्गज अभिनेता श्री धर्मेन्द्र का आज निधन हो जाने की ख़बर अति-दुखद। उनके परिवार वालों के साथ-साथ उनके तमाम चाहने वालों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। कुदरत उन सभी को इस दुख को सहने की शक्ति दे, यही कामना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि हिंदी सिनेमा जगत के सुप्रसिद्ध अभिनेता एवं भारतीय जनता पार्टी से सांसद रहे श्री धर्मेंद्र जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं। धर्मेंद्र जी का निधन सिनेमा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति । ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिजनों एवं उनके समर्थकों को विपदा की इस घड़ी में शक्ति प्रदान करें।

### पंचायती राज मंत्रालय 26 नवम्बर को मनाएगा राष्ट्रव्यापी संविधान दिवस

**नई दिल्ली।** पंचायती राज मंत्रालय ने घोषणा की है कि वह 26 नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर पूरे देश में भव्य और व्यापक कार्यक्रमों का आयोजन करेगा। पंचायती राज मंत्रालय ने आज बताया कि यह राष्ट्रीय अभियान त्रि-स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों में आयोजित किया जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# सीएम जनता दर्शन में योगी ने सुनीं जनता की शिकायतें

## योगी ने डीएम-एसएसपी को दिए सख्त निर्देश, कहा, जिलों में ही सुनवाई हो

### किसी फरियादी को लखनऊ आने की नौबत न पड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में पचास से अधिक फरियादियों की व्यथा स्वयं सुनी।

उन्होंने उपस्थित जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी फरियादी को लखनऊ तक आने की स्थिति पैदा नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प जनसेवा है और इसके लिए प्रशासनिक तंत्र को जिले स्तर पर ही त्वरित, प्रभावी और पारदर्शी



समाधान सुनिश्चित करना होगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री के सामने भूमि विवाद, पुलिस से संबंधित समस्याएं, दबंगों द्वारा कब्जे, राजस्व व पारिवारिक विवाद जैसी विभिन्न शिकायतें रखी गईं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की बात ध्यान से सुनी, उनके आवेदन पत्र अपने हाथों से लिए और संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता को न्याय देना ही प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस दौरान मुख्यमंत्री से मिलने आए छोटे बच्चों को उन्होंने स्नेहपूर्वक चॉकलेट भेंट की और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ऐसे मामलों में विशेष संवेदनशीलता और तत्परता दिखाते हुए परिवारों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार आयोजित किए जा रहे जनता दर्शन कार्यक्रमों में आमजन की उपस्थिति यह दर्शाती है कि शासन से लोगों को त्वरित समाधान की आशा है। मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उनकी सरकार जनता की समस्याओं के निवारण के लिए पूर्णतः समर्पित है और किसी भी शिकायत को बिना समाधान लंबित नहीं रहने दिया जाएगा।

## प्रदेश में मतदाता सूची की तकनीकी जांच हो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने कहा है कि प्रदेश की चार सौ तीन विधानसभा क्षेत्रों के एक लाख बासठ हज़ार चार सौ छियासी मतदान केंद्रों पर पंद्रह करोड़ चवालीस लाख तीस हज़ार बानवे मतदाताओं में से लाखों वैध मतदाताओं को बीएलओ द्वारा बीएलओ ऐप से गलत ढंग से, अवैध तरीके से, तृतीय विकल्प में गणना प्रपत्र सबमिट किए जाने के कारण प्रभावित किया जा रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया कि मतदाता के गणना प्रपत्र पर अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करने पर किसी दूसरे मतदाता का विवरण दिखाई दे रहा है, समाजवादी पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से आग्रह किया है कि समय रहते मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना प्रपत्र के अनुसार बीएलओ ऐप में सुधार करवाया जाए और गणना प्रपत्रों में अंकित गलत क्यूआर कोड को सही कराया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो करोड़ों निर्दोष मतदाताओं को दस्तावेज़ के लिए नोटिस भेजे जाने की जवाबदेही और जिम्मेदारी भारत निर्वाचन आयोग की होगी।

# इंदिरा नगर में भीषण आग

### फायर ब्रिगेड ने दो घंटे में बुझाई लपटें, लाखों का सामान जलकर राख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी में बीते कुछ महीनों से अग्निकांड की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। आए दिन किसी न किसी मकान या प्रतिष्ठान में आग लगने की सूचना मिल रही है। अधिकतर मामलों में ढीले बिजली कनेक्शन और जर्जर वायलरग को मुख्य कारण माना जा रहा है।

बीती रात इंदिरा नगर में भी इसी तरह की घटना सामने आई, जब शकुंतला देवी के मकान में अचानक धुआं उठने लगा। मकान के निचले हिस्से से उठता धुआं देखते ही घरवालों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी। इंदिरा नगर स्थित फायर स्टेशन से टीम मौके पर पहुंची और करीब डेढ़ से दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन मकान के निचले तल में रखा फ्रीज, टीवी, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, बिस्तर, कपड़े और



रसोई का सामान सहित लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग की लपटें तेज होने के कारण घर के लोगों ने पड़ोसी की छत के रास्ते से किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। अग्निशमन कर्मियों ने पहुंचकर खिड़कियां-दरवाजे खोलकर धुआं बाहर निकाला और पाइप बिछाकर लगातार पानी डालते हुए आग को नियंत्रित किया। आग से मकान में भी काफी क्षति पहुंची है। इसके पहले भी बंथरा, चिनहट और अन्य इलाकों में कई मकानों व व्यापारिक प्रतिष्ठानों में आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। इन घटनाओं के बाद अग्निशमन विभाग ने फिर चेतावनी जारी की है कि बिजली कनेक्शन ढीले न छोड़े जाएं, जरूरत न होने पर मुख्य स्विच बंद कर दिया जाए, और पुराने मकानों में जर्जर वायलरग को तुरंत बदलवाया जाए। विभाग का कहना है कि आधुनिक सुरक्षा मानकों के अनुसार फिलटग और वायलरग कराना ही ऐसे हादसों से बचने का सुरक्षित उपाय है।

# योगी सरकार रोजगारमूलक योजनाओं को नई गति दे रही है: राकेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** खादी एवं ग्रामोद्योग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि योगी सरकार द्वारा संचालित रोजगारमूलक योजनाएं प्रदेश के शिल्पियों, उद्यमियों और पारंपरिक कारीगरों के लिए नई ऊर्जा का स्रोत बन रही हैं। सोमवार को खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड मुख्यालय में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उद्यमिता आधारित आलथक सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी जा रही है और लाभालथयों की आय में निरंतर वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है।

मंत्री सचान ने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त प्रत्येक लाभार्थी तक टूलकिट समय पर पहुंचे और प्रशिक्षण की गुणवत्ता का नियमित मूल्यांकन हो। उन्होंने निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से योजना को और अधिक उपयोगी बनाया जाए, ताकि अधिकाधिक पारंपरिक शिल्पियों को लाभ मिल सके। खादी कंबलों की गुणवत्ता, खरीद प्रक्रिया और वितरण की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकारी वितरण में दिए जाने वाले



सभी कंबल निर्धारित हैंडलूम मानकों के अनुरूप हों। जिलाधिकारियों को निर्देश दिया जाए कि वितरण के समय सघन मॉनिटलरग की जाए और बिना मानकों के कंबल सप्लाई करने वाली संस्थाओं के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि खादी के कंबलों को आधुनिक मांग के अनुरूप रूपांतरित कर बड़े स्तर पर वितरण सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना और मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना को और अधिक आकर्षक बनाने के प्रस्ताव शासन को भेजे जा रहे हैं, जिससे प्रदेश में उद्यमिता को नई दिशा मिल सके। इसके साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लक्ष्यों में खादी बोर्ड को बीस प्रतिशत लक्ष्य प्रदान किए जाने का प्रस्ताव भी शासन स्तर पर भेजने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय योजनाओं के निर्णयों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से शासन को भेजी जाए। खादी महोत्सव की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि उपलब्ध खाली स्थानों पर उद्यमियों को स्टॉल प्रदान कर उनके उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के अवसर बढ़ाए जाएं। महोत्सव की नियमित निगरानी कर गतिविधियों को सक्रिय रखा जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हों।

# लूट की घटना का हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** 19 नवंबर 2025 को आवेदक जय प्रकाश सोनी पुत्र रामेश्वर प्रसाद सोनी नि0 ग्राम बड़गांव थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी द्वारा थाना संग्रामपुर पर लिखित तहरीर दी गई कि वह दिनांक 18.11.2025 की शाम लगभग 0530 बजे दुकान बन्द करके घर वापस आ रहे थे कि थरिया मोड़ के पास दो मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों ने उसे रोक कर उसकी मोटरसाइकिल की चाभी निकाल लिया तथा डिग्गी तोड़कर उसमें रखा सामान का थैला निकाल लिये और सिर पर बट से मारकर थैला लेकर भाग गए थे, थैले में सोने चांदी के गहने थे। उक्त सूचना पर थाना संग्रामपुर पर मु0अ0सं0 228/25 धारा 309(6) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीख्रत कर घटना स्थल पर तत्काल पहुंचकर मौका मुआयना करते हुए स्थानीय लोगों से पूछताछ, सीसीटीवी फुटेज व अन्य माध्यमों से साक्ष्य संकलन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा उक्त घटना के शीघ्र अनावरण हेतु संबन्धित को आवश्यक अदेश-निर्देश दिए गए थे।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार लसह के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी अमेठी श्री मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना संग्रामपुर पुलिस व स्वाट/सलवलांस टीम अमेठी द्वारा उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु गंभीरता से जांच की जा रही थी । प्रकरण की गहनता से जांच व साक्ष्य संकलन करते हुए आवेदक जय प्रकाश सोनी एवं उसके पुत्र सौरभ से पूछताछ की गई । पूछताछ में आवेदक व उसके पुत्र द्वारा उक्त घटना का झूठा होना स्वीकार किया गया। आवेदक ने बताया कि उसके साथ कोई लूट व मारपीट की घटना नहीं हुई है । उसकी पत्नी काफी समय से बीमार हैं, इसके अलावा उसने ग्राहकों से काफी कर्ज भी लिया था, जिससे वह परेशान रहता था । इसी कारण उसने अपने पुत्र सौरभ के साथ मिलकर लूट की झूठी सूचना दिया था तथा सर पर मोटरसाइकिल की चाभी से खरोच कर चोट का निशान लगा लिया था । आवेदक द्वारा बताया गया कि उसका सारा सामान घर पर ही रखा है । सभी सामान आवेदक के घर पर तस्दीक किया गया, शत प्रतिशत सामान आवेदक के पास ही पाया गया। थाना संग्रामपुर द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# 19वीं राष्ट्रीय स्काउट-गाइड जंबूरी में राज्यपाल को 30 हजार स्काउट-गाइड ने दी सलामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** डिफेंस एक्सपो ग्राउंड, वृंदावन योजना लखनऊ में चल रही भारत स्काउट्स और गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी सोमवार को भव्यता के साथ चमक उठी, जब उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विश्वस्तरीय स्काउट-गाइड परेड की सलामी ली। लगभग तीस हज़ार स्काउट-गाइड, जिनमें देश-विदेश से आए दल भी शामिल हैं, सुबह से तैयार होकर मैदान में पहुंचे और अनुशासन, एकता और सेवा-भावना का अनूठा प्रदर्शन किया। जंबूरी का यह आयोजन तेईस से उनतीस नवंबर तक चल रहा है, जिसमें लगभग बत्तीस हज़ार प्रतिभागियों और तीन हज़ार स्टाफ के लिए साढ़े तीन हज़ार से अधिक तंबुओं की विशाल टेंट-सिटी बसाई गई है। पूरे परिसर को पैंतीस सेक्टरों में विभाजित किया गया है, जिनके नाम देश की प्रमुख पवित्र नदियों पर रखे गए हैं।

उद्घाटन दिवस पर आयोजित परेड, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और ड्रोन शो ने उपस्थित लोगों को आकर्षित किया। अस्थायी रूप से बनाए गए आउटडोर स्टेडियम में लगभग तीस हज़ार दर्शकों की क्षमता है, जहां स्काउट-गाइड की विविध गतिविधियां निरंतर चलती रहेंगी। कार्यक्रम में जंबूरी अस्पताल




का उद्घाटन भी किया गया, जिसमें सौ बेड की सुविधा के साथ प्राथमिक चिकित्सा, मेडिकल सपोर्ट और स्वास्थ्य निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही रक्तदान शिविर और सेवा-संबंधी प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रही।

जंबूरी का उद्देश्य युवा पीढ़ी में नेतृत्व, अनुशासन, साहस, तकनीकी दक्षता, टीम वर्क और वैश्विक भाईचारे की भावना विकसित करना है। इस वर्ष की थीम विकसित युवा-विकसित भारत रखी गई है, जिसके अंतर्गत प्रतिभागियों को सांस्कृतिक आदान-प्रदान, तकनीकी प्रशिक्षण, शारीरिक कौशल और सामुदायिक सेवा आधारित गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। मलखंब, रज्जु-कौशल, प्राथमिक उपचार, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार एवं तकनीकी वर्कशॉप, अंतरराष्ट्रीय सत्र, देश और सार्क देशों के युवा प्रतिनिधियों के बीच संवाद तथा ग्लोबल विलेज सभी के लिए विशेष आकर्षण बन गए हैं। पूर्व मुख्य सचिव और वर्तमान राज्य प्रमुख आयुक्त प्रभात कुमार ने बताया कि जंबूरी में लगभग दो हज़ार विदेशी प्रतिनिधि भी शामिल हुए हैं, जिससे यह आयोजन वैश्विक स्काउटिंग समुदाय के लिए महत्वपूर्ण मंच बन गया है। कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सांस्कृतिक संध्या में शामिल होंगे, जबकि समापन समारोह उनतीस नवंबर को निर्धारित है। डिफेंस एक्सपो ग्राउंड का यह पूरा क्षेत्र इन दिनों एक लघु-वैश्विक नगर जैसा परिवर्तित हो गया है, जहां युवा विभिन्न राष्ट्रों और संस्ख्रतियों के साथ मिलकर न केवल स्काउटिंग की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं।

# फार्मासिस्ट डाक्टर बन कर रहा मरीजों का इलाज

**सिंहपुर- अमेठी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लसहपुर में आधा दर्जन प्रशिक्षित चिकित्सक होने के बावजूद भी फार्मासिस्ट डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ करते दिखाई दे रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लसहपुर में स्वास्थ्य विभाग के सारे नियम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए डाक्टरों की जगह फार्मासिस्ट महेंद्र प्रताप लसह मरीजों का उपचार कर रहे हैं।

यही नही आरोप यह भी है कि फार्मासिस्ट द्वारा धड़ल्ले से मरीजों को बाहर से दवाईयां भी लिखी जाती है जिस पर इन्हें अच्छा-खासा कमीशन मिलता है। जबकि फार्मासिस्टों का मुख्य कार्य डॉक्टरों की लिखी पर्ची पर मरीजों को दवा वितरण करना होता है। इससे पूर्व में भी अस्पताल में फार्मासिस्टों द्वारा ओपीडी करते हुए मामला दैनिक अख़बारों में प्रकाशित हो चुका है। लेकिन यहां पर इसका कोई भी असर देखने को नही मिल रहा है। लापरवाही की हद तो तब देखने को मिली जब अस्पताल के मुख्य द्वार पर दवा काउंटर के सामने जहां मरीजों को खड़े होकर दवाएं लेनी होती है वही पर एक आवारा कुत्ता आराम फरमाता मिला जबकि अभी हाल ही में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में सार्वजनिक जगहों सहित अस्पतालों में भी विशेष रूप से कुत्तों का प्रवेश वलजत बताया है।

# डीएम ने तहसील अमेठी में चल रहे डिजिटलाइजेशन कार्य का किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमेठी।** जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत आज तहसील अमेठी सभागार में चल रहे डिजिटलाइज्ड कार्यक्रम का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों व तकनीकी सहायकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र अमेठी प्राथमिक विद्यालय कोहरा में पुनरीक्षण कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उप जिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह



मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोहरा में प्रपत्र वितरण, एकत्रीकरण तथा डिजिटलाइज्ड किए जाने की समीक्षा की जिसकी असंतोष जनक प्रगति प्राप्त हुई जिसपर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी अमेठी बृजेश लसह को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के साथ ही ग्राम सभा कोहरा ग्राम पंचायत अधिकारी कीलत लसह, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी व बीएलओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरवाइजर/लेखपाल को चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए। जिसके क्रम में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार लसह द्वारा खंड विकास अधिकारी को विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि देते हुए विकासखंड अमेठी के एसआईआर कार्यों को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से प्रगति सुनिश्चित करने हेतु प्रवीण कुमार खंड विकास अधिकारी को विशेष प्रभार सौंपा है।

# धर्मेन्द्र के निधन पर मायावती ने व्यक्त की गहरी शोक-संवेदना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। अपने मिलनसार, हमदर्द और खुशमिज़ाज स्वभाव के कारण फिल्म जगत में विशेष पहचान रखने वाले धर्मेन्द्र ने दशकों तक हिन्दी सिनेमा पर राज किया और लाखों प्रशंसकों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी।

पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि धर्मेन्द्र ने अपने लंबे फिल्मी सफर में न सिर्फ बेहतरीन अभिनय से लोगों का दिल जीता, बल्कि अपने सरल व सौम्य व्यवहार से सभी को प्रभावित किया। मायावती ने उनके परिवारजनों तथा चाहने वालों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से सभी को इस दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की है।फिल्म जगत के कलाकारों, निर्देशकों और देशभर के दर्शकों ने भी धर्मेन्द्र के निधन को भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी क्षति बताया है। उनके गुजर जाने से एक ऐसा युग समाप्त हो गया, जिसने हिन्दी फिल्मों को नई दिशा और नई पहचान दी। अभिनेता के सम्मान में कई स्थानों पर लोगों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# हैण्डबाल प्रतियोगिता के समापन में विजेता व उपविजेता को अंबेडकर स्टेडियम में पुरस्कार वितरित

**अमेठी।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी मो0 मोसर्रफ खॉ ने बताया कि वर्ष 2025-26 में आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय सबजूनियर बालक हैण्डबाल प्रतियोगिता के चतुर्थ दिवस को प्रतियोगिता समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष भाजपा सुधांशू शुक्ला, विशिष्ट अतिथि उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद व मो0 मोसर्रफ खॉ, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला विंग (यूथ कांउसिल ऑफ इण्डिया) पारूल सुनील वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष यूथ कांउसिल ऑफ इण्डिया ज्योति शुक्ला, क्रीड़ाधिकारी सुल्तानपुर राजेश सोनकर, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विशु मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य अमेठी मुकेश यादव, चिकित्सक अमेठी डॉ0 संजय कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि उक्त



आयोजित प्रतियोगिता के समापन पर विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों एवं मैनेजरों तथा आफिसरों को पुरस्कार वितरित किया गया। उक्त प्रतियोगिता के दौरान आज खेले गए सेमीफाइनल व फाइनल खेल दो टीमों (टीम-ए तथा टीम-बी) के बीच खेला गया जिसके अन्तर्गत प्रथम सेमीफाइनल मैच में अमेठी छात्रावास ने 25-21 से विन्ध्याचल मण्डल को पराजित एवं द्वितीय सेमीफाइनल मैच में लखनऊ मण्डल ने 22-15 से वाराणसी मण्डल को पराजित तथा फाइनल मैच में लखनऊ मण्डल ने 14-10 से अमेठी छात्रावास को हराकर विजेता रही।

उन्होंने बताया कि इस दौरान अन्तर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक मो0 तौहिद खॉ, पूर्व भारतीय हैण्डबाल विशेष प्रशिक्षण शिविर चयनित खिलाड़ी मो0 सिराज, जीवन रक्षक राम आसरे यादव, कनिष्ठ सहायक शिव कुमार मौर्य, अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी/प्रशिक्षक सचिन भारद्वाज, मो0 आरिफ, मो0 नदीम, लवली तिवारी, आरती लसह सहित जिला खेल कार्यालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महोली में बीएलओ की लापरवाही उजागर, मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** महोली तहसील क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान में बीएलओ की लापरवाही के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। नगर और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में शिकायतें मिली हैं कि कई बीएलओ न तो बूथों पर मौजूद रह रहे हैं और न ही घर-घर जाकर एसआईआर फार्म वितरित कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष रमेश चंद्र शुक्ला ने इस संबंध में तहसीलदार से लिखित शिकायत की है।

शिकायत में कहा गया है कि नगर पंचायत के मोहल्ला आजाद नगर (कैथा) में बीएलओ द्वारा घर-घर फार्म नहीं बांटे गए। स्थानीय निवासी संजीव, शांति देवी और गुंजन अवस्थी ने पुष्टि की कि उन्हें अभी तक फार्म नहीं मिले। इसी प्रकार कस्बे के वार्डख्रमिल कॉलोनी प्रथम, द्वितीय और तृतीय में भी अधिकांश घरों तक फार्म नहीं पहुंचे हैं।

अवस्थी टोला के राजेश चौरसिया ने बताया कि उनके क्षेत्र की बीएलओ पूनम देवी ने भी उनके घर और आसपास के घरों में फार्म वितरित नहीं किए। मिल कॉलोनी पश्चिमी के निवासी विपिन दीक्षित ने बताया कि उनके घर में 14 मतदाता हैं, लेकिन सिर्फ चार लोगों को ही फार्म दिए गए हैं। रमेश शुक्ला ने यह भी आरोप लगाया कि पसनैका गांव के बूथ संख्या 94 और हथिया मल्लपुर गांव के बूथ संख्या 90 पर बीएलओ भरे हुए फार्म जमा करते समय मतदाताओं को रसीद नहीं दे रहे। कुछ स्थानों पर बीएलओ केवल एक फार्म देकर बाद में रसीद देने की बात कह रहे हैं, जो नियमों के विरुद्ध है। इसी संबंध में उन्होंने रविवार को तहसीलदार को शिकायती पत्र सौंपा। तहसीलदार अंकुर यादव ने बताया कि कुछ बीएलओ भ्रम की स्थिति में हैं, जिन्हें निर्देशित किया जा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जहां भी समस्याएं मिल रही हैं, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाएगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रंग रेखाओं से सजी रचनाओं ने जीता दिल



## वाईएमएस में कला आचार्य प्रदर्शनी सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** वाई.एम.एस. पी.जी. कॉलेज में तीन दिन से चल रही कला आचार्य प्रदर्शनी रविवार को समापन के साथ कला प्रेमियों के नाम यादगार लम्हे छोड़ गई। राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश व क्रिएटिव आर्टिस्ट सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी में क्षेत्रीय प्रतिभाओं की अद्भुत रचनाएं दर्शकों का ध्यान खींचती रहीं। अंतिम दिन अलीगढ़ से आए चित्रकार मुकेश कुमार और हसनपुर के डॉ. मनोज कुमार ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। दोनों अतिथि कलाकारों ने पवन कुमार लखटकिया, डॉ. आशीष कुमार सिंह, सीमा मैहरा, दिवाकर आर्य, डॉ. रिचा शर्मा, सतीश कुमार और प्रदीप कुमार की कृतियों की जमकर सराहना की। प्रदर्शनी के संयोजक डॉ. सोहन सिंह ने आगंतुक कलाकारों का फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदर्शित कृतियों में डॉ. आशीष कुमार और विनोद कुमार की कलाकृतियां खास आकर्षण का केंद्र बनी रहीं, जिन्हें देखने के लिए दर्शकों की अच्छी खासी भीड़ जुटी। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने दोनों शिक्षक कलाकारों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कला के रंगों से सजी यह प्रदर्शनी तीन दिनों तक नगर के कला प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बनी रही।

# सैदनगली में श्मशान घाट बना गंदगी का अम्बार

## नालों का पानी शमशान में छोड़ने से लोगों में पनप रहा आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** नगर पंचायत सैद नगली के वार्ड 6 शनिदेव में स्थित पिछले कई दशकों से पानी की टंकी के पास श्मशान घाट बना हुआ है पूर्व में ग्राम पंचायत निधि द्वारा समय -समय पर साफ सफाई सुंदरीकरण आदि कार्य होते रहते थे। परंतु नगर पंचायत सैद नगली ने साफ सफाई वे सुंदरीकरण की बात तो दूर उसमें क्षेत्रीय नालों का पानी मोड़ दिया गया है जिससे श्मशान घाट तालाब बन गया है।

स्थानीय लोगों का कहना कि जब से सैद नगली नगर पंचायत बनी है जब से बच्चों के श्मशान घाट पर कोई साफ सफाई या सुंदरीकरण नहीं कराया गया है और तो ओर नगर पंचायत द्वारा श्मशान घाट की ओर नालों का पानी मोड़ दिया है जिससे गंदे पानी से श्मशान घाट तालाब की तरह लपालप भरा हुआ है झाड़ी झुंड से ढक चुका हैं चारों तरफ गंदगी के अंबार लगे हुए जिससे किसी नवजात या नाबालिग बच्चे की मृत्यु उपरांत दफनाया जाता है तो काफी दिक्कत झेलनी पड़ती हैं नगर पंचायत सैद नगली द्वारा क्षेत्र के नालों का पानी शमशान घाट में मोड़ने से लोगो में भारी आक्रोश है स्थानीय निवासी राजपाल सैनी ने बताया कि



नगर पंचायत सैद नगली की यह घोर लापरवाही है जिससे हिंदू समाज का अपमान हो रहा है हिंदु समाज के लोग पिछले कई दशकों से मृत बच्चों को दफनाया जाता रहा है जिससे शमशान घाट में स्थानीय नालों का गंदा पानी छोड़ना बहुत निंदनीय घटना है इसे नगर पंचायत द्वारा अपनी गलती मानते हुए समस्या का समाधान करना चाहिए और नालों का पानी रोकना चाहिए। स्थानीय लोगों कहना है कि अगर जल्द ही श्मशान घाट में से नालो का पानी नहीं रोका गया तो उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की जाएगी



अधिशासी अधिकारी सलिल भारद्वाज का कहना है कि एस आई आर फॉर्म भरने के कारण समय नहीं मिल पा रहा है अगर ऐसा है तो जांच की जाएगी उन्होंने बताया यह शमशान घाट नहीं है तालाब है



दीपक कुमार का कहना है कि हिंदू समाज के लोग दशकों से श्मशान घाट जाते रहे है बच्चों का श्मशान घाट है और पूर्व में इसमें साफ सफाई होती रहती थी परंतु वर्तमान में इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसका सुंदरीकरण होना जरूरी है।



स्थानीय नागरिक अरुण कुमार ने बताया कि यह लोगों की जन समस्या है श्मशान घाट का मुख्य रास्ता भी खुला हुआ नहीं है इसे सुचारू रूप से खोला जाए और शमशान घाट का सुंद. रीकरण कराया जाए स्थानीय नागरिकों को श्मशान घाट जाते समय काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

# किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट पांच लाख हो

## समस्याओं को लेकर भाकियू ने धरना दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन शंकर द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। यह धरना चौधरी अमीपाल सिंह की अध्यक्षता और नेतराम सैनी के संचालन में शुरू हुआ है। धरना स्थल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने किसानों को संबोधित किया। बाद में, किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक मांग पत्र उपजिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी को सौंपकर धरना समाप्त किया।

उन्होंने कहा कि हसनपुर, गुलडिया, अमरोहा और नौगांवा सादात में नव-निर्मित तहसील भवनों में उप निबंधक कार्यालयों का निर्माण किया जाये। ताकि किसानों को सुविधा हो। तहसील भवन के आवासीय मार्ग की ओर भी एक गेट बनाया जाये और चकबंदी में व्याप्त भ्रष्टाचार को तत्काल समाप्त किया जाये। मध्य गंगा नहर फेस टू का अधूरा कार्य पूर्ण हो और नहर में पानी 6 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से चलाया जाये। जिला सहकारी बैंकों में 1 लाख के ऋण पर 10 हजार शेयर जमा कराया जाता है। इसलिए ब्याज की गणना बैंक द्वारा दिए गये धन 90 हजार पर ही की जाए। किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की लिमिट तत्काल 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख की जाए। इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।



# आजमपुर में लगा पशु आरोग्य शिविर

## विधायक ने किया शुभारंभ, 551 का उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** विकास खंड के ग्राम झुंडपुरा आजमपुर में सोमवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भाजपा विधायक राजीव तरारा ने फीता काटकर किया। ग्रामीणों की भारी भीड़ और पशुपाल. कों की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बना दिया।

विधायक राजीव तरारा ने ग्रामीणों से सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आवाहन किया। उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में पशुधन संरक्षण व संवर्धन की



दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर देर शाम तक चला और बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए। डॉ. शिवानी ने पशुपालकों को थनैला बीमारी और उसके बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी, जबकि डिप्टी सीईओ ने विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे पशुधन विकास, अनुदान योजनाएं और बीमा योजनाओंख्रकी जानकारी देते हुए किसानों को इनका अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। शि. विर में कुल 551 पशुओं का पंजीकरण व उपचार किया गया। विशेषज्ञ टीम द्वारा पशुओं की जांच, उपचार, टीकाकरण तथा रोगों की रोकथाम संबंधी सलाह दी गई। शि. विर का संचालन डॉ. भागेश ने किया। इस दौरान जिला महामंत्री पूरन सैनी, मंडल अध्यक्ष कपिल भड़ाना, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक्षी, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवानी, डॉ. भागेश सिंह, पशुधन प्रसार अधिकारी दिग्विजय सिंह, ग्राम प्रधान गंगा शरण तथा विभिन्न गांवों के पशु मित्र मौजूद रहे।

# पांच पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज

## कैंटीन पर हंगामा और मारपीट का मामला, निलंबन के बाद अब कोर्ट ने दर्ज कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** रजबपुर स्थित मेडिकल कॉलेज के पास कैंटीन संचालक परिवार के साथ हुई मारपीट के मामले में नया मोड़ आ गया है। वायरल वीडियो और जांच रिपोर्ट के बाद सीजेएम कोर्ट ने नशे में धुत बताए जा रहे पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं। मामले में दो सिपाही पहले ही निलंबित हो चुके हैं जबकि तीन को लाइन हाजिर किया गया था।

घटना आठ अगस्त की रात की थी। थाना क्षेत्र के गांव शकरपुर समसपुर के रहने वाले शम्शुद्दीन हाईवे पर एक मेडिकल कॉलेज के पास अपनी कैंटीन चलाते हैं। उनके बेटे शाकिब व शहादत भी अपनी-अपनी शिफ्ट में कैंटीन पर बैठते हैं। रात में करीब 11 बजे एक कार उनकी कैंटीन पर आकर रुकी। जिसमें पांच लोग सवार थे जो बुरी तरह नशे में थे। खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले इन लोगों ने किसी बात को लेकर हुई कहा. सुनी में शम्शुद्दीन और उनके बेटे शाकिब की बेरहमी से पिटाई की थी। इस बीच शहादत ने मोबाइल से उनका वीडियो बनाना शुरू किया था तो उसे भी दौड़ाकर पीटा गया था। करीब 15 मिनट तक कैंटीन पर हंगामा चलता रहा था। जिसका वीडियो अगले दिन सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया था। सदर विधायक महबूब अली ने भी पुलिस कर्मियों की इस हरकत को लेकर एसपी अमित कुमार आनंद से शिकायत की थी। जांच में पुलिसकर्मियों की तस्दीक हो गई थी जिनकी तैनाती उस वक्त रजबपुर थाने में थी। एसपी ने मामले में सिपाही राहुल भाटी और विजय को निलंबित कर दिया था जबकि थाने के एसएसआई आकाश कुमार, सिपाही राहुल राणा और दीपक तोमर को लाइन हाजिर किया गया था। वहीं, शम्शुद्दीन के बेटे शाकिब ने इस मामले में कोर्ट की शरण ली थी। मामले में सीजेएम कोर्ट ने सीओ सिटी से मामले की जांच रिपोर्ट तलब की थी। जिसके आधार पर कोर्ट ने दरोगा आकाश कुमार, सिपाही राहुल राणा, राहुल भाटी, विजय और दीपक तोमर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया है। सीओ सिटी अभिषेक यादव ने बताया कि मामले में जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बयान बदलने पर पिता को एक माह की सजा

## पहले बेटी के साथ दुष्कर्म का बयान, बाद में पलटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** बेटी के साथ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराकर बाद में अपने ही बयान से पलटने वाले पिता को कोर्ट ने एक महीना कारावास की सजा सुनाई। इतना ही नहीं कोर्ट ने दोषी पर 50 हजार का अर्थदंड भी लगाया। ट्रायल के दौरान गवाही देते समय पिता ने बेटी के साथ हुई दुष्कर्म की घटना को नकार झूठा मुकदमा दर्ज कराना स्वीकार कर लिया था।

मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव से संबंधित था। यहां पर अनुसूचित जाति वर्ग के एक किसान का परिवार रहता है। उन्होंने गांव के ही रहने वाले एक युवक के खिलाफ रात के समय अपनी नाबालिग बेटी को घर के पीछे प्राथमिक स्कूल परिसर में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरा. ेप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में बताया था कि एक अज्ञात युवक मौके पर स्कूटी लेकर खड़ा हुआ था।

बेटी के शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे किसान को देखकर जिंकल मान भाग गया था। मामले में किसान की तहरीर पर पुलिस ने जिंकल मान के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट व एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

बाद में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में पुलिस ने जिंकल मान के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की कोर्ट में विच. ाराधीन थी। ट्रायल के दौरान बेटी के साथ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराने वाले पिता ने अपनी गवाही में घटना होने से ही इनकार कर दिया। साथ में झूठा मुकदमा दर्ज कराना भी स्वीकार कर लिया।

अंतिम सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पत्रावली व साक्ष्यों का गहन अवलोकन किया। झूठा मुकदमा दर्ज कराने वाले पिता को धारा 22 (पॉक्सो) के तहत मिथ्या सूचना देने का दोषी पाया। एक महीना कारावास की सजा सुनाई तथा 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# 28 लेखपालों के वेतन पर लगाई रोक

## एसआईआर कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** तहसील धनौरा में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर अभियान में लापरवाही बरतने वालों पर प्रशासन का शिकंजा कस गया है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कार्रवाई करते हुए 28 लेखपालों का एक दिन का वेतन रोकने के आदेश जारी किए। वहीं एक शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए विभाग को पत्र भी भेजा गया है।

अभियान की प्रगति की समीक्षा के दौरान एसडीएम को कई स्थानों पर गणना प्रपत्रों में देरी और फील्ड वर्क में लापरवाही की शिकायतें मिलीं। तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्रवाई करते हुए एसडीएम ने चेता. वनी दी कि आगे भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा एसआईआर अभियान बेहद महत्वपूर्ण है। निर्वाचन संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिन कर्मचारियों ने समयबद्ध कार्यों में कोताही बरती है, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। आगे भी जिम्मेदारियों में लापरवाही पाई गई तो और भी कठोर कदम उठाए जाएंगे। प्रशासन की इस कार्यवाही के बाद विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि एसडीएम ने साफ किया है कि लक्ष्य समय पर पूरा कराने के लिए हर स्तर पर सख्ती जारी रहेगी।

# नुक्कड़ नाटक से दी यातायात नियमों की सीख

## दून ग्लोबल एकेडमी में यातायात माह के तहत कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली।** दून ग्लोबल एकेडमी, ग्राम राजपुर (थाना सैदनगली) में यातायात माह के अंतर्गत छात्रों ने जोरदार तरीके से लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी। स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हेलमेट पहनने, जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने, ओवर स्पीड न करने, सीट बेल्ट लगाने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों को आमजन तक पहुंचाया।

नाटक में छात्रों ने सड़क दुर्घटनाओं के दर्दनाक दृश्यों को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया, जिसे देखकर वहां मौजूद ग्रामीण और राहगीर गंभीर हो गए। नाटक के जरिए यह संद. ेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि यातायात



नियमों का पालन न केवल कानूनी दायित्व है, बल्कि हमारी और दूसरों की जिंदगी बचाने का सबसे आसान तरीका भी है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी बनते हैं। इस कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ, अभिभावक और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे। यातायात माह के तहत यह आयोजन क्षेत्र में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हुआ।

# व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण को व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया द्वारा व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट पीलीभीतए एसडीएम सदरए क्षेत्राधिकारी यातायात ए ईओ नगर पालि. का सहित जनपद के व्यापार मंडल ाम पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में व्यापारियों की सुरक्षाए यातायात व्यवस्थाए बिजली आपूर्ति तथा नगर क्षेत्र की स्वच्छता वअन्य समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा बताया गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करेंगे।

# कैम्प में पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से वार्ता कर उनकी शंकाओं का किया समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने सोमवार को एसआईआर के कार्य के सम्बन्ध में नगर पालि. का बीसलपुर एवं नगर पंचायत बरखेडा के चेयरमैन एवं सभासदों के साथ नगर पालिका व नगर पंचायत कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला. धिकारी ने नगर पालिका बीसलपुर एवं नगर पंचायत कार्यालय बरखेडा में उपस्थित चेयरमैन एवं सभासदों से घर. घर जाकर किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरणध्जमा की जानक. ारी ली और अभियान को प्रभावी रूप से संचालित करने हेतु सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता तक गणना प्रपत्र अवश्य पहुंचे ताकि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता का वोट अलग अलग स्थानों पर है तो वह एक स्थान का गणना प्रपत्र भरे। जिनका नाम 2003 व 2025 दोनों की सूची में नहीं है वह 9 तारीख के बाद फार्म.6 भरकर प्रमाण के साथ जमा कर देंए जिससे कि उनका नाम सूची में शामिल किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि इस विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को सटीकए त्रुटिरहित और अद्यतन बनाना हैए जिससे कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल न होने पाए। इसके साथ जिला निर्वाचन अधिकारी नगर पंचायत बरखेडा क्षेत्र के अन्तर्गत पं देवदत्त शर्मा जनता इंटर कॉलेज में एसआईआर के तहत किए जा रहे कार्यों के लिए बनाए गए कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने कैम्प पर उपस्थित मतदाताओं से वार्ता की और की शंकाओं का समाधान किया। बैठक में उप जिलाधिकारी बीसलपुरए नगर पालिका अध्यक्षए नगर पंचायत अध्यक्ष बरखेड़ा एवं

# वन्य जीवों के प्रति बढ़ते अपराध को रोकने के लिए चलाया गहन खोजबीन अभियान

**पीलीभीत।** सामाजिक वन विभाग ने वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया टीमए ग्राम प्रधानोंए ग्रामवासियों ए प्राइमरी रिस्पांस टीमए बाघ मित्रए एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के स्टाफ के सहयोग से बीसलपुर के बरखेड़ा में वन्य जीवो के प्रति बढ़ते अपराध को रोकने के लिए गहन खोजबीन शुरू कर दी है। प्रभागीय वनाधिकारी पीलीभीत ने रेंज अधिकारी एवं स्टाफए स्थानीय निकायों के साथ मिलकर रेंज के अति संवेदनशील बीट्स और जल निकायों के आस पास एंटी.स्नेयर वॉक ;ĩद्ध और एंटी.इलेक्ट्रोक्यूशन ड्राइव ;।म्क्द्ध प्रारंभ किया गया। टीम क्षेत्र में पाए जाने वाले सभी प्रकार के स्नेरए कुड़काए जाल और उपकरणों को खोजनेए पुनः प्राप्त करने और नष्ट करने में विशेष रूप से प्रशिक्षित हैएखासतौर पर खुदके की खोज के लिए मेटल डिटेक्टर का भी उपयोग किया जा रहा है। गहन खोजबीन के लिए दुधवा नेशन पार्क और कालागढ़ टाइगर रिजर्वए उत्तराखंड से प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड को बुलाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

# धूमधाम से मनाया गया बिरला ओपन माइंड्स प्रीस्कूल का द्वितीय स्थापना दिवस

**पीलीभीत।** बिरला ओपन माइंड्स प्रीस्कूलए दूसरा स्थापना दिवस सॉलिटेयर रिसॉर्ट में बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस वार्षिक उत्सव में विद्यालय परिवारए अभिभावकगण तथा अतिथियों ने मिलकर बच्चों की प्रतिभा का उत्सव मनाया। इस अवसर पर श्रीमती निर्मला गुप्ता ए निदेशक अंकुर गुप्ताए सेंटर हेड आकांशा अग्रवाल एवं शिक्षिकाओं ने मिलकर मुख्य अतिथि श्रीमती संतोष सचदेवा ;पूर्व प्राचार्यए विशिष्ट अतिथि राधारमण अग्रवाल ;एडवोकेटद्धए विशेष अतिथि डॉण् आशीष अनुरागी का हार्दिक स्वागत किया। इस अवसर पर दिलीप अग्रवाल ;गुड्डू द्धए डॉण् अश्विनी सचद. ेवाए राजीव अग्रवालए नवीन अग्रवालए सुनील गुप्ताएडॉण् अंकित अग्रवाल एवं डॉण् मुक. ेश मिश्रा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके पश्चात प्री. नर्सरी क्लास के नन्हे.मुन्ने बच्चों ने डांस प्रस्तुत किया।

# ट्रेनिंग के लिए लखनऊ गई शिक्षिका की मौत

## फातिमा गर्ल्स इंटर कालेज में तैनात थीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** स्काउट की ट्रेनिंग के लिए लखनऊ गयी महिला शिक्षिका की हार्टअटैक से मौत हो गयी। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। परिजन सुबह ही लखनऊ के लिए रवाना हो गये। उनका पार्थिक शरीर देर रात तक घर पहुंचने की संभावना थी।

बताते चलें कि नगर के बिजनौर रोड की रहने वाली उषा चौहान फात्मा गर्ल्स इंटर कालेज नौगांवा सादात में शिक्षिका थी। जबकि उनका बेटा मुकुल चौहान गंगेश्वरी ब्लाक के जेबड़ा विद्यालय में शिक्षक के पद पर तैनात हैं। उषा चौहान कालेज की ओर से लखनऊ में आयोजित स्काउट-गाइड के जम्बू कैम्प में गयी थी। आज सुबह चार बजे अचानक उनकी तबीयत खराब हुई। जिस पर उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। परन्तु उनकी हालत में सुधार नहीं हुई तथा उनकी मौत हो गयी।



उनके पति रणवीर चौहान अमरोहा तहसील में वकील थे उनका पूर्व में भी निधन हो चुका है। जबकि उनकी पुत्रवधु अमरोहा तहसील में लेखपाल है जबकि बेटी नेहा राजपूत मुरादाबाद सदर तहसील में लेखपाल है। मौत का समाचार प्राप्त होते ही परिजन उनका शव लेने के लिए लखनऊ रवाना हो गये। मृतका शिक्षिका के देवर अशोक चौहान एडवोकेट ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर देर रात उनके मोतीनगर स्थित आवास पर पहुंचने की संभावना है। उनकी मौत से घर में कोहराम मच गया।

# 4.64 करोड़ से निखरेगा 101 वर्ष पुराना रविदास मंदिर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अलीगंज स्थित प्राचीन रविदास मंदिर को निखारने का 4.64 करोड़ रुपये की स्वीकृत योजना के तहत आरंभ हो चुका है।

सौंदर्यीकरण, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण और आधुनिक सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से पूरे परिसर को नया स्वरूप दिया जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को बताया प्रदेश का पर्यटन विभाग राजधानी लखनऊ में धार्मिक पर्यटन को गति देने के उद्देश्य से धार्मिक स्थलों के समग्र विकास पर तेजी से कार्य कर रहा है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और मंदिर के स्थानीय महत्व को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत सड़क मरम्मत, पेयजल सुविधा, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं के बैठने के लिए बेंच तथा परिसर के जर्जर हिस्सों के पुनरुद्धार जैसी प्रमुख गतिविधियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि भक्तों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर अनुभव उपलब्ध कराया जा सके। अलीगंज स्थित रविदास मंदिर राजधानी के प्राचीन धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। मंदिर के मुख्य द्वार पर अंकित स्थापना वर्ष 1924 इस बात का प्रमाण है कि यह धरोहर 101 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। यह स्थान लंबे समय से स्थानीय समुदाय के धार्मिक, सामा. जिक एवं सांस्कृतिक जीवन का केंद्र रहा है। परिसर में स्थित तीन प्राचीन समाधियों में से एक मंदिर निर्माण से भी पूर्व की बताई जाती है, जबकि अन्य दो समाधियां बाबा लीलादास और बाबा टिकाईदास से संबंधित हैं, जिन्होंने वर्षों तक यहां सेवाएं दीं। स्थानीय समुदाय का मंदिर से गहरा भावनात्मक जुड़ाव रहा है। मंदिर के बाहर वर्षों से जूते-चप्पल की मरम्मत का कार्य करने वाले नौमी लाल बताते हैं कि उनके पिता भी यहीं कार्य किया करते थे। वहीं मिष्ठान विक्रेता भोलानाथ के अनुसार उनके बाबा ने 1931 में यहां दुकान लगानी शुरू की थी। संत रविदास जयंती के अवसर पर यहां हर वर्ष बड़े पैमाने पर आयोजन होते हैं, जिनमें स्थानीय लोग सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। व्यापारियों का मानना है कि सौंदर्यीकरण से श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी और स्थानीय व्यापार को भी लाभ मिलेगा।



# आईआईटी बीएचयू चयनित टेक स्टार्टअप्स व शोध परियोजनाओं को देगा पांच करोड़ का अनुदान

**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) चयनित टेक स्टार्टअप्स और शोध परियोजनाओं को लगभग पांच करोड़ रुपये की अनुदान देगा। संस्थान यह अनुदान अपने आई-डीएपीटी हब फाउंडेशन के माध्यम से देगा। यह वित्तीय सहायता कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, दूरसंचार, ऊर्जा, शिक्षा, वित्त और ड्रोन तकनीक जैसे प्रमुख क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने तथा व्यावसायिक रूप से उपयोगी नई प्रौद्योगिकियों के विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदान की जा रही है।

इस पहल से पूर्वांचल सहित पूरे क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती मिलेगी। हब के परियोजना निदेशक प्रो- आर-एस- सिंह ने बताया कि जुलाई 2025 में शुरू किए गए स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम के तहत देशभर से 136 आवेदन प्राप्त हुए थे। कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 22 स्टार्टअप्स का चयन किया गया। इसी तरह आई-डीएपीटी वेबसाइट पर जारी 'कॉल फॉर रिसर्च प्रपोजल' के तहत आए 21 आवेदनों में से 12 शोध परियोजनाएं चुनी गईं। इन चयनित 22 स्टार्टअप्स और 12 शोध परियोजनाओं को मिलाकर कुल लगभग पांच करोड़ रुपये की अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि नवप्रवर्तकों और शोधकर्ताओं के लिए 'कॉल फॉर रिसर्च प्रपोजल' तथा चाणक्य फेलोशिप के तहत आवेदन प्रक्रिया खुली है।

साथ ही, 12 नवम्बर से शुरू नए कोहोर्ट में प्रत्येक योग्य स्टार्टअप को अब एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता देने की सीमा निर्धारित की गई है। आईआईटी बीएचयू के निदेशक प्रो-अमित पात्रा ने कहा कि आई-डीएपीटी हब फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य 'मेक इन इंडिया', 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे राष्ट्रीय अभियानों के अनुरूप एक सशक्त नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है। आई-डीएपीटी हब फाउंडेशन ने डा. एकता कपूर, सुश्री रजनी कुशवाहा तथा एनएम-आईसीपीएस, डीएसटी टीम के सतत मार्गदर्शन और सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया है। यह फाउंडेशन राष्ट्रीय मिशन ऑन इंटरडिसिप्लिनरी साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (एनएम-आईसीपीएस), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्तपोषित है।

## हिरासत से भागे युवक का शव तालाब में मिला, उप निरीक्षक निलंबित

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने पुलिस हिरासत से भागे युवक का शव तालाब में मिलने के मामले में उप निरीक्षक को रविवार की देर शाम निलंबित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत अभियुक्त सूर्यभान नाबालिक को बहला-फुसलाकर भाग ले जाने के बाद स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया था और किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया था। मामले में थाना ज्ञानपुर पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त सूर्यभान से पूछताछ की जा रही थी। इस दौरान उप निरीक्षक अजीत श्रीवास्तव लापरवाही बरती और सूर्यभान थाना परिसर से बाहर चला गया। रविवार को उसका शव एक तालाब में मिला।

# मोदी राममंदिर में ध्वजारोहण कर निर्माण कार्य पूर्ण होने की घोषणा करेंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राममंदिर ध्वजारोहण समारोह में रामविवाह के पावन अवसर पर मंगलवार को अयोध्या के महर्षि बाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विशेष विमान से उतरेंगे और रामनगरी अयोध्या में ध्वजारोहण के साथ श्री मोदी राममंदिर निर्माण के पूर्ण होने की घोषणा करेंगे।

श्री मोदी यहां साढ़े चार घंटे रहेंगे। इसके बाद श्री मोदी अपरा]न एक बज कर 55 मिनट पर यहां से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के कर कमलों से राममंदिर के शिखर पर 11 बज कर 55 मिनट पर ध्वजारोहण होगा और इसी ध्वजारोहण के साथ श्री मोदी राममंदिर निर्माण के पूर्ण होने की घोषणा करेंगे। जिसके साक्षी 6000 से अधिक आमंत्रित अतिथि, निर्माण कार्य में लगे 1200 से अधिक इंजीनियर एवं सहयोगी कर्मचारी और व्यवस्था में लगे 600 से अधिक स्वयंसेवक के साथ 1000 से अधिक सुरक्षाकर्मी बनेंगे।



प्रधानमंत्री का विमान अयोध्या एयरपोर्ट पर नौ बज कर 35 मिनट पर उतरेगा। उनका महर्षि बाल्मिकी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय राय और भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों नेताओं के साथ प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही करेंगे उनके साथ प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद रहेंगे। एयरपोर्ट से सेना के विशेष हेलिकाप्टर से प्रधानमंत्री अयोध्या में राममंदिर के समीप स्थित कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय परिसर में बने हेलीपैड पर उतरेंगे। जहां उनका स्वागत प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भाजपा के स्थानीय नेता करेंगे। नौ बज कर 50 मिनट पर पीएम मोदी का काफिला राममंदिर के लिए रामपथ से प्रस्थान करेगा जहां रामपथ के दोनों तरफ मौजूद अयोध्या के संत धर्माचार्य बटुक पुरोहित व्यापारी महिलाएं और भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री का तिरंगा भगवा ध्वज शंखनाद स्वस्ति वाचन और पुष्पवर्षा से अभिनन्दन करेंगे।

प्रधानमंत्री का काफिला राममंदिर 11 जगतगुरु शंकराचार्य द्वार से प्रवेश कर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में स्थित सप्त )षि मंदिर पहुंचेगा जहां वह विधि विधान से सप्त )षि मंदिर में पूजन करेंगे और यहीं से परिसर में स्थित ग्रीन हाउस में जाएंगे। प्रधानमंत्री के लिए 45 मिनट का समय सुरक्षित रखा गया है। राममंदिर परिसर में प्रधानमंत्री का स्वागत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय और राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्र करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रेम में असफल होने पर युवक ने की गोली मारकर आत्महत्या

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिला में रामगढ़ थाना क्षेत्र में प्रेम में असफल होने पर एक युवक ने रविवार की रात अपने बाबा की लाइसेंस पिस्तौल से गोली मारकर जान दे दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नारखी थाना क्षेत्र के गांव कपावली निवासी विकास (24) फिलहाल ईदि. ग नगर कॉलोनी थाना रामगढ़ फिरोजाबाद में अपने ताऊ प्रमोद कुमार के घर पर रह रहा था। उसने रविवार रात में गोली मार कर आत्महत्या कर ली। गोली की आवाज सुनकर परिजन और मोहल्ले घटना स्थल पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने विकास को मृत घोषित कर दिया। सीओ प्रवीन कुमार तिवारी ने बताया मृतक थाना नारखी के कपावली का निवासी था और 15 दिन पहले गांव की एक लड़की को लेकर चला गया था। दोनों आपस में प्रेम करते थे, लेकिन लड़की के परिजन शादी करने को तैयार नहीं थे। एक सप्ताह बाद युवक ने लड़की को वापस उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया था। प्रेमिका से शादी नहीं होने कारण युवक परेशान था, इसलिए परिजनों ने उसे गांव से फिरोजाबाद में ताऊ के पास रहने के लिए भेज दिया था। पुलिस द्वारा सोमवार को युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### नशीला पदार्थ खिलाकर 50 लाख की चोरी करने वाली महिला गिरफ्तार

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिला में दरगाह शरीफ थाना की पुलिस ने अपने ही रिश्तेदार के घर महिला सदस्य को नशीला पदार्थ खिलाकर 50 लाख रुपये के आभूषण चोरी करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी महिला के पास से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण भी बरामद कर लिए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक बहराइच अशोक कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि दरगाह थाना क्षेत्र के निवासी दवा व्यवसाई मनोज कुमार तुलस्यान ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके लॉकर से करीब पचास लाख रुपये के जेवरात चोरी हो गए हैं। उन्होंने बताया था कि 17 से 19 नवम्बर के बीच उनके रिश्तेदार दीपक खेतान की पत्नी शिवानी खेतान उनके घर आई थी। इसी दौरान परिवार की महिला सदस्य को नशीला पदार्थ खिलाकर अलमारी से लगभग 50 लाख रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर लिए गए। इस शिकायत के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से जांच पड़ताल शुरू की। सर्विलांस के आधार पर पुलिस ने आज सुबह करीब नौ बजकर आठ मिनट पर गुल्ला बीर देवी मंदिर के पास अंडरपास रेलवे क्रॉसिंग से अभियुक्ता शिवानी खेतान को गिरफ्तार कर लिया।

### प्रयागराज में सम्पन्न हुई संजय 'रोजगार दो सामाजिक न्याय दो' पदयात्रा

**प्रयागराज।** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पार्टी प्रभारी संजय सिंह की 'रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो' पदयात्रा सोमवार को प्रयागराज में सम्पन्न हुई। श्री सिंह ने 12 नवम्बर को अयोध्या के सरजू तट से पदयात्रा शुरू की थी और आज 13वें दिन संगम नगरी प्रयागराज में सम्पन्न हुई। श्री सिंह आज संगम तट पर पहुंचे और संगम के जल में खड़े होकर रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों को लेकर लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, "हमारा संकल्प यही है कि उप्र से बेरोजगारी पूरी तरह से खत्म हो। उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। भर्ती परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ सामाजिक भेदभाव फैलाया जा रहा है। नफरत से परिवार आगे नहीं बढ़ता है। इसलिए गांव, शहर, राज्य और देश भी नफरत से आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की इस लड़ाई को उनकी पार्टी आगे भी लड़ती रहेगी। इसके साथ ही सामाजिक न्याय की लड़ाई भी जारी रहेगी। आप के नेता ने लोगों से भी अपील की कि नकली मुद्दों के बजाय अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार कहती है कि जागो हिंदू जागो, लेकिन मेरा सवाल यह है कि हिंदू जाग गया है। अब सरकार यह बताएं कि युवाओं को रोजगार कब देगी।

### अलग बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के समर्थन में कांग्रेस से मिली बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा की टीम

**लखनऊ।** बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानु सहाय शनिवार को अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मिले और अलग बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण के लिए कांग्रेस पार्टी का समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार तीन वर्षों से बुन्देलखण्ड राज्य बनाने का झूठा वादा कर रही है और क्षेत्र की जनता को निराश कर रही है। मोर्चा ने मांग की कि बुन्देलखण्ड के आम जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस इस अभियान में सक्रिय समर्थन प्रदान करे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अलग बुन्देलखण्ड राज्य के मुद्दे पर मोर्चा को समर्थन देते हुए कहा कि अलग राज्य की मांग लंबे समय से बुन्देलखण्ड के लोगों की दिली इच्छा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कांग्रेस पार्टी इस भावना का सम्मान करती है और इस दिशा में पूरा सहयोग देगी। श्री राय ने कहा कि भाजपा सरकार वर्षों से झूठे वादों के सहारे बुन्देलखण्ड की जनता को छल रही है, जबकि वास्तविक विकास के लिए अब अलग राज्य निर्माण आवश्यक हो गया है।

### छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर किया गया जागरूक

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सोमवार को यातायात जागरूकता माह नवंबर के चौबीसवें दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर थानाक्षेत्र गौरीगंज स्थित एम0जे0एस0 मेमोरियल ग्रीन वैली इण्टर कॉलेज गौरीगंज में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# पंकज चौधरी ने जनता दर्शन में समस्याएं सुनी, एसआईआर पर दिया मजबूत संदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज में सोमवार को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री एवं क्षेत्र के सांसद पंकज चौधरी ने अपने आवास पर आयोजित जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

आज सुबह से ही लोगों का तांता लगा रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने बिजली, पेयजल, सड़क, राशन, पेंशन, राजस्व विवाद, आवास, स्वास्थ्य सुविधाओं और शासन-प्रशासन से जुड़ी विभिन्न शिकायतें दर्ज कराई। मंत्री ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनता दर्शन के दौरान उन्होंने मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। श्री चौधरी ने स्वयं अपने एसआईआर के संबंधित वोटर रजिस्ट्रेशन फॉर्म को भरकर मतदाता सूची में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करने की दिशा में लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया एसआईआर अभियान मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अधिक मजबूत होगी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र की मूल आधारशिला है। यह अभियान महज नाम जोड़ने या हटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि फर्जी, दोहरे और त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों की पहचान कर उन्हें हटाने की एक तकनीकी और पारदर्शी प्रक्रिया है। इससे चुनाव प्रक्रिया अधिक निष्पक्ष, व्यवस्थित और भरोसेमंद बनेगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब समाज और तकनीक तेजी से विकसित हो रहे है, ऐसे में मतदाता सूची की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। श्री चौधरी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को एसआईआर अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।

# मुठभेड़ में गोली लगने से दो गौ तस्कर घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले थाना खुटार क्षेत्र में रविवार रात गौ तस्करों के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से दो गौ तस्कर घायल हुए हैं।

दोनो घायलों सहित तीन तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना खुटार पुलिस को सूचना मिली कि बर्कलीगंज में गौ तस्कर पशु काटने जा रहे हैं सूचना पर पुलिस जब मौके पर पहुंची तो गौ तस्करों ने पुलिस पर गोली च दी जिसके बाद पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो गौ तस्कर भूरे खान ((45) तथा जफर (50) के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान साथियों के गोली लगते ही उनका तीसरा साथी जावेद उर्फ करिया मौके से भाग निकला जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया पुलिस ने आरोपियों के पास से पशु काटने के धारदार हथियार बरामद किए हैं। पुलिस को पास के खेत से काटने के लिए लाए गए कई पशु भी मिले है।

# पुलिस ने 'ऑपरेशन भरोसा' के तहत 591 व्यक्तियों का सत्यापन किया

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में 'ऑपरेशन भरोसा' के तहत पूरे जिले में व्यापक किरायादार सत्यापन-सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस ने विशेष ऑपरेशन भरोसा की सघन जांच अभियान चलाकर 591 व्यक्तियों का सत्यापन कराया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि रविवार को ष्ऑपरेशन भरोसाष्अभियान का प्रमुख उद्देश्य जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, संवेदनशील एवं प्रभावी बनाना है।

जिले में विभिन्न स्थानों पर मजदूर, कर्मचारियों, पीजी, हॉस्टल में रहने वाले छात्रों तथा होटल, लॉज, ढाबों में ठहरे आगंतुकों के दस्तावेज के आधार पर 591 व्यक्तियों का भौतिक सत्यापन किया गया। किरायदारों और आगंत. .कों के पहचान पत्र अतिथि रजिस्टर, किरायानामा, एग्रीमेंट स्टाफ रजिस्टर एवं स्टाफ सत्यापन सीसीटीवी कैमरों की कार्यशील स्थिति संदिग्ध व्यक्तियों, रिकॉर्ड और पूर्व मुकदमों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि इससे जिले की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि जिले के सभी थाना पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में ऑपरेशन भरोसा के तहत सघन जांच अभियान चलाया गया। संदिग्ध किरायदारों, अस्थाई निवा. सियों तथा होटल, लॉज में ठहरे व्यक्तियों के अभिलेखों की गहनता से जांच की गई और आवश्यकतानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की गई। यह अभियान न केवल संदिग्ध तत्वों की पहचान सुनिश्चित करने हेतु है बल्कि जनपद में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने की दिशा में पुलिस का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदवा. सियों से अपील की गई कि किरायेदार, कर्मचारी या किसी भी बाहरी व्यक्ति को अपने घर, प्रतिष्ठान, दुकान या आवास पर रखने से पूर्व उसका पुलिस सत्यापन अवश्य कराएं। संदिग्ध गतिविधि वाले व्यक्ति की सूचना तत्काल निकटतम थाना, पुलिस चौकी या डायल 112 पर दें।

# काशी में महायज्ञ के लिए देश-विदेश से श्रद्धालु पहुंचने लगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश में धार्मिक नगरी काशी स्थित स्वर्वेद महामंदिर में 25 और 26 नवम्बर को आयोजित दो दिवसीय 'समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव', विहंगम योग संत समाज के 102वें वार्षिकोत्सव तथा 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र, दिल्ली, असम, राजस्थान, बिहार, गुजरात, पंजाब, पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु पहुंचने शुरू हो गए हैं।

अमेरिका, जापान, कनाडा समेत कई देशों से भी भक्त काशी पहुंच रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयोजन में सवा लाख से अधिक भक्तों के पहुंचने का अनुमान है।

25,000 कुण्डीय विराट स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में लघु भारत का अद्भुत दृश्य देखने को मिलेगा। दो हजार से अधिक कार्यसेवक पंडाल से लेकर महायज्ञ तक की सम्पूर्ण व्यवस्था संभाल रहे हैं। ग्रामीण परिवेश को ध्यान में रखते हुए खपरैल वाले कुछ अस्थाई कमरे भी बनाए जा रहे हैं। सभी तैयारियां सोमवार शाम तक पूरी कर ली जाएंगी। महामंदिर ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारी ने आज को बताया कि 25 नवम्बर को 'अ' अंकित सफेद ध्वज फहराया जाएगा। सायंकाल संत प्रवर श्री विज्ञानदेव महाराज की दिव्यवाणी 'जय स्वर्वेद कथा' का आयोजन होगा। 26 नवम्बर को मुख्य आयोजन 25,000 कुण्डीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ होगा, जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे। शाम को मंदिर परिसर में हजारों दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। लगभग 200 टन से ज्यादा हवन सामग्री की आहुति दी जाएगी। यह आयोजन जगत कल्याण एवं भारत की सुख-समृद्धि की कामना से संपन्न होगा। इस आयोजन में भारतीय संस्कृति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। विदेशों में बसे भारतीय भी काशी पहुंचकर इस अनूठे महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। करीब 200 एकड़ क्षेत्र में पूरी व्यवस्था की जा रही है।

## उ.प्र. राज्य पुरातत्व निदेशालय ने रायबरेली में प्रदर्शनी व पुरस्कार वितरण किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय लखनऊ द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर जनपद रायबरेली के विकास खण्ड सरेनी स्थित ग्राम पहुरी के प्राथमिक विद्यालय में ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक विरासत विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय कक्षा आठ की शिवांगी प्रथम, प्राथमिक विद्यालय कक्षा पांच की स्वेता द्वितीय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय कक्षा आठ के नितेश तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा आठ की नीतू, शाहीन और वर्षा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए।

# शादी समारोह के दौरान 45 लाख रुपये का सामान चोरी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में शादी समारोह में 45 लाख रुपये का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जार्ज टाउन थाना क्षेत्र के पंखुड़ी गार्डन में शादी समारोह से गहनों और रुपयों से भरा बैग चोरी हो गया। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी कैमरे में एक व्यक्ति बैग लेकर जाते हुए नजर आ रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर-मध्य रेलवे (एनसीआर) में रेलवे में इंजीनियर के पद पर कार्यरत संजीव सिंह की पुत्री डॉक्टर बेटी शैली सिंह की शनिवार को शादी थी। यह शादी मेडिकल चौराहे के नजदीक पंखुड़ी गार्डन से हो रही थी। इस दौरान गहनों और रुपयों का बैग संजीव सिंह के अधिवक्ता भाई शीतल सिंह के पास था। श्री सिंह ने पुलिस की गई शिकायत में बताया है कि रात लगभग 10:15 बजे मेहमानों को अटेंड करते समय उन्होंने बैग कुर्सी पर रख दिया। कुछ देर बाद जब उनकी नजर कुर्सी पर गई तो बैग वहां से गायब था। बैग न मिलने की सूचना तत्काल जार्जटाउन थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरे को खंगाला, तो एक युवक बैग चोरी कर जाते हुए नजर आ रहा है। युवक ने पहले अपना ब्लेजर उतार कर बाइक पर रखा, फिर ब्लेजर सहित बैग को उठाया और बाहर निकल गया। शिकायतकर्ता के मुताबिक बैग में 30 लाख के गहने और 15 लाख रुपये कैश रखे थे। जॉर्जिया से एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाली इंजीनियर की बेटी शैली सिंह की शादी लोक सेवा आयोग के समीप रहने वाले डॉक्टर उत्कर्ष सिंह से हुई है। घटना के संबंध में जार्जटाउन थाना प्रभारी संतोष सिंह ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में युवक बाहर निकालने के बाद ई रिक्शा से प्रयागराज जंक्शन की ओर जाते हुए देखा गया है।

# भाई- भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिला के थाना जलालाबाद क्षेत्र में रविवार को बहन का तिलक लेकर जा रहे भाई और भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने सोमवार को बताया कि थाना तिलहर क्षेत्र के गांव ढकिया रघा के रहने वाले रविन्द्र कुमार (30) अपने भतीजे मोनू (28) के साथ बहन के तिलक में देने वाली नई बाइक से कलान क्षेत्र के गांव जखिया जा रहे थे। तभी जलालाबाद थाना क्षेत्र के कोलाघाट पुल पर कोहरे के कारण तेज रफ्तार बाइक पुल पर रखे पत्थर से टकरा गई, जिसके कारण दोनों के सिर पत्थर से टकरा गए और बाइक बहुत दूर जा कर गिरी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही जलालाबाद पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को जलालाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। परिवार में दो लोगों की मौत से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# देवर ने भाभी के साथ किया दुष्कर्म

## पति ने तीन तलाक देकर घर से भगाया, सात ससुरालियों पर केस दर्ज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि जब उसने इस घटना की जानकारी पति और ससुराल वालों को दी, तो पति ने न सिर्फ उसके साथ मारपीट की, बल्कि तीन तलाक देकर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस की प्रारंभिक अनदेखी के बाद जब उसने पुलिस कमिश्नर को गुहार लगाई, तब जाकर सोमवार दोपहर पति समेत सात ससुरालियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पीड़िता ने शिकायत में बताया कि नवंबर 2023 में उसकी और उसकी सगी बहन की शादी गुलावठी निवासी दो सगे भाइयों से हुई थी। उनके पिता ने शादी में करीब 80 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि शादी के अगले ही दिन से उसका देवर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा था, लेकिन वह पारिवारिक इज्जत के चलते चुप रही।

पीड़िता के अनुसार 23 जुलाई 2024 को उसका पति दवा लेने बाहर गया हुआ था। उस समय वह कमरे में अकेली सो रही थी। तभी देवर ने चाकू के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद जब उसने यह बात पति और अन्य ससुरालियों को बताई, तो उन्होंने दोनों बहनों के गहने और लाखों रुपये छीन लिए, उन्हें पीटा और पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया।

पीड़िता का कहना है कि अब उसका पति उसे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है, जिससे वह और उसकी बहन भय में हैं।

कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति राशिद, देवर शादाब, सास नफीसा, जेठ साजिद, माजिद और ननद कल्लो व सना के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बांग्लादेशी छात्र का मिला शव

**ग्रेटर नोएडा** ग्रेटर नोएडा में रविवार को एक बांग्लादेशी छात्र का शव किराए के कमरे में फंदे से लटकता मिला। बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में मकान मालिक की सूचना पर पुलिस जांच करने पहुंचीं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान सहरियार के रूप में हुई है।

मकान मालिक ने पुलिस को बताया- सहरियार 16 नवंबर को बिहार की रहने वाली रूपा नाम की महिला के साथ कमरे पर आया था। दोनों ने खुद को पति-पत्नी बताते हुए आठ हजार रुपये किराए पर कमरा लिया था। 17 नवंबर को मकान में शिफ्ट हो गए थे। 21 नवंबर को महिला कमरे से कहीं चली गई थी। उसी दिन शाम से सहरियार का मोबा. इल फोन भी लगातार बंद आ रहा था। रविवार शाम जब खिड़की से अंदर झांककर देखा, तो युवक पंखे से रस्सी के सहारे लटका हुआ था। पुलिस ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# हाईवे से गिरी ब्रेजा कार, डॉक्टर की मौत

## पलटी खाते हुए 20 मीटर दूर मंदिर से टकराई, एयरबैग खुले, लेकिन जान नहीं बची




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में डॉक्टर की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह ड्यूटी करके ब्रेजा कार से घर लौट रहे थे, तभी कार का संत. ुलन बिगड़ गया। कार हाईवे से नीचे गिर गई। एयरबैग भी खुल गए, लेकिन डॉक्टर की जान नहीं बची। कार की स्पीड इतनी तेज थी कि नीचे गिरने के बाद 2-3 बार पलटी खाई।

20 फीट दूर मंदिर से टकराकर कार उलटी हो गई। धमाके की आवाज सुनकर राहगीर मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।तुरंत कार के अंदर फंसे डॉक्टर को निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है।

घटना सोमवार सुबह बादलपुर थाना क्षेत्र में एनएच-91 पर हुई। हादसे में कार बुरी तरह डैमेज हो गई है। पुलिस के अनुसार, डॉ. अमित कुमार की पत्नी पूनम देवी हाउसवाइफ हैं। उनकी 2 साल की एक बेटी है, जिसका नाम गुड़िया है।

**शीशा तोड़कर डॉक्टर को बाहर निकाला:** धमाके की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। देखा तो डॉक्टर कार के अंदर फंसा हुआ था। फौरन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। कार का शीशा तोड़कर डॉक्टर को बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रही थी। तब तक मौके पर उनकी मौत हो गई।

कार की रफ्तार काफी तेज थी। आशंका है कि कार चालक को नींद की झपकी आई होगी। जिसके कारण कार बेकाबू होकर पलट गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## डीएलएड दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**ग्रेटर नोएडा।** डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) प्रशिक्षण सत्र 2025 के लिए आज यानी मंगलवार से आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्रों को 15 दिसंबर तक आवेदन करने का मौका दिया गया है, जो कि उन्हें ऑनलाइन करना होगा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में 50 और निजी स्कूलों में 1500 सीटों पर डीएलएड के तहत दाखिले होते हैं। डायट प्राचार्य राज सिंह यादव ने बताया कि डीएलएड के तहत आवे. दन करने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्रों को डायट में 50 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबरहै। साथ ही, आवेदन करते समय छात्रों को अपने सभी दस्तावेज सही से अपलोड करने होंगे। वहीं, मेरिट आने के बाद काउंसलिंग के जरिए छात्रों को विद्यालय में प्रवेश मिलेगा।

# भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक से गुंजायमान हुआ पूरा यज्ञ परिसर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-110, रामलीला मैदान में भारत उत्कर्ष महायज्ञ के पवित्र मंच पर आज का दिन ऐतिहा. सिक और आध्यात्मिक उत्साह से पूर्ण रहा। भगवान श्रीराम के वनवास से अयोध्या लौटने और उनके भव्य राज्याभिषेक के दिव्य प्रसंग को आज विशेष रूप से यज्ञ परिसर में जीवंत किया गया। वातावरण जयकारों, वैदिक मंत्रों और भक्ति रस से सराबोर रहा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, क्योंकि रामकथा के इस अलौकिक प्रसंग के साथ आज यज्ञ में देशख्रविदेश से आए अनेक भक्तों ने पहुंचकर आहुति अर्पित की। विभिन्न राज्यों, सांस्कृतिक संगठनों और प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों ने यज्ञ में सहभागिता कर राष्ट्रकल्याण और विश्वशांति की प्रार्थना की। राघवाचार्य जी ने अपने श्रीमुख से जब प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के अयोध्या लौटने का प्रसंग सुनाया, तो पूरा पंडाल "राम लला की जय", "सीता माता की जय" के उद्घोषों से गूंज उठा। इसके बाद जब श्रीराम के राज्याभिषेक का दिव्य वर्णन प्रस्तुत हुआ, तो श्रोता भाव-विभोर हो उठे। लोगों ने दीप प्रज्वलित कर, पुष्पांजलि अर्पित कर और विशेष आरती में शामिल होकर इस क्षण का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

## एक नजर

### नोएडा स्टेडियम में 28 नवंबर से होगा तीन दिवसीय बिजनेस कार्निवल एंड कल्चरल इवेंट

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** नोएडा स्टेडियम में 28, 29 और 30 नवंबर को होने जा रहा नोएडा बिजनेस कार्निवल एंड कल्चरल इवेंट 2025 शहर को सांस्कृतिक रंगों और व्यावसायिक चमक से रोशन करने वाला है। इस वर्ष का थीम उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार की समृद्ध विरासत पर आधारित है, जो तीनों राज्यों की संस्कृति, कला और परंपराओं को एक मंच पर लाएगा। कार्यक्रम में 300 से ज्यादा क्षेत्रीय कला, उत्पाद, भोजन, तकनीकी नवाचार और पारंपरिक हुनर प्रदर्शित किए जाएंगे। दर्शकों के लिए प्रमुख आकर्षण होंगे। इसमें लोकनृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रादेशिक व्यंजनों का विशेष फूड फेस्ट, आर्ट जोन, युवा गतिविधियां और पारिवारिक आकर्षण, इंटरैक्टिव स्टेट-थीम आधारित पवेलियन शामिल है।

### युवती से छेड़छाड़ के आरोप में बारातियों को पीटा

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दादरी नगर के जीटी रोड पर स्थित एक फार्म हाउस में बारातियों में मारपीट कर दो घंटे तक हंगामा करने का मामला प्रकाश में आया है मारपीट करने वाला का आरोप था कि बारात चढ़त के दौरान बारा. तियों ने पास की रहने वाली युवती से छेड़छाड़ की है। जिसके बाद काफी संख्या में लोग फार्म हाउस में पहुंच गए और डंडो से बारातियों से मारपीट की। रविवार को जीटी रोड पर स्थित एक फार्म हाउस में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। बारात किसी अन्य जनपद से आई हुई थी। शादी का कार्यक्रम एक राजनैतिक पार्टी के संगठन के पदाधिकारी के यहां था।

बारात चढ़त के दौरान कोई विवद हो गया। जैसे ही बाराती चढ़त के बाद फार्म हाउस में घुसे, कुछ ही देर में काफी संख्या में लोग लाठी डंडे लेकर आए गए। लोगों का आरोप था कि बारातियों ने एक युवती के साथ छेड़छाड़ की है। इसके बाद इन लोगों ने बारातियों की जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान काफी देर तक हंगामा चलता रहा। संगठन के पदाधिकारी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और माहौल शांत हो सका। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे मगर झगड़ा होने से पहले सभी जा चुके थे। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया कि इस प्रकरण की जानकारी नहीं है शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### रजिस्ट्री न कराने पर 366 आवंटियों का भूखंड निरस्त होगा

**यमुना सिटी ( शाह टाइम्स )।** यमुना सिटी के 366 औद्योगिक भूखंड आवंटियों के भूखंड निरस्त करने के तैयारी है। यमुना विकास प्राधिकरण ने चेकलिस्ट जारी होने के बावजूद रजिस्ट्री न कराने पर इन आवंटियों को 30 दिन का समय देते हुए नोटिस जारी किया है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के एक अधिकारी ने बताया कि शहर का सेक्टर-24, 24ए, 28, 29, 30, 32 औद्योगिक सेक्टर है। सेक्टरों में अबतक तीन हजार से अधिक औद्योगिक भूखंड़ आवंटित किए जा चुके हैं, लेकिन कई वर्षों बीतने के बावजूद अभी तक सिर्फ 15 कंपनियों में ही उत्पादन शुरू हो पाया है।

वहीं, दिसंबर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान प्रस्तावित है, ऐसे में प्राधिकरण शहर में औद्योगिक गतिविधियां तेज करने पर जोर दे रहा है। जिन 366 औद्योगिक भूखंडों के आवंटियों को नोटिस भेजे गए हैं, इन्होंने चेकलिस्ट मिलने के बावजूद भूखंड़ों की रजिस्ट्री नहीं कराई है। इन सभी आवंटियों को 30 दिन का समय दिया गया है। रजिस्ट्री के बाद ही भूखंड का कब्जा दिया जाता है और तभी लेआउट पास करवाकर निर्माण शुरू किया जा सकता है। यदि उन्होंने इस समय अवधि में रजिस्ट्री नहीं कराई, तो उनके भूखंडों का आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। यमुना सिटी में 94 प्रतिशत भूखंड खाली यमुना सिटी में आवंटन के बावजूद 94 फीसदी औद्योगिक भूखंड खाली हैं। इन पर कई वर्ष बाद भी औद्योगिक इकाई शुरू नहीं हो पाई। औद्योगिक विकास विभाग के सर्वेक्षण में यह बात सामने आ चुकी है। यीडा क्षेत्र में 3476 भूखंडों का सर्वे हुआ, जिसमें 3,264 यानी करीब 94 प्रतिशत भूखंड आवंटन के बाद भी खाली पड़े मिले। यह आंकड़ा प्रदेश के अन्य सभी प्राधिकरणों के मुकाबले सबसे अधिक है। हालांकि, सर्वे पूरा नहीं हुआ है। उद्यमी बोले, सेक्टरों में मूलभूत सुविधा तक नहीं यमुना एक्सप्रेसवे उद्यमी संघ के अध्यक्ष रिषभ निगम ने कहा कि प्राधिकरण से नोटिस प्राप्त हुए हैं, लेकिन इसके पीछे सबसे बड़ा कारण अभी तक नो ड्यूज सर्टिफिकेट प्राप्त न होना है, जो रजिस्ट्री के लिए अहम है। साथ ही सेक्टर-32 व 33 में पहली औद्योगिक भूखंड योजना वर्ष 2013 में आई थी, लेकिन 12 वर्ष बाद भी करीब 115 आवंटियों को आजतक उनके भूखंड नहीं मिल सके हैं। सेक्टर की संपूर्ण भूमि का अधिग्रहण नहीं हो सका है। सेक्टरों में 75 मीटर और 30 मीटर दोनों ही सड़कें अधूरी है। दोनों सेक्टरों में अन्य बुनियादी सुविधाएँ जैसे सीवरेज सिस्टम, ड्रेनेज सिस्टम, जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति प्रणाली भी पूरी नहीं है।

# पॉक्सो ऐक्ट में आरोपी को दस साल कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला न्यायालय ने पॉक्सो ऐक्ट में दोषी को दस साल कारावास की सजा सुनाई। 70 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना जमा नहीं करने पर सात माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक जेपी भाटी ने बताया कि सेक्टर-20 कोतवाली में एक मुक. दमा दर्ज हुआ था। एक पिता ने पुलिस को बताया था कि उनकी 16 वर्षीय बेटी कक्षा 10वीं की छात्रा थी। 29 फरवरी 2016 को तड़के उसका अपहरण कर लिया गया था। घर से लगभग एक लाख रुपये के गहने और 50 हजार रुपये नकद भी चोरी कर लिए गए थे। इस मामले में जांच अधिकारी ने 13 जून 2016 को अदालत में आरोप-पत्र दाखिल किया था।

21 नवंबर 2025 को अदालत ने फारुख निवासी बिहार को आईपीसी की धारा-366, 376 और पॉक्सो ऐक्ट की धारा-4 के तहत दोषी करार दिया था। अदालत ने सजा सुनाते हुए कहा दोषी फारुख ने नाबालिग का अपहरण कर जबरन शादी करने के लिए मजबूर कर उसे अलग-अलग जगहों पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। यह कृत्य अमानवीय और कानून के खिलाफ है। अदालत ने पॉक्सो ऐक्ट की धारा-4 के तहत 10 वर्ष की सजा और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया। दोषी पर लगाए गए जुर्माने का 80 प्रतिशत हिस्सा पीड़िता को उसके पुनर्वास के खर्च के लिए दिया जाएगा।

## बिहार के युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**नोएडा।** सेक्टर-63 के होटल में बिहार के एक युवक की रविवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला। पुलिस को मौके पर ढेर सारी दवाइयां मिली हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस को चोटपुर कॉलोनी स्थित ग्रैंड होटल के कर्मचारियों ने सूचना दी एक युवक बिहार के जिला कटियार का रहने वाला है। वह पिछले तीन माह से होटल के कमरे में 800 रुपये प्रतिदिन किराया देकर ठहरा हुआ है। रविवार रात को दरवाजा खटखटाने के बाद भी उसने दरवाजा नहीं खोला।

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब दरवाजा खोलकर देखा तो युवक बेड पर मृत अवस्था में पड़ा मिला। उसकी पहचान 45 वर्षीय विकास के रूप में हुई। तहकीकात के दौरान पुलिस को कमरे में कई दवाइयां भी मिलीं।

# शिक्षक संघ ने लगाया उत्पीड़न का आरोप दर्ज कराई आपत्ति

■ **कहा बीएलओ ड्यूटी के कारण प्रभावित हो रहा है शिक्षण कार्य**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अध्यापिका पिंकी सिंह के द्वारा अपने पद से इस्तीफा देने के बाद शिक्षकों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। मामले में शिक्षक संघ ने डीएम मेधा रूपम को पत्र लिखा है। शिक्षक संघ का कहना है कि हमारे अनेक शिक्षक व शिक्षिका साथी बीएलओ एसआईआर की ड्यूटी में लगे हुए हैं। जिसके कारण न केवल उन पर अनावश्यक मानसिक दबाव बढ़ रहा है बल्कि कुछ शिक्षकों पर सेवा समाप्ति, प्रतिकूल प्रविष्टि तथा एफआईआर जैसी कठोर कार्यवाहियां अत्यंत दुखद एवं अन्यायपूर्ण हैं। संघ इस कठोरता का कटाक्ष करता है और कड़े शब्दों में निंदा करता है।

शिक्षकों का कहना है कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण के अग्रदूत होते हैं। हमारा कर्तव्य बच्चों को शिक्षण कार्य कर उनका उज्जवल भविष्य को संवारना है। शिक्षकों पर की जा रही कार्रवाई से शिक्षक समुदाय अपमानित महसूस कर रहा है। शिक्षकों का मनोवल गिर रहा है। जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि जिस देश में शिक्षकों को भगवान का दर्जा दिया जाता हो वहां उक्त प्रकार दंडात्मक अपमानित कार्यवाही बर्दाश्त नहीं होगी। 28 नवंबर से परिषदीय विद्यालयों में परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही हैं, लेकिन कोर्स अभी पूर्ण नहीं हो पाया है। साथ ही निपुण लक्ष्य का भी असेसमेंट होना है। बीएलओ में ड्यूटी लगी रही तो विद्यालयों को निपुण लक्ष्य हासिल नहीं हो पाएगा। क्योंकि शिक्षक अपनी मूल जिम्मेदारी विद्यार्थियों की शिक्षा से दूर कर दिए गए हैं। मांग की कि शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त किया जाए और उनके सम्मान एवं मनोबल की रक्षा की जाए।

# अखलाक मॉब लिंचिंग केस वापसी पर सीपीआई नेता वृंदा करात ने जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सीपीआई (एम) नेता और पूर्व राज्यसभा सांसद वृंदा करात सोमवार को सूरजपुर स्थित कोर्ट पहुंची। यहां उन्होंने बार एसोसिएशन के नेताओं से बात की। साथ ही अखलाक हत्याकांड केस वापस लेने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा केस वापसी की कवायद पर गंभीर चिंता जताई।

जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेंद्र भाटी ने बताया कि वृंदा करात अखलाक मॉब लिंचिंग केस वापसी से जुड़े मामले की जानकारी लेने के लिए पहुंची थीं। अधिवक्ता रूपेश वर्मा ने बताया कि वृंदा करात करीब दो घंटे तक कोर्ट परिसर में रहीं। उन्होंने अखलाक के वकील से बातचीत कर सरकार के रुख पर नाराजगी जताते हुए कहा कि हत्या जैसे गंभीर मामले को वापस लेना न्यायिक व्यवस्था और संविधान की भावना के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सां. प्रदायिक ध्रुवीकरण की राजनीति कर रही है।

कोर्ट परिसर में ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के नेता गजेंद्र खारी, किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉघ रुपेश वर्मा, बार एसोसिएशन के सचिव अजीत नागर ने वृंदा करात का स्वागत किया।

**12 दिसंबर को होनी है मामले पर सुनवाई :** बिसाहड़ा गांव में अखलाक मॉब लिंचिंग के मामले में आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे को वापस लेने के मामले में 12 दिसंबर को सुनवाई होगी। अखलाक के परिजन और वकील युसुफ सैफी का कहना है कि मामले में अदालत के फैसले के बाद ही आगे की कार्रवाई के बारे में फैसला लेंगे। सरकार ने मामले में धारा-321 के तहत एक प्रार्थना पत्र लगाया है। मालूम हो कि 28 सितंबर 2015 की रात को थाना जारचा क्षेत्र के गांव बिसाहड़ा में गोमांस के सेवन की अफवाह फैलने के बाद भीड़ ने एक घर पर हमला कर दिया था। इस दौरान गांव निवासी अखलाक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उसका बेटा दानिश गंभीर रूप से घायल हुआ था। इस घटना ने पूरे देश में सांप्रदायिक तनाव पैदा कर दिया था और बिसाहड़ा गांव सुर्खियों में आ गया था। मामले में अखलाख की पत्नी इकरामन ने दस लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# इकोटेक-16 को मुख्य सड़कों से जोड़ने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नए औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-16 में आवागमन सुगम बनाने के लिए 80, 60 और 24 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। प्राधिकरण ने निविदा जारी कर इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस सेक्टर को 130 मीटर चौड़ी सड़क के साथ दादरी जीटी रोड से भी जोड़ा जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक सेक्टर इकोटेक- 16 सुनपुरा, खेड़ी और धूममानिकपुर गांव की जमीन पर बसाया जा रहा है। इस सेक्टर में सोलर कंपनी अवाडा इलेक्ट्रो प्राइवेट लिमिटेड को 25-25 एकड़ के दो भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं,जबकि अन्य भूखंडों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। यहां निवेशकों और अन्य लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए सड़कों के निर्माण की कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है।

अधिकारी के मुताबिक, सेक्टर के चारों तरफ 80 मीटर और 60 मीटर चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। 80 मीटर सड़क चार लेन और 60 मीटर सड़क दो लेन की होगी। हरित क्षेत्र भी विक. सित किया जाएगा। वहीं, सेक्टर के अंदर की मुख्य सड़क 24 मीटर चौड़ी होगी। वरिष्ठ प्रबंधक नरोत्तम सिंह ने बताया कि सड़क बनाने के लिए निविदा जारी कर दी गई है। इस पर लगभग 43 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। निविदा की प्रक्रिया पूरी कर अगले एक से दो माह में काम शुरू करा दिया जाएगा। इस सेक्टर को 130 मीटर सड़क से जोड़ने के लिए लगभग तीन किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा,जो भनौता गांव के पास जुड़ेगी।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इस सोसायटी में छा गया अंधेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की हिमालया प्राइड सोसायटी में सोमवार को पूरी तरह से अंधेरा छा गया। जिसका प्रमुख कारण रहा कि बिजली का बिल न जमा करने पर बिजली कंपनी एनपीसीएल ने सोसायटी की बिजली सप्लाई काट दी। बिजली कटने के साथ ही सोसायटी के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों को लगा कि कुछ देर में बिजली आ जाएगी, लेकिन जब लोगों को बिल न जमा होने के कारण बिजली सप्लाई कटने की बात पता चली तो लोगों ने सोसायटी प्रबंधन के प्रति नाराजगी जताई। एनपीसीएल का कहना है कि बकाया बिल जमा करने के बाद ही सोसायटी में सप्लाई शुरू की जाएगी।

नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड ने बिजली बिल बकाएदारों पर सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। एनपीसीएल ने सोमवार को 37 लाख 36 हजार और 231 रुपए का बिजली बिल का बकाया होने पर हिमालया प्राइड सोसायटी की बिजली काट दी। एनपीसीएल के अधिकारियों का कहना है कि हिमालया प्राइड सोसायटी बिजली बिल का भुगतान करने में हमेशा लापरवाही करती है। सोसायटी की ओर से कभी भी समय पर बिजली बिल जमा नहीं किया जाता है।

## साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया

**नोएडा।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के थाना क्षेत्रों में सोमवार को महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान मिशन शक्ति टीम ने महिलाकर्मियों को थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्र के उद्देश्य, कार्य प्रणाली एवं महिला सुरक्षा से संबंधित उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। साइबर ठगी के प्रकार और इससे बचने के उपायों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं और बच्चियों को विविध हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी बताया गया। वर्तमान में पूरे प्रदेश में मिशन शक्ति अभियान इस मकसद से चलाया जा रहा है कि सभी महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें।

# निक्की हत्याकांड: पुलिस ने चार्जशीट की दाखिल

■ **पत्नी के इस काम से नाखुश था विपिन; सास को भी माना गया बड़ा विलेन**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित सिरसा गांव में चर्चित विवाि. हत निक्की भाटी की जलाकर हत्या के मामले में कासना कोतवाली पुलिस ने कोर्ट में 500 से अधिक पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस ने मामले में आरोपी पति विपिन, जेठ रोहित, ससुर सत्यवीर और सास दया को आरोपी बनाया है। सभी आरोपियों ने अपराधिक षड्यंत्र के तहत निक्की भाटी की हत्या को अंजाम दिया दिया है।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता उधम सिंह तोंगड़ व दिनेश कुमार कल्सन ने बताया कि पुलिस ने मामले में चार्जशीट दाखिल की है। आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कराने के साथ सजा दिलाने के लिए मजबूती से कोर्ट में पक्ष रखेंगे। पुलिस ने जो चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की उसके मुताबिक दया और विपिन ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था। आरोपी दोनों बहनों के सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वीडियो बनाने से नाखुश थे। वीडियो बनाने से टोकने पर नहीं रुकने के कारण आरो. पियों ने वारदात को अंजाम दिया है।

**21 अगस्त को पिटाई के बाद लगाई गई आग:** दादरी कोतवाली क्षेत्र के रूपवास गांव निक्की भाटी की सिरसा गांव स्थित ससुराल आग से जलाकर मारने का आरोप है। 21 अगस्त को ससुराल पक्ष के लोगों ने पिटाई के बाद निक्की को आग लगा दी थी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बहन कंचन भाटी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित पति विपिन भाटी, जेठ रोहित भाटी, सास दया और ससुर सतवीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

**ये सब चीज चार्जशीट में शामिल:** पुलिस ने विवेचना में अस्पताल की तरफ से मिले मेमो की रिपोर्ट को भी शामिल किया है। इसमें निक्की के जलने का कारण सिलेंडर का फटना बताया गया था। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण बिस्तर, रसोई, गैस चूल्हा और आंगन का मुआयना किया था। घटना स्थल से मिट्टी का नमूना, जले कपड़े, थिनर की बोतल और लाइटर कब्जे में लिया गया था। इन सभी बिंदुओं और इंटरनेट मीडिया में प्रसारित वीडियो को भी चार्जशीट में शामिल किया गया है।

**बचाव पक्ष के वकील बोले- पूरी थ्योरी झूठी है:** पुलिस ने आरो. पित के पास से ज्वलनशील पदार्थ थिनर आदि बरामद किया था। इन्हें एफएसएल जांच के लिए भेजा गया था। बचाव पक्ष के वकील दिनेश चंद कलसन ने बताया कि कोर्ट में मजबूती से अपना पक्ष रखेंगे। आरो. पियों ने घटना को आत्महत्या करार देने का प्रयास किया था। लेकिन पुलिस की जांच में आरोपियों की थ्योरी झूठी निकली है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कपड़ा और सड़ा-गला मोम जलाने वाले कोल्हुओं पर हुई छापेमारी से मचा हड़कंप

■ शिकायत और अखबार में खबर छपने के बाद जागा प्रदूषण विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर ग्राम गरगैय्या के पास चल रहे आधा दर्जन से अधिक कोल्हुओ पर गंदा कपड़ा, सड़ा-गला मोम और टायर जलाकर फैलाए जा रहे जहरीले धुएं के खिलाफ आखिरकार प्रदूषण विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत और स्थानीय अखबारों में खबर प्रकाशित होने के बाद प्रदूषण विभाग की टीम ने ताबड़तोड़ छापामारी की, विभाग की इस छापेमारी से कोल्हू संचालको में हड़कंप मच गया है।

प्रदूषण विभाग के अधिकारी श्याम बाबू द्विवेदी और लक्ष्मी नारायण सोमवार को अपनी टीम के साथ अचानक मौके पर पहुंचे, छापेमारी के दौरान सामने आया कि लगभग सभी कोल्हुओं पर गंदा कपड़ा ,मोम और टायर जलाकर कार्य किया जा रहा था, जिससे पूरे क्षेत्र में जहरीला धुआं फैल रहा है। अधिकारियों को देखते ही कुछ कोल्हु स्वामी अपने-अपने कोल्हु छोड़कर भागते नजर आए, जिससे उनकी मनमानी और अवैध गति. विधियों की पुष्टि होती है।

खास बात यह है कि इन कोल्हुओं के बिल्कुल बीचो-बीच फायर स्टेशन (अग्नि शमन) मौजूद है, जिसकी पूरी बिल्डिंग धुएं और कालिख से काली पड़ चुकी है। सूत्रों के अनुसार फायर स्टेशन का स्टाफ भी इस जहरीले धुएं के कारण विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त हो गया है। इसे लेकर फायर स्टेशन



प्रभारी पुष्पेंद्र कुमार चौहान ने दो सप्ताह पहले ही प्रदूषण विभाग को एक पत्र लिखकर कार्यवाही की सिफारिश कर कोल्हुओं पर गंदा कपड़ा व मोम और टायर जलाना तत्काल रोका जाए, अन्यथा छोटी-छोटी चिमनियों से निकलने वाला जहरीला धुआं पूरे क्षेत्र को बर्बाद कर देगा।

इतना ही नहीं कुछ दिनों पहले एसडीएम उदित पवार ने भी इन कोल्हूओं पर छापा मारी कर सारा नजारा अपनी आंखों से भी देखा था, लेकिन उसके बाद भी जहरीला धुआं उगलने वाले इन कोल्हू मालि. कों पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। दूसरी ओर किसानों का शोषण भी खुलकर सामने आया है। क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि ओसवाल चीनी मिल ने पिछले दो वर्षों से गन्ने का भुगतान नहीं किया है, जिससे वे आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। मजबूरी में उन्हें अपना गन्ना कोल्हु स्वामियों को बेहद सस्ते दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। कोल्हु संचालक किसानों की इसी मजबूरी का फायदा उठाकर मनमानी दरों पर गन्ना खरीद रहे हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुता. बिक प्रदूषण विभाग की टीम ने सभी कोल्हुओं की वीडियो रिकॉर्डिंग कर संचालकों के नाम दर्ज किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह गंभीर पर्यावरणीय अपराध है और दोषियों के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर कोल्हुओं को सील करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि जहरीले धुएं से बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सांस लेने में भारी दिक्कत हो रही है। आंखों में जलन, खांसी और सिरदर्द आम बात हो गई है। अब प्रदूषण विभाग की इस कार्रवाई से लोगों में कुछ उम्मीद जगी है, लेकिन उनका साफ कहना है कि यह कार्रवाई नियमित होनी चाहिए, ताकि क्षेत्र को इस धीमे जहर से हमेशा के लिए बचाया जा सके।

प्रदूषण विभाग के अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जांच को टीम भेजी गई है, टीम की रिपोर्ट के आधार पर इनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## आत्मनिर्भर भारत के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** आत्मनिर्भर भारत के उपलक्ष्य में बहेड़ी नगर मंडल युवा मोर्चा द्वारा एक कार्यशाला का गन्ना उत्पादक महाविद्यालय में आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि दमखोदा ब्लॉक प्रमुख दुष्यंत गंगवार ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बना रही है और आज के युवा ही आगे चलकर दूसरों को नौकरी दे सकते हैं। अगर खुद का अपना कारोबार करते हैं हमारे यहां हर प्रकार की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि युवा अपना कुछ भी कार्य या उद्योग लगाकर उसका लाभ उठा सकते हैं। आप खुद दूसरों को नौकरी दें और नौकरी के करने के चक्कर में न रहें। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा मुकेश राजपूत, नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हेमंत गंगवार, जिला पंचायत सदस्य सूर्य कुर्मी, शक्ति गुप्ता, सतीश राठौर, सुरेंद्र तोमर, राजा भाटी, गौरव गंगवार आनंद गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

## सप्त शक्ति संगम से ही मातृशक्ति जागरण की मुहिमः श्रुति गंगवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर चठिया में सप्तशक्ति संगम का दिव्य भव्य कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुभारम्भ हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मातृशक्ति में आत्म गौरव बढ़ाने के साथ-साथ दायित्व बोध का जागरण कराना था।



मुख्य अतिथि श्रुति गंगवार अध्यक्ष अर्बन कोआपरेटिब बैंक सुपुत्री संतोष गंगवार राज्यपाल झारखण्ड ने कहा कि सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम से ही मातृशक्ति में जागरण की भूमिका पल्ल्वीत हो रही है, वो निश्चित रूप से सराहनीय है, व कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर भी अपना विषय रखा।

राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वीरांगनाओं के प्रसंग सुनाकर व वर्तमान सामा. जिक स्थिति पर प्रकाश डाला। बच्चों द्वारा किये गये कार्यक्रमों से मातृशक्ति प्रभावित नजर आयी। विशिष्ट माताओं का, मातृशक्ति का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दो सौ पचास से अधिक मातृशक्ति ने सहभागिता की। अंत में मातृशक्ति की सुप्त अवस्था को जागरण कर कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिला निरीक्षक शान्तिपाल गंगवार, प्रधानाचार्य छेदालाल, प्रबंध समिति के सदस्य व आचार्य परिवार आदि लोग रहे।

## बेटी के सपनों पर गंदे इरादों की स्याही, मनचले की दरिंदगी से टूटा भविष्य का सपना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पिता की तहरीर पर मनचले पर मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज।** थाना हाफिजगंज के गांव नौआ नगला के रहने वाले एक ग्रामीण ने नवाबगंज थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री रिठौरा के एक निजी कॉलेज में प्रथम वर्ष की छात्रा है। वह नियमित रूप से कॉलेज जाती थी, और पढ़-लिखकर देश के लिए कुछ करना चाहती थी, माता-पिता का नाम रोशन करना उसका सपना था, लेकिन एक मनचले की गंदी नजर और लगातार प्रताड़ना ने उसकी हिम्मत तोड़ दी।

आरोप है कि शोभित निवासी खिलवीपुर, थाना नवाबगंज पिछले कई महीनों से छात्रा को रास्ते में रोककर अश्लील टिप्पणियां करता था। किसी तरह नंबर हासिल कर उसने रात-रात भर अलग-अलग मोबाइल नंबरों से छात्रा को फोन करके अश्लील बातें कीं, और धमकियां देता रहा। जब छात्रा ने विरोध किया तो उसने उसे अगवा करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दी, साथ ही समाज में बदनाम करने की चेतावनी दी थी, उसके कई साथी भी इस घिनौनी हरकत में उसका साथ देते रहे। पीड़िता इस डर और मानसिक प्रताड़ना से पूरी तरह टूट गई। आखिरकार उसने रो-रोकर अपने माता-पिता को पूरी बात बताई। परिजनों ने आरोपी के परिवार से शिकायत भी की, लेकिन उसकी हरकतों में कोई सुधार नहीं हुआ। लगातार बढ़ते डर और तनाव के कारण छात्रा पढ़ाई छोड़कर घर बैठने को मजबूर हो गई, और अपने टूटे सपनों को याद कर बिलखती रही। इस मामले में छात्रा के पिता ने नवाबगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है, और उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना न केवल एक बेटी के सपनों के टूटने की कहानी है, बल्कि समाज के सामने एक गंभीर सवाल भी खड़ा करती है कि आखिर कब तक बेटियों को ऐसे दरिंदों की भयावह हरकतों का शिकार होना पड़ेगा।

# कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की कार्यप्रणाली से जनता को मिल रहा त्वरित न्याय

■ कानून-व्यवस्था को मजबूत करने को लगातार उठा रहे कठोर कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** देवरनियां कोतवाली क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की कार्रवाई प्रभावी साबित हो रही है। उनकी सख्त निगरानी और लगातार अभियानों के कारण क्षेत्र में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लग गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, लंबे समय बाद खनन माफियाओं पर यह पहली प्रभावी कार्रवाई है।



कोतवाली प्रभारी द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने न केवल खनन गतिविधियों पर नियंत्रण किया है, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षा माहौल को भी बेहतर बनाया है। रात में गश्त, संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की उपस्थिति और त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों का पुलिस पर भरोसा बढ़ा है। इसके अतिरिक्त, महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की पहल भी सराहनीय है। मिशन शक्ति फेज-5 के तहत, कोतवाली प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीमें लगातार रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों, स्कूलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अभियान चला रही हैं। इन अभियानों के दौरान महिलाओं को सुरक्षा से संबंधित हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 181, 112, 1098 आदि की जानकारी दी जा रही है।

देवरनियां कोतवाली के प्रभारी आशुतोष द्विवेदी कानून-व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई कदम उठा रहे हैं, जिनमें अपराध नियंत्रण, अपराधियों पर सख्ती और जनता में सुरक्षा की भावना बढ़ाना शामिल है। उनकी टीम ने अपराधियों को न केवल गिरफ्तार किया है बल्कि कई मुठभेड़ों में उन्हें घायल कर जेल भी भेजा है, जिससे क्षेत्र में अपराध दर कम हुई है। द्विवेदी ने पुलिसकर्मियों के साथ देर रात पैदल गश्त भी शुरू की है ताकि जनता में सुरक्षा की भावना बढ़े और वे अपराधों से सुरक्षित रहें। पुलिस टीमें छात्राओं और महिलाओं को सरकारी योजनाओं, सुरक्षा उपायों और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक कर रही हैं। साथ ही, पंपलेट वितरित कर उन्हें मिशन शक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पुलिस की सक्रियता के कारण क्षेत्र में अपराध और अवांछित गति. विधियों में कमी आई है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यह कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी, जिससे क्षेत्र में कानून- व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी की कठोर कार्यप्रणाली से देवरनियां कोतवाली क्षेत्र में अपराध दर में कमी आई है, जिसका श्रेय थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी और उनकी टीम की कड़ी कार्रवाई को जाता है।

द्विवेदी और उनकी टीम ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, और कुछ मुठभेड़ों में उन्हें घायल भी किया गया है। द्विवेदी ने गश्त के दौरान जनता से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने मुख्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था का जायजा लिया और यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया।

### अपराधियों और उन्हें शरण देने वालों पर होगी कठोर कार्रवाईः द्विवेदी

**दैनिक शाह टाइम्स** से बातचीत में थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि अपराधियों और उन्हें शरण देने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें और अपराध की सूचना दें, जिसमें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने लोगों को सीधे थाने आकर अपनी समस्या बताने के लिए भी प्रोत्साहित किया। द्विवेदी ने बताया है कि अपराध नियंत्रण और जनता की सुरक्षा के लिए ये कदम भविष्य में भी जारी रहेंगे। बहेड़ी के देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने अपने कार्यकाल में अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उनकी कार्यशैली के कारण क्षेत्र में अपराध दर में कमी आई है और अपराधियों में भय का माहौल बना है।

शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी ने कई विशेष पहल की हैं। उन्होंने सभी धर्मों के पर्वों को लेकर इलाके के संभ्रांत लोगों के साथ बैठकें कीं। साथ ही, व्यापारियों से अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की अपील भी की। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, क्षेत्र में अमन और चैन बहाल हुआ है। थाना प्रभारी द्विवेदी की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण जनता के बीच पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है, जबकि अपराधियों में दहशत कायम है।

## एंटी करप्शन ने मंडी सेंटर इंचार्ज व साथी को रिश्वत लेते पकड़ा

■ टीम की अचानक दबिश से मंडी कर्मचारियों में मचा हड़कम्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बहेड़ी।** एंटी करप्शन की टीम ने गल्ला मंडी में सेंटर इंचार्ज व उसके साथी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इस दौरान टीम ने उनके पास से किसानों से लिये गए रिश्वत के पैसे भी बरामद किये हैं। इस मामले में पुलिस ने आरोपी सेंटर इंचार्ज व उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सोमवार को एंटी करप्शन की टीम ने मंडी समिति में सेंटर इंचार्ज मनीष दुबे व उसके साथी अतुल गंगवार को एक किसान से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। एंटी करप्शन की टीम ने छापेमारी के दौरान किसानों से वसूली गई रकम भी बरामद की है। मंडी में घूसखोरी व अनियमितताओं की सूचना पर टीम ने यह कार्रवाई की है। टीम की अचानक दबिश से मंडी कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। वहीं। इस मामले मे पुलिस ने आरोपी सेंटर इंचार्ज मनीष दुबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शिकायतकर्ता सुनील कुमार पुत्र हर प्रसाद निवासी ग्राम मलकपुर तहसील व थाना बहेड़ी जनपद बरेली ने तौल घर धान, सरकारी अनाज मण्डी बहेडी में प्रति कुण्टल के हिसाब से उत्कोच के रूप में रुपये 10,000/- (दस हजार रुपये) की रिश्वत उपरोक्त आरोपी मनीष कुमार दुबे व उसके साथी प्राइवेट व्यक्ति अतुल गंगवार के द्वारा मांगे जाने की शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन से की गयी। शिकायत का संज्ञान लेकर भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली की टीम द्वारा नियमानुसार तत्काल प्रभावी कार्यवाही करते हुए मनीष कुमार दुबे, सम्प्रति विपणन निरीक्षक, कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियन्त्रण जनपद बरेली व प्राइवेट व्यक्ति अतुल गंगवार को उत्कोच की रकम रुपये 10 हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है।

## बरेली ने डुप्लीकेट मतदाता सूची सत्यापन में प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचक नामावली वृहद पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जनपद बरेली ने संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन एवं विलोपन कार्य में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर डीएम अविनाश सिंह ने समस्त संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और बीएलओ को बधाई दी है।

डीएम ने प्रथम स्थान प्राप्त होने पर समस्त संबंधित अफसरों को दी बधाई

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि./रा.) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) संतोष कुमार सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची में कुल 3,94,886 संभावित डुप्लीकेट मतदाता शामिल थे। इनके सत्यापन हेतु खंड विकास अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित कर बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण कराया गया। डीएम अविनाश सिंह द्वारा लगातार बैठकों, समीक्षा और वीआरसी स्तर पर आ रही तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान के चलते यह कार्य 23 नवम्बर 2025 तक पूरी तरह संपन्न कर लिया गया। सत्यापन में 3,06,790 मतदाता सही पाए गए, जबकि 88,196 डुप्लीकेट मतदाताओं को मतदाता सूची से विलोपित किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले जनपद के प्रथम तीन बीएलओ के लिए क्रमशः 10 हजार, 8 हजार और 6 हजार रुपये के पारितोषिक की घोषणा की, जिससे क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का माहौल बना और कार्य समय से पूर्व पूरा हुआ। डीएम ने कहा कि टीमवर्क और सक्रिय कार्रवाई के चलते बरेली ने यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

# प्रदेश को टीबी मुक्त बना रही योगी सरकार, तेजी से शुरू हुई स्क्रीनिंग

■ डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने बढ़ाई स्क्रीनिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** योगी सरकार ने प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य की ओर नया कदम बढ़ा दिया है। व्यापक स्क्रीनिंग, घर-घर जांच और संदिग्धों को तत्काल मुफ्त दवाओं व पोषण की किट उपलब्ध कराए जाने से अभियान ने पूरे प्रदेश में गति पकड़ ली है। बीते एक वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि सरकार का फोकस अब केवल असुरक्षित क्षेत्रों



तक सीमित नहीं, बल्कि सामान्य इलाकों में भी संक्रमण की बढ़ती दर पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग ने इसकी तैयारी तेज कर दी है।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर टीबी रोगियों की जांच और उपचार में बरेली पूरे प्रदेश में अव्वल है। जिला क्षय रोग अधिकारी बरेली ने बताया कि टीबी की व्यापक जांच, मुफ्त इलाज और पोषण सहायता जैसे उपायों ने इस अभियान को मजबूत गति दी है। बरेली सहित प्रभावित जिलों में अब स्क्रीनिंग और जागरूकता को और बड़े स्तर पर बढ़ाया जा रहा है, ताकि 2025-26 तक टीबी मुक्त प्रदेश का लक्ष्य साकार हो सके।

### असुरक्षित क्षेत्रों में 2.41 करोड़ की स्क्रीनिंग, सामान्य इलाकों में संक्रमण दोगुना

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 नवंबर 2024 से 1 नवंबर 2025 तक की गई स्क्रीनिंग रिपोर्ट आई है। असुरक्षित क्षेत्रों में 2.41 करोड़ लोगों की जांच में 5,280 लोगों में टीबी के लक्षण मिले। वहीं सामान्य इलाकों में 26.28 लाख जांच में 1.13 लाख लोगों में लक्षण मिले, यहां संक्रमण दर 4 प्रतिशत, यानी स्लम की तुलना में लगभग दोगुनी है। इसी के बाद स्वास्थ्य विभाग ने सामान्य आबादी की स्क्रीनिंग को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है।


जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन का कहना है कि बरेली में जिन इलाकों में टीबी के रोगी ज्यादा चिन्हित किये गये हैं। रिपोर्ट का विस्तृत विश्लेषण चल रहा है। सामान्य इलाकों में इतने अधिक केस आये हैं। लगातार जांच बढ़ाई जा रही है। स्वास्थ्य टीमें जांच कर रोगियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, पोषण और मुफ्त दवा के वितरण में लगी हैं। प्रदेश के सामान्य इलाकों में टीबी के लक्षण वाले मरीज मिले हैं। आंकड़ों के मुताबिक बड़े शहरी क्षेत्र संक्रमण की दृष्टि से अधिक संवेदनशील हो गए हैं।

### निशुल्क इलाज, पोषण किट और घर-घर जांच, योगी सरकार बना रही सुरक्षा कवच

टीबी मुक्त भारत और उत्तर प्रदेश में अभियान के तहत सभी पॉजिटिव मरीजों को मुफ्त दवा किट, पोषण हेतु निक्षय पोषण सहायता, नियमित होम-विजिट, अस्पतालखसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में त्वरित जांच और संदिग्धों को तत्काल सीबीएनएटीटी टेस्ट की सुविधा दी जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने सामान्य इलाकों में स्क्रीनिंग तेज कर दी है ताकि संक्रमण के छिपे मरीजों को तुरंत उपचार मिल सके।

## जिले में सात नए गिरोह पंजीकृत 32 अपराधियों पर लगेगा गैंगस्टर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**बरेली।** एसएसपी के निर्देश पर जिले में अपराधियों पर सख्ती बढ़ाते हुए पुलिस ने सात नए गिरोह पंजीकृत किए हैं। इन गिरोहों से जुड़े कुल 32 अपराधियों पर अब गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। इनमें मादक पदार्थ तस्करी, चोरी-लूट और पशु तस्करी में लिप्त आरोपी शामिल हैं।


मीरगंज थाने में पंजीकृत कमालपुर अलीगंज निवासी महिपाल के गिरोह में सिरौली के डालचंद्र, गौटिया के नरेशपाल तथा आंवला के मानपुर निवासी राजकुमार उर्फ डोरी शामिल हैं। ये सभी मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय बताए गए हैं। आंवला थाने में ताड़गंज निवासी संजय यादव के तस्करी गिरोह में आंवला निवासी हरिओम वर्मा और केशव उर्फ टेड़ा शामिल हैं। हरिओम के खिलाफ जानलेवा हमले और मारपीट के मुकदमे भी दर्ज हैं। फतेहगंज पश्चिमी थाने में पंजीकृत जुबैर के गिरोह में लोहारनगला के मुन्ना उर्फ अभय प्रकाश, परमीलाल, सोमपाल और सफरी निवासी सलीम शामिल हैं। पुलिस इनकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रही है। असदनगर निवासी अमशुल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। उसके गिरोह में शमशुल, इंतजार, गुड्डू, हसन, इकबाल, अल्ताफ, महताब, सलमान, सुरेंद्र और रूटिया निवासी मंसूर शामिल हैं। मीरगंज पुलिस इस गैंग पर लगातार निगरानी कर रही है। सीबीगंज के मथुरापुर निवासी सचिन सैनी के गिरोह में कैंट के उमरसिया निवासी सुनील, इज्जतनगर छोटी विहार का राहुल और कांकरटोला का अभिषेक चौधरी शामिल हैं। भुता थाने में इस गिरोह को पंजीकृत किया गया है।

शाहजहांपुर के कटरा निवासी आरिफ उर्फ शावेज के पशु तस्करी गिरोह को कैंट थाने में पंजीकृत किया गया है। उसके गिरोह में रहबर उर्फ अनस भी शामिल है। परतीतपुर निवासी अर्जुन यादव हत्या के मामलों में शामिल रहा है। उसके गिरोह में विजय, रूपेंद्र यादव और पंकज यादव सक्रिय हैं। क्योलड़िया पुलिस ने इस गैंग को पंजीकृत करके कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मीरगंज तहसील का निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**बरेली।** जनपद में विधानसभा निर्वाचक नामाव. लियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के तहत मीरगंज तहसील ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस कार्य के लिए निर्वाचन आयोग ने उपजिलाधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मीरगंज, आलोक कुमार की प्रशंसा की है।



निर्वाचन आयोग ने आलोक कुमार से उनके कार्य की रणनीति के बारे में जानकारी ली। उपजिलाधिकारी ने बताया कि इम्युरेशन फॉर्म वितरण के तुरंत बाद ही फॉर्म प्राप्त करने और उनकी ऑनलाइन फीडिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। कार्य में तेजी लाने के लिए बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) को कोटेदारों, पंचायत सहायकों और नगर पंचायत कर्मियों के माध्यम से सहयोग प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, कमजोर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ के साथ ऐसे अतिरिक्त सहयोगी भी लगाए गए, जिन्हें क्षेत्र की अच्छी जानकारी है।

इस सामूहिक प्रयास के परिणामस्वरूप, अभियान के तहत अब तक 43.03 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। तहसीलदार मीरगंज, खंड विकास अधिकारी मीरगंज, खण्ड शिक्षा अधिकारी मीरगंज, नायब तहसीलदार मीरगंज और खंड शिक्षा अधिकारी फतेहगंज पश्चिमी सहित सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के सहयोग से शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में तेजी से कार्य जारी है।

# डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सोमवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में वेब परिवारों की विस्तार से समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए थे कि इन परिवारों की सूची जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करा दी जाए, जिससे उन्हें आगे से कोटेदार से राशन प्राप्त होने की सुविधा बंद करायी जा सके। जिसपर अवगत कराया गया कि उक्त परिवारों की सूची जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करा दी गयी है। इसके साथ ही टीकाकरण नहीं कराने वाले परिवारों की जानकारी उप जिलाधिकारी को देने के साथ उनपर कठोर कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अवगत कराया गया कि तहसील बहेड़ी के विकासखण्ड शेरगढ़ के एक ग्रामीण द्वारा कहा जा रहा है कि दस हजार रुपये दो तब टीकाकरण कराऊंगा, जिस पर डीएम ने निर्देश दिए कि एक आदमी की वजह से समाज को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा, इसलिए कठोर कार्यवाही की जाए। बैठक में अवगत कराया गया है कि शहरी क्षेत्र में खराब कार्य करने वाली आशाओं वर्षा सक्सेना (जाटवपुरा), रानी (बहेड़ी), प्रभापाल (बहेड़ी), साधना शर्मा, चांदनी रस्तोगी एवं कल्पना (जसौली), आशा देवी (सिविल लाइन्स) एवं डौली (घेर जाफर खां) की सेवा समाप्ति का प्रस्ताव जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिथरी चैनपुर के स्वास्थ्य अधीक्षक द्वारा मोना (ग्राम गिरधारपुर), निरंजना (ग्राम पदाराथपुर) एवं आशा रजनी (ग्राम अहिलापुर) आशाओं की कार्य में लापरवाही बरतने पर सेवा समाप्ति की संस्तुति की गई, जिसपर सहमति प्रदान की गयी। बैठक में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गंगा. पुरम पर तैनात संविदा सपोर्ट स्टाफ ज्योति प्रकाश के आशा भुगतान वाउचर को रद्दी में दे देने के आरोप की जांच कमेटी के द्वारा की गई और उक्त अरोप सही पाये जाने पर इनकी सेवा समाप्ति हेतु प्रस्ताव जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष प्रस्तुत है, जिस पर डीएम द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गयी।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र मो. शफीक और उसकी पत्नी आसमा बी को गलत व अभद्र व्यवहार और अपमानित करने और धमकियां देने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुक. दमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरे व परिवार के कोई सदस्य उपरोक्त दोनों के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**नवी अहमद पुत्र अब्दुल शकूर**
**निवासी ग्राम मवई काजियान, बहेड़ी (बरेली)**

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू भानू का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ता व पदाधिकारी अपने तयशुदा कार्यक्रम के तहत अंबेडकर पार्क रामपुर में इकत्र हुए तथा किसानों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए 7 सूत्रीय ज्ञापन को लेकर जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी के नेतृत्व में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और जोरदार नारेबाजी करने लगे। किसानों की आवाज सुनकर सिटी मजिस्ट्रेट किसानों के बीच पहुंचे किसानों से वार्ता की और सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। 7 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी की गैर मौजूदगी में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। इससे पहले किसानों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि किसान मजदूर देश में 85 परसेंट है अगर एकत्र हो गए तो जो चाहे करा सकते हैं लेकिन कुछ सत्ता पक्ष के लोग किसानों को हिंदू मुस्लिम में बाट देते हैं जिससे के किसान मजदूर एक साथ ना हो सके। क्योंकि किसान मजदूर जिस दिन एक प्लेटफार्म पर आ गया उस दिन सभी भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारी सीधे हो जाएंगे मिलक खघनम पीपली वन में 25 वर्षों से बंद पड़ी नहर को पिछले वर्ष सफाई खुदाई करके करोड़ों रुपए खर्च किए लेकिन पानी आज तक नहीं छोड़ा गया। इस नहर में पानी टेल तक पहुंचाया जाए सरकार के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है बिलासपुर में अपर सैजनी नहर धनेली नहर पर तथा दाया भाखड़ा बाया भाखड़ा नहर की सफाई मानक अनुसार नहीं कही गई है। धान क्रय केंद्रों पर किसानों के बजाय बिचोलियो को तवज्जों दी जा रही है बिचौलियों का धान राइस मिलों का धान तोला जा रहा है सरकारी मूल्य का लाभ सीधे-सीधे किसानों को नहीं मिल पा रहा है। धान क्रय केंद्र प्रभारी ने बिचौलियों व राइस मिलों से मिलकर फर्जी तरीके से धान तोला जा रहा है तथा जिन किसानों का धान ही नहीं था उनके नाम पर फर्जीबाड़ा किया जा रहा है।

गेहूं का बीज बनाने वाले सीड प्लांटो पर दड़े के गेहूं का बीज बनाकर किसानों को बेचा जा रहा है। इन सीड प्लांटो पर मानक पूरे नहीं है पूरे जिलों में नेहरू की सफाई नारी विभाग द्वारा कराई जा रही है जिसमें मानव प्रसार सफाई नहीं हो रही है। सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है पिपली वन डांडिया वन के अधिकारियों द्वारा कीमती लकड़ी की तस्करी कराई जा रही है तथा सरकार को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। जिले पर बैठे अधिकारियों की सब मिली भगत से अवैध कटान हो रहा है किसानों को खाद के लिए लाइन लगानी पड़ रही हैं तथा खाद नहीं मिल पा रहा है। किसानों को हाथ उपलब्ध कराया जाए मिलक विचोला टोल टैक्स पर तैनात अनिल ने सरकारी जमीन को ठेका पर देखकर गेहूं की फसल बुवाई गई है तथा कुछ जमीनों पर पेड़ लगा दिए गए हैं। जिस जमीन पर पेड़ नहीं लगे हैं उस को ठेका पर दे दिया है इसकी जांच कराई जाए। इस मौके पर फरहत अली खान, भगवान दास, कदीर आलम, मोहम्मद अहमद, महबूब अली पाशा, लियाकत खान, मतलब हसन, रामस्वरूप, महेंद्र सिंह, शकील अहमद, आरिफ, हड़ताल सिंह यादव, राम अवतार मौर्य, सफीक अहमद, रईस अहमद, नासिर शाह, अय्यूब, निजाम अली, मुदस्सिर अली, मारूफ अली, हाजी इकराम, फैजान बादशाह, मोहम्मद सोहेल आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक और एएसपी ने थाना स्वार का आकस्मिक निरीक्षण कर क्षेत्र में की पैदल गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के साथ थाना स्वार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेख प्रबंधन, आगंतुक रजिस्टर, मालखाना, बीट सूचना, सीसीटीएनएस फीडिंग तथा विवेचना से संबंधित अभिलेखों की गहनता से जांच की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित विवेचनाओं के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, थाना स्तर पर अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही, थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार तथा जनता की समस्याओं के तत्पर निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण उपरांत पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कस्बा स्वार में पैदल गश्त कर बाजार क्षेत्र, मुख्य मार्गों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों, राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा सुरक्षा की भावना बनाए रखने के लिए सतत पुलिस गश्त एवं प्वाइंट ड्यूटी को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# बड़े पैमाने पर हो रहा मिट्टी का कारोबार राजस्व व पुलिस प्रशासन खामोश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर सहित क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर मिट्टी का खनन किया जा रहा है पुलिस प्रशासन व राजस्व विभाग मौन साध कर बैठा हुआ है। मिट्टी का कारोबार करने वाले लोगो के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की जा रही है पुलिस प्रशासन भी इन मिट्टी का खनन करने वाले लोगो के खिलाफ कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही राजस्व विभाग इन मिट्टी का खनन करने वाले लोगो पर कोई कार्रवाई कर पा रहा है। दिन हो या रात मिट्टी के ओवर लोड वाहन बड़े पैमाने पर नगर सहित क्षेत्र मे चल रहे है। चौकी के सामने से यह वाहन बड़े शान और शोकत के निकलते है इनको किसी का कोई भय नही है मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रालिया चौकी के सामने से सर पट दोड रही लेकिन पुलिस इन ट्रैक्टर ट्रालियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही कर रही है।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत बीएलओ एवं सुपरवाइजर का प्रशिक्षण सम्पन्न

■ **डीएम ने सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी और पारदर्शिता से एसआईआर संबंधी कार्य करने के दिए निर्देश**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अजय द्विवेदी की अध्यक्षता में बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के अंतर्गत जिले में मतदाता सूची अद्यतन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया।

जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, मतदाता विवरण सत्यापन तथा डेटा मिलान संबंधी विस्तृत जानकारी जनपद के समस्त बीएलओ एवं सुप. रवाइजरों को दी।

जलाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बीएलओ एवं सुपरवाइजर सजगता, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

गणना प्रपत्र में दर्ज की जाने वाली प्रत्येक जानकारी त्रुटिरहित होनी चाहिए, जिससे मतदाता सूची पूर्णतः शुद्ध एवं अद्यतन तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े तथा अपात्र अथवा मृत व्यक्तियों के नामों को हटाने की कार्रवाई निर्धारित नियमों एवं समय सीमा के अन्तर्गत की जाए।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बीएलओ ऐप पर गलत डेटा फीडिंग किसी भी स्थिति में न की जाए। यदि ऐसा पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जायेगी।

उन्होंने यह भी कहा कि बीएलओ अपने दायित्वों का निर्वहन निर्भीक होकर और पूरी निष्ठा से करें। उन्होंने कहा कि अपने कार्य को समयबद्ध एवं शत-प्रतिशत गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने वाले ऐसे 10 उत्कृष्ट बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा और उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित कर मेरे साथ भोजन का अवसर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक बीएलओ को अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना प्रपत्र के माध्यम से मतदाताओं से आवश्यक जानकारी एकत्र करनी होगी।

उन्होंने इस प्रक्रिया में बीएलओ को बीएलओ ऐप का सक्रिय उपयोग कर कार्य की प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ और सुप. रवाइजरों को यह भी बताया कि जिन मतदाताओं का विवरण डेटाबेस से मेल नहीं खाता या जिनकी जानकारी उपलब्ध नहीं है, उनके संबंध में ईआरओ (एसडीएम) द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा।

उन्होंने सभी बीएलओ से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचें, दस्तावेजों का सत्यापन कर सही एवं अद्यतन जानक. ारी प्राप्त करें, ताकि मतदाता सूची पूर्ण, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित तैयार हो सके।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी वि./रा. संदीप कुमार वर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, रामपुर, बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अर्न्तगत इम्पोरटेन्स ऑफ वोटिंग थीम पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम की कार्ययोजना के अनुसार जनपद के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अर्न्तगत "द इम्पोरटेन्स ऑफ वोटिंग" थीम पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त स्कूल के प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, ड्राइवरों एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य, नागरिकों में निर्वाचकीय जागरूकता पैदा करना और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बताया गया कि स्वीप कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच चुनावी जागरूकता पैदा करना और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है साथ ही लोगों को मतदान का महत्व बताना है ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और सही उम्मीदवार को चुनें जिससे हमारे देश का विकास हो सके। स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूल द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को व्हाट्सएप ग्रुप में सूचना देकर जागरूक किया गया कि सभी अपने आस-पड़ोस के लोगों को, जिनकी आयु 18 साल पूर्ण हो चुकी है और उनका वोट बन जाये, मतदान के दिन सभी जागरूक होकर अपने मत का शत-प्रतिशत उपयोग करें। इससे ही भारत का भविष्य उज्ज्वल और विकसित हो सकता है।

# सीडीओ ने मॉडल प्राईमरी स्कूल का किया औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र ने प्रातः 09:45 बजे विकास खण्ड चमरौआ के वजीरनगर स्थित मॉडल प्राईमरी स्कूल औचक रूप से पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने स्टाफ उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया और स्टाफ की जानकारी ली।

मौके पर उपस्थित सहायक अध्यापक ने अवगत कराया कि विद्यालय में 03 सहायक अध्यापक तथा 01 शिक्षा मित्र तैनात है। जिनमें एक अध्यापक छुट्टी पर हैं तथा शेष 02 बी.एल.ओ. ड्यूटी में लगे हैं। उन्होंने विद्यार्थी उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया, जिसमें विद्यालय में पंजीकृत 45 बच्चों में 40 उपस्थित पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी ने 4 व 5 की कक्षा में जाकर विद्यार्थियों से मिड-डे मिल तथा पाठ-पाठन के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिस पर बच्चों द्वारा संतोषजनक उत्तर दिया गया।

इस दौरान उन्होंने विद्यालय में स्थापित एम.डी.एम. शेड का निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय एम.डी.एम. शेड गंदा मिला और शेड में जगह-जगह कुछ टाईल्स टूटे पाये गये।

जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ ने शीघ्र ही मरम्मत कार्य कराये जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने विद्यालय में नियमित रूप से साफ सफाई कराने व पानी आदि की व्यवस्था दुरुस्त कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने स्मार्ट क्लास का भी निरीक्षण किया। सहायक अध्यापक ने बताया कि रोस्टर के अनुसार बच्चों को स्मार्ट क्लास में यूट्यूब चौनल के माध्यम से पढ़ाया जाता है।

निरीक्षण के समय रसोईया अनुपस्थित मिली। रसोईया के मानदेय के सम्बन्ध में जानकारी करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया माह अगस्त 2025 तक का मानदेय दे दिया गया है। बीएसए ने बताया कि खाद्यान्न माह दिसम्बर 2025 तक का प्राप्त हो गया है।

निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, सहायक अध्यापक शोएब अहमद अंसारी व अन्य मौजूद रहे।

# एसपी और एएसपी द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला आरक्षियों को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सोमवार को पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा थाना कैमरी की महिला आरक्षी निशा, तथा थाना खजुरिया की महिला आरक्षी गंगा देवी एवं महिला आरक्षी अमृता भूषण को अपनी-अपनी बीट की उत्तम बीट बुक तैयार करने एवं बीट से संबंधित पूर्ण एवं अद्यतन जानकारी रखने के लिए नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिया गया यह सम्मान महिला आरक्षियों के श्रेष्ठ कार्य, लगन तथा बीट प्रबंधन में उनकी दक्षता को प्रतिबिंबित करता है। इस प्रकार का प्रोत्साहन पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्यों के प्रति और अधिक जिम्मेदारी एवं समर्पण भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित करता है।

# ओवरलोड वाहनों से खौद चौराहे पर लगा घंटों जाम

■ **लोगों को आवाजाही करने में आई परेशानी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में ओवर लोड वाहनों की वजह से रोजाना जाम लग जाता है जिसके चलते खौद चौराहे पर जाम लगना अब एक आम बात गई है। जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार शाम रामपुर स्वार मार्ग से गुजर रही गन्ने से लदी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों के चलते मार्ग जाम के हवाले हो गया।

वाहन रेंग रेंग कर चलते रहे। जिससे अन्य वाहन स्वामियों को आवागमन करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम के चलते मार्ग पर लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। जाम में आटो,ई- रिक्शा फंस जाने के कारण चौराहे पर यात्री परेशान रहे। लगभग 5 बजे से मार्ग जाम के हवाले रहा पुलिस कर्मी जाम खुलवाने के लिए मशक्कत करते रहे। जाम खुल जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

# सेकेंड आगा मेमोरियल स्टेट हॉकी टूर्नामेंट मे आगा इलेविन, गाजियाबाद, शाहजहांपुर ने जीत दर्ज की



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सेकेंड हसन आगा मेमोरियल स्टेट हॉकी टूर्नामेंट सफलता के साथ जारी टूर्नामेंट मे गाजियाबाद, शाहज. हांपुर,आगा इलेविन ने जीत दर्ज कर अगले राउंड मे प्रवेश किया।

महात्मा गांधी फिजिकल कालेज स्टेडियम मैदान पर चल रहे सेकेंड हसन आगा मेमोरियल स्टेट हॉकी टूर्नामेंट के दूसरे दिन तीन मैच खेले गए पहला मैच गाजियाबाद व मेरठ की टीमों के बीच संघर्षपूर्ण मैच खेला गया पूरे मैच समय मे दोनो टीमें बराबर खेली टाईबरेकर मे गाजियाबाद ने मेरठ को 1-0 से हराया इस मैच के मुख्य अथिति वरिष्ट हॉकी खिलाड़ी जोजफ खां ने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया।

दूसरा मैच शाहजहांपुर व भदोही के बीच खेला गया शाहजहांपुर की ओर से अनुज ने दो गोल किए राजन ने एक गोल किया शाहजहापुर ने भदोही को 3--0 से हराया इस मैच के मुख्य अतिथि आसिम खां ने दोनो टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया। तीसरा मैच आगा इलेविन व बुलंदशहर के बीच खेला गया मैच शुरू होते ही आगा इलेविन के तुशार ने आठवें मिनट मे सुमित ने 35 वें मिनट मे दूसरा गोल किया तीसरा गोल सुमित एक और गोल कर टीम को 3-0 से जीत दर्ज कराई। इस मैच के मुख्य अतिथि मशकूर खां सम्पादक रामपुर का एलान ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय किया। आज के मैचों की अंपायरिंग मो. जावेद, , सुनील चौधरी, मुशीर अहमद , तजमम. ुल जैदी, ब्रजेश कुशवाहा, मुनीश दूवेदी ने की। टेक्निकल टेबिल का कार्य इंटरनैशनल हॉकी खिलाडी महेन्द्र बोरा ने देखा। इस अवसर पर ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी जमशेद आगा फैजान आगा ने मुख्य अथिति को बुगे देकर स्वागत किया। नासिर खां ने शानदार मैचों का संचालन किया। इस मौके पर हॉकी सचिव मुख्तार खां इकबाल खां वकार खां , आसिम खां, यासिन मम्मा, वसीम खां, फिरासत अली खां, फयाज अली खां, अनुप सिंह, यूसुफ अली खान, अय्यूब खान, फरहत अली खान, एन आई एस शादाब मिया मौजूद रहे। अन्त मे इशरत अली इश्शू मियां व आदिल मियां ने सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट मीडिया प्रभारी फहीम कुरैशी के अनुसार कल 25 नवम्बर को सुबह 10 पहला मैच रामपुर डीएसए व सहारनपुर दूसरा मैच चाँदपुर व हरदोई तीसरा मैच गाजियाबाद व काशीपुर और चौथा मैच रामपुर छात्रावास व प्रतापगढ के बीच खेले जाएंगे।

# सपनों को हकीकत बनाने का मकसद लेकर आया एसीपी: सैयदा सबेहा

■ **चौक-चौराहों से हटकर लाइब्रेरी और किताबों की ओर बढ़ाएं कदम: मास्टर अलीम वारसी**

**रामपुर के नौजवानों को तालीमी इंकलाब से जोड़ने की मुहीम का नाम एसीपी: सैय्यदा सबेहा**




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** घेर कटे बाज खाँ, निकट खाजान खा का कुआं के पास स्थित सैय्यदा ट्यूशन क्लासेज (एसटीसी) में आज एरिया काउंसलिंग प्रोग्राम (एसीपी) का दूसरा सेशन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मौलवी सैय्यद हम्माद आलम ने पवित्र कुरान पाक की तिलावत से की। इसके बाद सभी बच्चों व अभिभावकों ने दुरूद-ए-पाक पढ़ा।

इस मौके पर सैय्यदा फायजा ने प्रोग्राम में आए हुए सभी बच्चों और अभिभावको का स्वागत किया और एसीपी के मकसद को विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम संयोजक व एसटीसी की डायरेक्टर सैय्यदा सबेहा ने कहा कि यह प्रोग्राम केवल किताबी पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को असल जिंदगी की हकीकत से रू-ब-रू कराने और सही दिशा दिखाने का माध्यम है। उन्होंने क्षेत्र के बच्चों से अपील की कि सपनों को सच करने के लिए अभी से मेहनत शुरू कर दें।

इसके बाद फहद खान ने सोसाइटी के पिछले ग्यारह वर्षों के सफर को याद दिलाया। उन्होंने बताया कि सन् 2014 से रामपुर में सोसाइटी शिक्षा से लेकर गरीबों की मदद, कम्बल, नि:शुल्क कपड़े बांटना, मुफ्त कोचिंग और अन्य कल्याणकारी कार्य कर रही है।

इंजीनियर एहतिशाम खान ने बच्चों को आईवटीव के क्षेत्र में करियर के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में आईटी के बगैर कोई भी क्षेत्र संभव नहीं है।

मुख्य वक्ता मास्टर अलीम रजा वारसी ने बच्चों के सामने शिक्षा का महत्व रखते हुए भावुक अपील की। उन्होंने कहा, बिना पढ़े-लिखे इंसान की जिंदगी नामुमकिन सी हो जाती है। आज का बच्चा कल का नागरिक है, अगर आज आपने किताब नहीं उठाई तो कल सड़क पर खड़े होकर पछताओगे। गुजरा हुआ वक्ष्त वापिस कभी नही आएगा।

इस प्रोग्राम में बच्चों को सरकारी नौकरियों की तैयारी के बारे में समझाया गया। एसएससी, यूपीएससी, रेलवे, बैंकिंग, स्टैनो, एनडीए, सीडीएस, एसएससी जीडी, यूपी पुलिस आदि परीक्षाओं की पूरी जानक. ारी दी। खास बात यह कही कि इनमें से अधिकांश परीक्षाओं की फीस मात्र 100 से 200 रुपये तक ही है, फिर भी हजारो-लाखों की नौकरी मिलती है। बच्चों को समझाया कि चौक-चौराहों पर समय बर्बाद करने या गलत संगत में पड़ने से बचें।

अभिभावकों से विशेष रूप से अनुरोध किया गया कि अपने बच्चों को एनडीए, सीडीएस जैसी रक्षा-संबंधी परीक्षाएं जरूर दिलवाएं। बच्चे अगर भारतीय थलसेना, वायुसेना या नौसेना में जाएं तो परिवार का साथ-साथ पूरे देश का नाम रोशन होगा। एनसीसी और एनएसएस ज्वाइन करने की सलाह भी दी गई। अंत में अपील की कि शादी-ब्याह और रोजमर्रा की जिन्दगी में दिखावे के खर्चों में कटौती करके उस पैसे को बच्चों की तालीम और किताबों पर लगाएं।

बच्चों ने बेझिझक अपने सवाल किए, जैसे 10वीं के बाद क्या करें?, आईएएस कैसे बनें? एनडीए की तैयारी घर से कैसे करें? आदि। सभी सवालों के संतोषजनक जवाब दिए गए। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरों पर नई उम्मीद और अभिभावकों की आंखों में संतोष साफ दिखाई दिया। प्रोग्राम में यह भी घोषणा की गई कि अगर कोई भी बच्चा आई0टी0, कॉमर्स, केमिस्ट्री या किसी अन्य विशेष विषय पर कुछ पूछना या समझना चाहता है वह सोसायटी की टीम से सम्पर्क कर सकता है।

अपने क्षेत्र में एसीपी कार्यक्रम कराने के लिए हकीकष्त सोसाइटी की टीम के द्वारा सैय्यदा सबेहा, सैय्यदा फाएजा, सैय्यद कुर्बान मियां और सैय्यदा नाजमा का धन्यवाद किया गया।

कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद रजा ने किया। इस मौके पर सैय्यद कुरबान मियां, सैयदा नाजमा, मास्टर अलीम रजा वारसी, सैयदा फाएजा, सैय्यद हम्माद आलम, एडवोकेट मोहम्मद उस्मान, इंजीनियर फिरासत, अबरार, सहिफा ताहिर, फिजा, रेहाना बी, नईमा बी, मिजबा बी, खदीजा, मोहम्मद मुदस्सिर, एहतिशाम खान, सुमैया, जैनब, महमूद, डॉक्टर रिजवान सिद्दीकी, रिदा हुसैन, उनसा, फलक, स्वालेहा, निदा, इल्मा, अनम, इकरा, फूल, मोबिना खान, अर्शी, बब्बो बेगम, शबनम, सादिया खान, शफिआ खान, महिरा खान, अफरोज जहां, उजमा जबीन, जन्नत सईद, नज्मुन निसा, रमशा फरीद, महक, ताइफ गुलाब, जैनब, अलीशा, अन्हा बी, नीलम गुलाब, सैयद अनस अहमद, साजिद खान, फहद खान, मोहम्मद हुसैन, हाफिज अबरार उस्मानी, सैयद हम्माद आलम, शाहजैब, राहिम रईस, अरहम खान, एहतेशाम खान, उसामा, आमिर, अंसार आरिफ, मोहम्मद असद, फैजान, मोहम्मद रयान, अरनव, कासिम, सूफियान सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और बच्चे उपस्थित रहे। उत्तराखंड के रुद्रपुर से आए हुए मेहमानों ने भी प्रोग्राम की सराहना की।

तीसरे सेशन की तारीख शीघ्र घोषित की जाएगी।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.,**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, रामपुर**

**ई-निविदा सूचना** **दिनांक:** 24.11.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा संख्या एंव कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 27/2025-26 EDC (R) विद्युत वितरण खण्ड-स्वार, रामपुर के क्षेत्रान्तर्गत पूर्ण जगा योजना के सापेक्ष भविष्य में विभिन्न कार्यों को कराने का कार्य (रनिंग टेण्डर)। प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00, धरोहर राशि रू. 20000.00

ई-निविदा की अंतिम तिथि: 09.12.2025 11:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in/ पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

**अधीक्षण अभियंता**
**विविमं रामपुर।**




**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र शरीफ और उसकी पत्नी समीना को गलत आचरण के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है।

भविष्य में मुझसे व मेरे परिवार से उन दोनों का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**लतीफ पुत्र अब्दुल अजीज**
**निवासी ग्राम भण्डपुरा थाना**
**शहजादनगर जिला रामपुर।**

# कालेज जाते दो बहनों के साथ छेड़छाड़

## आरोपी व उसके दोस्त के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सरेराह स्कूल जा रही दो बहनों को रोककर युवक ने अश्लील हरकतें की यहीं नहीं दोनों के चेहरे पर तेजाब उडेलने की भी धमकी दी तथा एक बहन के मंगेतर को युवती के साथ खिंची हुई फोटो भेजकर बदनाम करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

मामला शहर के एक मोहल्ले से जुड़ा हुआ है। यहां पर एक कारोबारी का परिवार रहता है। उनकी दो बेटियां शहर में ही बिजनौर रोड स्थित एक कॉलेज में हाईस्कूल व इंटर की छात्राएं हैं। बड़ी बेटी का रिश्ता लगा हुआ है। घटना 15 नवंबर की सुबह की है। रोजाना की तरह दोनों बहनें कॉलेज जा रही थीं। आरोप है कि शफीक नाम के युवक ने रास्ते में रोक लिया। विरोध करने पर छेड़छाड़ करते हुए उसने अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। बड़ी बहन को धमकाते हुए कहा कि तेरी शादी वहां किसी कीमत पर नहीं होने दूंगा, चेहरे पर तेजाब उड़ेलकर तेरी सूरत बिगाड़ दूंगा। दोनों को धमकाने के बाद शफीक वहां से चला गया। इसके बाद डरी सहमी हालत में घर लौटी छात्राओं ने परिजनों को आपबीती सुना दी। आरोप है कि शफीक अब कारोबारी की बड़ी बेटी की मंगेतर के साथ खिंची हुई फोटो रिश्तेदारों को भेजकर बदनामी कर रहा है। इतना ही नहीं दूसरे शहर में नौकरी करने वाले कारोबारी के बेटे को भी उसकी बहनों के फोटो भेजकर अश्लील कमेंट्स करता है। मोहसिन और समीर का नाम का दोस्त भी उसके साथ शामिल है। चेहरे पर तेजाब उड़ेलने की धमकी मिलने के बाद से दोनों बहनों ने कॉलेज जाने छोड़ दिया है। यहां तक की दोनों अब घर से निकलते में भी डर रही हैं। रविवार को हिम्मत जुटाकर शहर कोतवाली पहुंची पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि मामले में युवक व उसके दो दोस्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मुख्य आरोपी शफीक को गिरफ्तार करते हुए उसका चालान कर दिया है।

# समय से जमा करें एसआईआर फार्म

## डीएम ने किया निरीक्षण, बीएलओ को कलेक्शन व डिजिटाइजेशन तेज करने की हिदायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को गति देने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सोमवार को गजरौला और धनौरा क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर पहुंचकर गणना प्रपत्रों के वितरण, कलेक्शन और डिजिटाइजेशन की मौजूदा स्थिति का गहराई से आकलन किया। डीएम ने पाया कि कई स्थानों पर फॉर्म जमा होने की रफ्तार बढ़ाई जा सकती है, जिस पर उन्होंने ठस्र्‍ को रोजाना क्षेत्र में भ्रमण कर अधिक से अधिक फॉर्म एकत्र करने और तुरंत डिजिटाइज कराए जाने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्वयं कुछ फॉर्म डिजिटाइज कराकर प्रक्रिया की सटीकता परखते हुए कर्मचारियों को सचेत किया कि किसी भी कीमत पर फॉर्म भरने में त्रुटि न हो और डुप्लिकेट वोट का प्रवेश शून्य रखा जाए। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र भरना अब आसान कर दिया गया है और हर मतदाता को फॉर्म भरने में पूरा सहयोग प्रदान किया जाना चाहिए। डीएम ने मौके पर उपस्थित मतदाताओं से संवाद कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फॉर्म में नवीनतम रंगीन फोटो, मोबाइल नंबर, और परिवारिक विवरण (माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी) जोड़कर फॉर्म आसानी से जमा किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट अपील की कि यदि आपके दो स्थानों पर वोट दर्ज हैं, तो फॉर्म केवल एक जगह ही भरें। गलत प्रविष्टि बाद में परेशानी का कारण बन सकती है। बीएलओ और सहायक कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि घरख्रघर जाकर मतदाताओं को समझाएं और किसी भी मतदाता का फॉर्म छूटने न पाए। निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, एसडीएम विभा श्रीवास्तव, और डिप्टी कलेक्टर शशिभूषण पाठक भी मौजूद रहे। डीएम की इस सक्रियता से उम्मीद है कि आगामी दिनों में फॉर्म संकलन और डिजिटाइजेशन कार्य में और तेजी आएगी तथा मतदाता सूची अधिक सटीक व त्रुटिरहित बनाई जा सकेगी।

# टंकी पर पानी पीने पर पिता-पुत्र को पीटा

## कोर्ट के आदेश पर छह के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। घर के बाहर लगी टंकी से मासूम के पानी पी लेने पर दबंगों ने पिता-पुत्र को जमकर पीटा। जब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की तब कोर्ट के आदेश पर छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया की है। यहां पर अर्जुन का परिवार रहता है। बीती 30 सितंबर को उनकी दो साल की बेटी ने पड़ोसी नन्हे के घर के बाहर लगी टंकी पर पानी पी लिया था। बस इसी बात को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों के बीच ठन गई। आरोप है कि नन्हें ने सड़क पर खड़े होकर गाली-गलौज शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे अर्जुन ने गाली देने का विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। विवाद बढ़ता हुआ देख गांव के लोगों ने उस वक्त दोनों में बीच-बचाव करा दिया लेकिन उसी दिन शाम में करीब पांच बजे अर्जुन और उसके पिता हरकिशन कहीं से घर लौट रहे थे। आरोप है कि रास्ते में नन्हें ने उन्हें रोक लिया और अंजू, शिव, मुकेश सिंह, सिंजी, अंजलि और गजराम के साथ मिलकर दोनों के साथ मारपीट की। बचाव में आई अर्जुन की पत्नी शीतल को भी आरोपियों ने बुरी तरह से पीटा। लोगों की भीड़ जमा होने पर आरोपीर भविष्य में जान से मारने की धमका देते हुए मौके से भाग गए। मामले में पीड़ित परिवार ने उसी दिन पुलिस से शिकायत की लेकिन आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई।। सुनवाई नहीं होने पर अर्जुन की पत्नी शीतल ने कोर्ट की शरण ली थी।सीओ अवधभान भदौरिया ने एसीजेएम कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# बस सवार कारोबारी को नशीली चाय पिलाकर लूटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रोडवेज बस में सवार एक कारोबारी को चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर देने के बाद आईफोन, नकदी, कपड़े और इलैक्ट्रोनिक का सामान लूट लिया। स्थानीय पुलिस ने डीआईजी के आदेश पर गजरौला थाने में मुकदमा दर्ज करके घटनाक्षेत्र गढ़मुक्तेश्वर होने के कारण वहां के लिए ट्रांसफर कर दिया है।

**■ घटना क्षेत्र गढ़ का होने का कारण स्थानीय पुलिस ने गढ़ थाने को केस किया ट्रांसफमर**

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मुहल्ला इस्लामनगर में थाने के पीछे गली नंबर तीन का निवासी फुरकान अहमद दिल्ली में रहकर अपना कारोबार करता है। 30 अक्तूबर को अपरान्ह तीन बजे वह अमरोहा डिपो की रोडवेज बस में बैठकर अपने घर आ रहा था। गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में एक ढ़ाबे पर बस रूकी। यहां पर एक अंजान व्यक्ति ने कारोबारी को चाय में नशीला पदार्थ पिला दिया। कुछ देर में जब वह बेहोश हो गया तो बदमाश ने उसका आइफोन-11, 30 हजार रूपये नकदी, कपड़े और इलैक्ट्रोनिक का सामान, लाइटें, गिफ्ट आदि लूट लीं। घटना के बाद कारोबारी किसी माध्यम से घर पहुंचा। उसने मुरादाबाद परिक्षेत्र के डीआईजी को शिकायती पत्र सौंपा, जिस पर उन्होंने गजरौला पुलिस को रिपोर्ट लिखने को आदेश दिए। जिस पर गजरौला पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके घटनाक्षेत्र गढ़मुक्तेश्वर होने के कारण एफआईआर को वहां के लिए ट्रांसफर कर दिया है।

# माल सहित केंटर लेकर चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। घर के आगे खड़े केंटर को चालक ने माल समेत चोरी कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। यह घटना अब से पांच माह पूर्व पहले हुई थी।

**■ पुलिस ने तहरीर के आधार पर दर्ज किया मुकदमा**

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सैफीनगर निवासी छज्जू सिंह के पुत्र हरि सिंह ने पांच महीने पहले केन्टर को माल समेत घर के बाहर खड़ा कर दिया था। लखीमपुर खीरी जनपद क्षेत्र के थाना व कस्बा फूतलपुर निवासी अशफाक का पुत्र सैवान केंटर को माल सहित चोरी करके ले गया। हरि सिंह ने कई बार उससे सम्पर्क करने का प्रयास किया मगर उसने फोन रिसीव नहीं किया। उसके घर से भी पता निकलवाया मगर कुछ पता नहीं चला। जिस पर हरि सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी सैवान के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# हैंगिंग से हुई थी लोकेश की मौत

## परिजनों ने जताई थी हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। लोकेश की मौत हैंगिंग से हुई थी। शुरुआत में हत्या की आशंका जताने वाले परिजन पोस्टमार्टम के शव रामपुर ले गए हैं। वहीं, पुलिस ने पूछताछ के बाद हिरासत में ली गई महिला को भी छोड़ दिया है।

**■ लिवइन रिलेशन में रह रही महिला को छोड़ा**

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला बदावाला में रविवार दोपहर रामपुर जिले के सैफनी थाना क्षेत्र के गांव चंद्रनगर निवासी लोकेश कुमार की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। लोकेश यहां पर एक किराए के मकान में रहकर प्रापर्टी डीलर के पास काम करता था। उसके साथ में एक महिला भी रहती थी। कमरे में ही लोकेश का शव खिड़की के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला था। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। साथ ही महिला को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। सोमवार को लोकेश का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव को साथ ले गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में लोकेश की मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है यानी उसकी मौत फंदे पर लटकने से हुई थी। इतना ही नहीं झटके से उसकी गर्दन की हड्डी भी टूट गई थी। वहीं, पूछताछ में सामने आया है कि महिला उसके साथ लिव इन में रह रही थी। पूछताछ के बाद पुलिस ने महिला को भी छोड़ दिया है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव साथ में पैतृक गांव ले गए हैं। उनके द्वारा फिलहाल कोई तहरीर नहीं दी गई है।

# उपकरण पाकर खिले दिव्यांगों के चेहरे

## विधायक ने बांटे 80 दिव्यांगों को उपकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ट्राईसाइकिल एवं अन्य सहायक उपकरण पाकर विकलांगों के चेहरे खुशी से खिल उठे। दो ब्लाकों के 80 विकलांगों को उपकरणों का वितरण किया गया है।

सोमवार को ब्लाक परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कृत्रिम अंग सहायक उपकरण योजना के तहत हसनपुर म गंगेश्वरी ब्लॉक के 80 विकलांगों को निशुल्क ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट कैन, श्रवण यंत्र और अन्य उपकरण प्रदान किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने विकलांगों को ट्राई साइकिल एमआर किट एवं कृत्रिम अंको का वितरण किया। साथ ही विधायक ने दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल के साथ रवाना किया। विधायक श्री खड़गवंशी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार दिव्यांग जनों को सशक्त बनाने के लिए प्रयासरत है। दिव्यांग जनों के विकास के लिए अनेकों योजनाये संचालित की जा रही है। विधायक ने बताया



कि हसनपुर एवं गंगेश्वरी ब्लॉक में 80 दिव्यांग जनों को उपकरणों का वितरण किया गया है। दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग अधिकारी शिखा शर्मा ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। दिव्यांगजन उपकरणों को पाकर खुशी से झूम उठे। दिव्यांगजनों को उपकरणों का वितरण करने के बाद विधायक ने उन्हें ब्लॉक से घरों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, विधायक पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी, संजय शर्मा, अमित कुमार, नरेश सिंह, फतेहचंद आदि मौजूद थे।

# एसआईआर में लापरवाही पर 25 बीएलओ को नोटिस

## बीएलओ से मांगा स्पष्टीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले 25 बीएलओ को नोटिस जारी करते हुए एक को दंडात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। लगातार एसआई आर कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कारवाई होने के बावजूद भी वह सुधर नहीं पा रहे हैं। सोमवार को उप जिला अधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री केला देवी को एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने पर अवशेष गणना पत्रकों को तत्काल प्राप्त कर उन्हें डिजिटाईज्ड करने का आदेश देते हुए कार्य पूर्ण न होने पर दंडात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इसके अलावा एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले 25 आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिक्षामित्र सहायक अध्यापक जोकि बीएलओ के पदों पर तैनात है उन्हें नोटिस जारी किया है। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी ने बताया एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 25 कर्मचारियों के खिलाफ नोटिस जारी करने से संबंधित कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# सरकारी रास्ते पर दबंग ने किया कब्जा



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। दबंगों द्वारा सरकारी रास्ते पर जबरन कब्जा कर लिया गया। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में शिकायत कर रास्ते से कब्जा हटवाने की मांग की है। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव मंजीपुरा के ग्रामीणों ने अमरोहा कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया ग्रामीणों ने डीएम से इंसाफ की गुहार लगाई ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में जो सरकार रास्ता है उस पर दबंग व्यक्ति सोनू ने कब्जा कर लिया है और रस्ते को बंद कर दिया है जिससे उन्हें दूसरे के घेर से आना जाना करना पड़ रहा है और जब उस रस्ते पर कोई चला जाता है तो दबंग व्यक्ति सोनू लड़ने मरने पर उतारू हो जाता है इस बात की शिकायत पहले भी उन्होंने कई बार की है लेकिन वह किसी की नहीं सुनता ग्रामीणों का कहना है कि अगर उनकी सुनवाई नहीं हुई तो उन्हें मजबूरी में गांव छोड़ कर जाना पड़ेगा।

# हादसे में मासूम की मौत, दम्पति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** हाइवे पर ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गई जबकि सात वर्षीय पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वह कक्षा तीन का छात्र था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।



अनुज (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बाटुपरा निवासी गजराज का पुत्र अमरपाल अपनी पत्नी यादो व सात वर्षीय पुत्र अनुज के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से गढ़मुक्तेश्वर जा रहे थे। जब ये लोग ब्रजघाट पुल पार करके दूसरी तरफ पहुंचे तभी एक ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में अमरपाल, उसकी पत्नी और सात वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। अमरपाल और उसके पुत्र अनुज को मौके से ही एंबुलैंस के माध्यम से सीधे मेरठ के लिए भेजा गया। रास्ते में अनुज की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी यादो का स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं अनुज की मृत्यु मेरठ में होने के कारण वहां की पुलिस द्वारा ही पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिवार से जुड़े लोगों ने बताया कि सात वर्षीय अनुज गांव स्थित विद्यालय में ही कक्षा तीन का छात्र था। वहीं हादसे में मासूम छात्र की मौत होने से परिजनों के साथ साथ ग्रामीण भी दुखी हो गए। अमरपाल के रिश्तेदार ने बताया कि वह कुछ समय पूर्व ही अमरपाल, यादो व अनुज वृदावंन घूमने गए थे। अनुज बहुत ही प्यारा बच्चा था और सबको बहुत ही प्रिय था।

# गन्ना समिति पर भाकियू ने डाला ताला

## 28 को स्टेट हाइवे जाम करने की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। गन्ना वैरायटी विवाद को लेकर किसानों का आक्रोश सोमवार को फूट पड़ा। भारतीय किसान यूनियन (असली) के कार्यकर्ताओं ने गन्ना समिति में आयोजित पंचायत में जिला गन्ना अधिकारी की अनुपस्थिति पर गन्ना समिति कार्यालय पर ताला जड़ दिया। कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और चेतावनी दी कि यदि अधिकारियों ने किसानों की मांगें नहीं सुनीं तो 28 नवंबर को स्टेट हाईवे जाम किया जाएगा।

तालाबंदी की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। कुछ देर बाद जिला गन्ना अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां किसानों की विवादित गन्ना



वैरायटी के मुद्दे पर तीखी नोकझोंक हुई। किसानों ने आरोप लगाया कि विभाग जानबूझकर देरी कर रहा है, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ेगा। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों के बीच घोषणा की कि विवादित गन्ना वैरायटी की पुन: जांच कराई जाएगी। इस पर भाकियू ने अपना मांगपत्र सौंपते हुए स्पष्ट किया कि जांच रिपोर्ट आने तक विवादित किस्म को अगैती श्रेणी में ही खरीदा जाए। जिला प्रवक्ता नरेश कुमार ने कहा किसानों की शिकायतें महीनों से लंबित हैं। अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते, इसलिए किसानों को मजबूर होकर ताला आंदोलन करना पड़ा। अब विभाग तुरंत निर्णय ले, अन्यथा विरोध और उग्र होगा। ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल गिल ने कहा गन्ना ही किसानों की आय का प्रमुख आधार है। विवादित वैरायटी को अचानक अस्वीकार करना किसानों को आर्थिक संकट में धकेलने जैसा है। संतोषजनक समाधान मिलने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। पंचायत और तालाबंदी के दौरान डूंगर सिंह, नरेश कुमार, कपिल प्रधान, देशराज सिंह, प्रदीप कुमार, जसपाल गिल, राजेंद्र यादव, खचेड़ू सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# एसआईआर कार्य में सहयोग करें सभासद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने नगर पालिका के सभासदों की बैठक लेकर एसआईआर के कार्य में तेजी लाने के लिए अपने अपने वार्ड में सहयोग करने की अपील की।

सोमवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने कहा कि सभी सभासद अपने अपने वार्ड में एसआईआर की प्रक्रिया पूर्ण कराने में बीएलओ व संबंधित कर्मचारियों का सहयोग करें। एसआईआर फार्म भरवाने में भी मतदाताओं की मदद करें, ताकि वे त्रुटि के



बिना अपना फार्म पूण करें और शीघ्र जमा करें। कहा कि सभी फार्म भरकर जल्द से जल्द जमा कराए जाने हैं। नगर स्वच्छता प्रेरक/पूर्व विधायक हरपाल सिंह व ईओ ललित कुमार आर्य ने भी सभासदों से एसआईआर का कार्य को जल्द पूर्ण कराने में सहयोग की बात कही। बैठक में अरविंद यादव, अरविंद कुमार, गुडडू रावत, सरताज अहमद, ब्रजेश अग्रवाल, अमित चौधरी, देवेश शर्मा, फुरकान सैफी आदि मौजूद रहे।

# प्रेमिका को ओयो होटल लेकर पहुंचे पत्रकार को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। रंगीन मिजाज पत्रकार अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। आज लोगों ने प्रेमिका को लेकर ओयो होटल पहुंचे पत्रकार को घेर लिया। पकड़े जाने के डर से कथित पत्रकार बाइक से फरार हो गया।

बता दें कि उक्त पत्रकार की शादी लगभग अब से 18 साल पहले हुई थी उसके बच्चे भी जवान है। मगर वह अपनी अय्याशियों से बाज नहीं आ रहा है। पहले भी वह एक युवती के साथ रंगरलियां मनाते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया था तब भी गांव वालों ने इसकी जमकर कुटाई की थी। जबकि आज भी उक्त पत्रकार को अपनी प्रेमिका को बाइक पर बैठाकर घुमाते पकड़ा गया। जब वह ओयो होटल पहुंचा तो वहां मौजूद ग्रामीणों ने उसे घेर लिया। परन्तु पत्रकार वहां से बाइक लेकर फरार हो गया।

## डिवाइडर से टकरायी बाइक, मामा-भांजे घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। शादी समारोह से लौट रहे बाइक सवार मामा भांजी घायल बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगे खंभे से टकरा गयी। जिसमें दोनों घायल हो गये। घटना रात्रि 11 बजे की है एक शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे बाइक सवार मामा अनु पुत्र करन सिंह निवासी गदापुर थाना काठ जनपद मुरादाबाद तथा डिडौली थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा राजपूत निवासी रश्मि पुत्री मुकेश बाइक पर सवार होकर जोया स्थित एक बैंकट हॉल में शादी समारोह में गए थे। जैसे ही बाइक सवार डिडौली कस्बे के सर्विस रोड पर पहुंचे तो सर्विस रोड पर बने डिवाइडर पर बाइक निर्यंत्रित होकर चढ़ गई। डिवाइडर के लगे खंभे से टकरा गई। जिसमें मामा अनु तथा भाजी रश्मि गंभीर रूप से घायल हो गयी।

## युवक को पीटने में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र कस्वा डिडौली के रहने वाले नेमपाल सिंह ने अपने खेत में जबरन जोताई करने, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। डिडौली निवासी नेमपाल सिंह ने बताया कि वीती देर रात किसी समय गांव के ही राजेन्द्र सिंह ने उसकी सरसों की फसल को उखाड़ते हुए खेत जोत दिया। इसकी सूचना मिलने पर जब वह अपने खेत पर पहुँचा तो वहाँ पहले से मौजूद राजेन्द्र सिंह, गंगासरण, निपेन्द्र सिंह तथा हरेंद्र सिंह ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली कोतवाली क्षेत्र कस्बा जोया के नजदीक आनंद विहार के पास सर्विस रोड पर आमने सामने से दो बाइक मे भिड़त हो गई जिसमें सुमित पुत्र दानवीर गम्भीर रूप से घायल हो गए दूसरी बाइक सवार अपनी बाइक को मौक से लेकर फरार हो गया सुमित पुत्र को जोया सी एच सी से मुरादाबाद हायर सेंटर को रेफर कर दिया मुरादाबाद से सुमित को मेरठ के लिए रेफर कर दिया। सुमित पुत्र दानवीर गांव कुतुबपुर सट्टा का रहने वाला है थाना अचौड़ा कम्बो जिला संभल है।

## हादसे में बाइक सवार चोटिल

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। सड़क पार कर रहे युवक को बाइक ने मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल। इस सड़क हादसे में ढकिया चमन में सड़क पार कर रहे मुरादाबाद जिले के थाना मंझोला के गगन निवासी सौरव पुत्र नेकपाल ढकिया चमन में फैक्ट्री में जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे तो जोया की दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे सौरव गंभीर रूप से घायल हो गया जिसको 108 एम्बुलेंस के पायलट चरन सिंह ई एमटी सचिन यादव ने जोया सी एच सी में भर्ती कराया। सौरव की गम्भीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लोमा स्वेन ने कराटे में भारत को पहला मेडल दिलाया

**टोक्यो, वार्ता।** भारतीय कराटेका लोमा स्वेन ने यहां खेले जा रहे 25वें डेफलंपिक्स में महिलाओं की कुमाइट स्पर्धा में सोमवार को 50किग्रा कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीता। ओडिशा की रहने वाली 25 साल की लोमा, जगतसिंहपुर जिले के भूतमुंडई गांव की रहने वाली हैं और अब तक तीन इंटरनेशनल और पांच नेशनल मेडल जीत चुकी हैं। वह भुवनेश्वर के उत्कल कराटे स्कूल में ट्रेनिंग लेती हैं। डेफलंपिक्स में कराटे में यह भारत का पहला मेडल है। डेफलंपिक्स यहां 15-25 नवम्बर, 2025 तक खेले जा रहे हैं, जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व 111 खिलाड़ियों का मजबूत ग्रुप कर रहा है। भारत अभी पांच गोल्ड, पांच सिल्वर और तीन ब्रॉन्ज मेडल के साथ पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर है। यूक्रेन 15 गोल्ड, 14 सिल्वर और आठ ब्रॉन्ज मेडल के साथ टेबल में सबसे ऊपर है।

### लियालन मेसी ने मियामी को कॉन्फ्रेंस फाइनल में पहुंचाया

**वॉशिगटन, वार्ता।** लियोनेल मेसी ने एक गोल किया और तीन असिस्ट दिए, जिससे इंटर मियामी एफसी सिनसिनाटी को 4-0 से हराकर एमएलएस ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में पहुंच गया। मियामी का मुकाबला अगले वीकेंड न्यूयॉर्क सिटी से होगा, जिसमें जीतने वाली टीम एमएलएस कप के डिसाइडर में जगह बनाएगी। मेसी के अब इस सीजन में इंटर मियामी के लिए 46 गेम में सभी कॉम्पिटिशन में 43 गोल और 23 असिस्ट हो गए हैं। इंटर मियामी के मैनेजर जेवियर माशेरानो ने मैच के बाद एक न्यूज कॉन्फ्रेंस में कहा कि सिर्फ लियो को ही नहीं, बल्कि इन खिलाड़ियों के ग्रुप को मैनेज करना भी सम्मान और खुशी की बात है। हम जानते हैं कि लियो क्या कर सकता है। वह हर वीकेंड यह साबित करता है। आज, उसने बॉल के बिना एक और जबरदस्त काम किया, क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि वह बॉल के साथ क्या कर सकता है। माशेरानो ने

# द. अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट पर शिकंजा कसा

**गुवाहाटी, वार्ता।** मार्को यानसन (छह विकेट) और साइमन हार्मर (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन सोमवार को भोजनकाल के बाद भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस लिया। भारत से पहली पारी में 288 रन से आगे रहने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने फॉलोऑन नहीं कराया और दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। मेहमान टीम ने खराब रौशनी के कारण समय से पहले खेल रोके जाने तक बिना कोई विकेट खोए 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। स्टंप्स के समय रायन रिकलटन 13 और एडन मारक्रम 12 रन बनाकर क्रीज पर थे। इससे पहले भोजनकाल के बाद 79वें ओवर में हार्मर ने वॉशिगटन सुंदर को एडम मारक्रम के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को आठवीं सफलता दिलाई। वॉशिगटन सुंदर और कुलदीप यादव के बीच आठवें विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी हुई। वॉशिगटन सुंदर ने 92 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए 48 रनों की पारी खेली। भारत का आठवां विकेट 194 के स्कोर पर गिरा। इसी स्कोर पर यानसन ने एक छोर थामे जुझारू बल्लेबाजी कर रहे कुलदीप यादव को आउट कर भारत को नौवां झटका दिया। कुलदीप यादव ने 134 गेंदों में तीन चौके लगाते हुए 19 रन बनाए। इसके बाद यानसन ने 84वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जसप्रीत बुमराह (पांच) को विकेटकीपर काइल वेरेन के हाथों कैच आउटकर कर 201 के स्कोर पर भारत की पहली पारी का अंत कर दिया। भारतीय टीम की शुरूआत तो अच्छी रही थी, जब राहुल और जायसवाल ने अर्द्धशतकीय साझेदारी की। लेकिन इसके बाद उनका कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर नहीं टिक सका। मार्को यानसन की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीका ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय बल्लेबाजो को कोई भी मौका नहीं दिया। कुलदीप और वॉशिगटन के बीच अर्द्धशतकीय साझेदारी जरूर हुई, लेकिन वह नाकाफी रही।

इससे पहले झटकों से उबरते हुए वॉशिगटन सुंदर (नाबाद 33) और कुलदीप यादव (नाबाद 14) ने दक्षिण अफ्रीकी गें. दबाजों का डटकर सामना करते हुए भोजनकाल तक भारत का स्कोर सात विकेट पर 174 रन पहुंचा दिया था। चायकाल के बाद मार्को यानसन ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर जवाब हमले का प्रयास कर रहे कप्तान ऋषभ पंत (सात) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद यानसन ने नीतीश कुमार रेड्डी (10) और रवींद्र जडेजा (छह) को आउट कर भारत को संकट में डाल दिया। ऐसे संकट के समय वॉशिगटन सुंदर और कुलदीप यादव ने मोर्चा संभाला और जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए रन बटोरे। इससे पहले दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का पहला सत्र यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की अच्छी शुरुआत के बावजूद दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के नाम रहा। साइमन हार्मर (दो विकेट) की अगुवाई में दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने चायकाल तक भारत के 102 के स्कोर पर चार विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। भारत ने आज यहां कल के बिना कोई विकेट खोए नौ रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 65 रन जोड़े। इसी दौरान यशस्वी ने 85 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से अपना अर्द्धशतक पूरा किया। 22वें ओवर में केशव महाराज ने केएल राहुल को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। केएल राहुल ने 63 गेंदों में दो चौकों की मदद से 22 रन बनाए। इसके बाद 33 वें

**● मार्को यानसन के छह विकेटों ने भारत को 201 रन पर समेटा**

ओवर में साइमन हार्मर ने यशस्वी जायसवाल को मार्को यानसन के हाथों कैच आउटकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी सफलता दिलाई। यशस्वी जायसवाल ने 97 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 58 रनों की अर्द्धशतकीय पारी खेली। 35वें ओवर में हार्मर ने साई सुदर्शन (15) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में यानसन ने ध्रुव जुरेल (शून्य) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आए ऋषभ पंत ने जवाबी हमला किया, हार्मर के आते ही उन्हें सीधा छक्का जड़ दिया, लेकिन चाय के समय भारत पर बहुत दबाव था, पंत 6 रन पर थे और रवींद्र जडेजा अभी खाता नहीं खोल पाए थे, तब भी वे 387 रन पीछे थे। इससे पहले, साउथ अफ्रीका का पहली पारी का 489 रन का स्कोर बड़ा बना हुआ था और तीसरे दिन ही तेज टर्न दिखने लगा है। दक्षिण अफ्रीका के लिए मार्को यानसन ने 19.5 ओवरों में 48 रन देकर छह विकेट लिए। साइमन हार्मर ने 27 ओवर में 64 रन देकर तीन विकेट झटके। केशव महाराज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



## पीएम मोदी ने ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी

**● पीएम मोदी ने भारतीय ब्लाइंड महिला टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी आने वाली पीढ़ीयों को प्रेरणा देगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहला ब्लाइंड महिला टी-20 वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को बधाई देते हुए कहा कि उनकी कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच पर भारतीय टीम की कामयाबी की सराहना करते हुए पोस्ट में लिखा कि कड़ी मेहनत, टीम प्रयास और पक्के इरादे का एक शानदार उदाहरणष बताते हुए कहा कि हर खिलाड़ी एक चैंपियन है!ष और भरोसा जताया कि टीम की यह कामयाबी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देगी। प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह वाकई एक ऐतिहासिक खेल कामयाबी है। टीम को उनके आगे के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी टीम की इस ऐतिहासिक जीत की तारीफ की और इसे देश के लिए गर्व का पल बताया।

उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा कि भारतीय खेलों के लिए एक ऐतिहासिक दिन। नेत्रहीनों के लिए महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 में शानदार जीत के लिए टीम इंडिया को बधाई।

उन्होंने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों के ष्देश के लिए सम्मान जीतने के इरादे और लगन को दिखाती है। आपकी कामयाबी पर आज हमारा तिरंगा गर्व से और ऊंचा लहरा रहा है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव देवजीत सैकिया ने भी टीम को बधाई दी और कहा कि पहला नेत्रहीन महिला टी-20 वर्ल्ड कप 'काबि. लियत' की सीमाओं को फिर से तय करता है।

## दो दिन में खत्म हुआ टेस्ट दे सकता है क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को भारी नुकसान

**● तीसरे और चौथे दिन की टिकट बिक्री से सीए को जो 17 करोड़ का राजस्व प्राप्त होना था वह उन्हें नहीं मिलेगा**

**पर्थ, वार्ता।** कुछ ही हफ्ते पहले अच्छी कमाई की उम्मीद कर रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया अब दो दिन में खत्म हुए एशेज के पहले टेस्ट की वजह से मुश्किल में है और बड़े घाटे का अनुमान लगाया जा रहा है। ट्रैविस हेड की यादगार एशेज पारी और इंग्लैंड की बेतरतीब बेखौफ बल्लेबाजी का परिणाम यह रहा कि ऐतिहा. सिक एशेज सीरीज का पहला टेस्ट दो ही दिन में खत्म हो गया। अब हाल यह है कि तीसरे और चौथे दिन की टिकट बिक्री से सीए को जो 17 करोड़ रूपए (लगभग) का राजस्व प्राप्त होना था, वह उन्हें नहीं मिलेगा। पर्थ में दो दिन के खेल के दौरान दर्शकों की भीड़ जबरदस्त रही। कुल मिलाकर 1,01,514 लोग स्टेडियम पहुंचे। शुक्रवार को 51,531 दर्शक आए थे और अगले दिन 49,983 लोगों ने मैच देखा। यह आंकड़ा पिछले साल के 96,463 दर्शकों वाले रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ गया। उस बार भारत ने पर्थ में चार दिन में जीत हासिल की थी। तीसरे दिन के टिकट भी लगभग पूरी तरह बिक चुके थे। अपनी पारी के बाद ट्रैविस हेड ने कहा कि उन्हें उन दर्शकों के लिए बुरा लग रहा है जो तीसरे दिन आने वाले थे। उनका मानना था कि रविवार को भी स्टेडियम एक बार फिर भर जाता। शनिवार सुबह खेल शुरू होने से पहले, जब ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी भी खत्म नहीं हुई थी, सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीन ने मज़ाक में कहा कि उन्हें चिता है कि मैच तीसरे दिन तक टिकेगा या नहीं। उन्होंने एसईएन से बात करते हुए माना कि जल्दी खत्म हुआ मुकाबला कई लोगों के लिए मुश्किल पैदा करता है। ब्रॉडकास्टर्स से लेकर बोर्ड तक। टिकट बिक्री, पार्टनर्स और स्पॉन्सर्स सभी पर इसका सीधा असर पड़ता है। इस सीरीज का आर्थिक असर काफी बड़ा है। पिछले महीने वार्षिक आम बैठक में सीए ने लगभग 65 करोड़ रूपए के नुकसान की घोषणा की थी। इस पर क्रिकेट विक्टोरिया के चेयरमैन रॉस हेपबर्न ने वित्तीय प्रदर्शन को लेकर कड़ी आलोचना की थी। यह घाटा उस गर्मियों का हिस्सा था जिसमें भारत जैसी दिग्गज टीम की पांच टेस्ट वाली यात्रा भी शामिल थी। सीए के चेयरमैन ने अक्टूबर की बैठक के बाद कहा कि सामान्य समय में सफ़ेद गेंद की सीरीज भी इसी टेस्ट दौरे का हिस्सा होती।

## विकेट में उछाल और गति का इस्तेमाल किया: यानसन

**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत को पहली पारी में छह विकेट लेकर झकझोरने वाले दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन ने आज कहा कि उन्होंने विकेट की उछाल और गति का इस्तेमाल किया। यानसन (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय टीम को 201 रनों के स्कोर पर समेटकर 288 रनों की बढ़त हासिल करते हुए मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में खेलते हुए बिना कोई विकेट खोए 26 रन बना लिए हैं और अपनी बढ़त 314 रन पहुंचा दी है। यानसन ने तीसरे दिन के खेल के बाद कहा कि 'विकेट में साफ तौर पर अच्छी गति और बाउंस है। ज़्डादा निप या स्विग नहीं, आखिर में थोड़ी सी। जब हमने देखा कि विकेट में थोड़ा बाउंस और बेहतर पेस है, तो हमने उसका इस्तेमाल करने की को. शिश की। उन्होंने कहा कि साफ तौर पर यह लड़कों के लिए और खासकर मेरे लिए एक अच्छा दिन था। लेकिन हां, मुझे लगता है कि जब बॉल ज़्डादा मूव नहीं कर रही थी और कुछ स्टेज पर डेड पीरियड था, तब स्पिनरों ने बहुत अच्छा काम किया। मुझे सच में लगता है कि स्पिनरों ने शानदार काम किया और मैं लकी हूं कि मुझे इसका फ़ायदा मिला। तेज गें. दबाज ने कहा कि किसने कहा कि हमने कड़ी मेहनत नहीं की? जैसा कि मैंने कहा, विकेट में थोड़ी पेस और बाउंस थी, जो अच्छी थी। हमने सोचा था कि हम शायद कम से कम दो दिन फील्डिग करेंगे, या हम फील्डिग की तैयारी कर रहे थे।

**● विकेट में साफ तौर पर अच्छी गति और बाउंस है ज्यादा निप या स्वीग नहीं है**

## गोवा में शुरू होगी लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग

**● पहला एडिशन 26 जनवरी से 4 फरवरी तक गोवा में होगा जिसमे छह फ्रेंचाइजी बेस्ट टीमें और 90 खिलाड़ी शामिल होंगे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसजी ग्रुप द्वारा प्रमोट किया गया लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग, सिर्फ़ एक और लेजेंड्स टूर्नामेंट नहीं है, यह एक शानदार ग्लोबल क्रिकेटिग एक्सपीरियंस है जिसे यह बताने के लिए बनाया गया है कि दुनिया अपने लेजेंड खिलाड़ियों को कैसे सेलिब्रेट करती है।

शिखर धवन, हरभजन सिंह, शेन वॉटसन और डेल स्टेन जैसे मशहूर नामों के साथ, लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग दुनिया के कुछ सबसे कामयाब नामों को एक साथ लाती है और फैंस को नए साल की जबरदस्त शुरुआत देती है। पुरानी यादों को दिखाने से कहीं ज़्डादा, लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग क्रिकेट की बेहतरीन चीज़ों का सेलिब्रेशन है, जो उन लेजेंड खिलाड़ियों को एक साथ लाती है जिन्होंने कई पीढ़ियों को इंस्पायर किया है, अब एक ऐसे फॉर्मेट में मुकाबला कर रहे हैं जो उनके स्किल, करिश्मा और कॉम्पिटिटिव स्पिरिट को हाईलाइट करता है। कई फ्रेंचाइजी, टॉप-टियर ग्लोबल टैलेंट और ज़्डादा से ज़्डादा बैलेंस और सस्पेंस के लिए बनाए गए टूर्नामेंट स्ट्रक्चर के साथ, यह लीग सालाना क्रिकेट कैलेंडर पर सबसे प्रीमियम और दुनिया भर में जिसका इंतज़ार किया जाने वाला इवेंट बनने की स्थिति में है।

पहला एडिशन 26 जनवरी से 4 फरवरी 2026 तक गोवा में होगा, जिसमें छह फ्रेंचाइजी-बेस्ड टीमें और 90 लेजेंडरी खिलाड़ी शामिल होंगे, जो वर्ल्ड क्रिकेट में एक बड़ा नया चैप्टर शुरू करेगा। खास बात यह है कि पूरा टूर्नामेंट एक ही जगह पर होस्ट किया जाएगा, वर्ना में नए बने 1919 स्पोर्ट्ज क्रिकेट स्टेडियम में, जिससे फैंस किसी भी दूसरी लेजेंडरी लीग के उलट लगातार, फेस्टिवल जैसे क्रिकेटिग कार्निवल का हिस्सा बन सकेंगे। लीडरशिप और प्लेयर-सेंट्रिक फोकस देते हुए, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को लीग कमिश्नर अपॉइंट किया गया है। अपनी नई भूमिका के बारे में बात करते हुए, क्लार्क ने कहा कि वह एक ऐसी लीग का हिस्सा बनकर बहुत खुश हैं जो इतने सारे टॉप खिलाड़ियों को एक साथ लाती है। क्लार्क ने कहा कि भारत, क्रिकेट के सबसे बड़े देशों में से एक है, और मेरे लिए इसकी एक खास जगह है। फैंस का जुनून, गर्व और इस लीग का हिस्सा बनने का मौका, और कुछ पुराने दोस्तों के साथ-साथ कड़े दुश्मनों से फिर से मिलने का मौका, इसे सच में खास बनाता है। मैं इस नए रोल में लेजेंड्स प्रो टी-20 लीग का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम चिली के सैंटियागो के लिए रवाना

**बेंगलुरु, वार्ता।** ज्योति सिंह की अगुवाई में भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एक से 13 दिसम्बर तक चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्वकप 2025 में भाग लेने के लिए यहां से रवाना हो गई। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रविवार रात 20 सदस्ईय भारतीय टीम टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए रवाना हुई। टीम में दो वैकल्पिक खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट में भारतीय टीम को जर्मनी, आयरलैंड और नामीबिया के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम एक दिसम्बर को नामीबिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, उसके बाद तीन दिसम्बर को जर्मनी और पांच दिसम्बर को आयरलैंड के खिलाफ मैच खेलेगी।

# प्रांजलि धूमल ने डेफलंपिक्स में जीता गोल्ड



**● प्रांजलि ने फाइनल में 34 का स्कोर किया, जो यूक्रेन की हेलिना से दो ज्यादा था**

**टोक्यो, वार्ता।** भारत की प्रांजलि प्रशांत धूमल ने टोक्यो में 25वें समर डेफलंपिक्स में 25मी पिस्टल विमेंस गोल्ड जीता, यह उनका दूसरा गोल्ड और तीसरा मेडल था। प्रांजलि ने फाइनल में 34 का स्कोर किया, जो यूक्रेन की हेलिना मोसिना से दो ज़्डादा था, जिन्होंने सिल्वर मेडल जीता। जिवोन जियोन ने 30 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल जीता, जिन्होंने शूटआउट में भारत की अनुया प्रसाद को हराया, जो आखिर में चौथे स्थान पर रहीं।

प्रांजलि ने इससे पहले 10मी एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम में अभिनव देशवाल के साथ गोल्ड जीता था, जिन्होंने पुरुषों के 25मी पिस्टल इवेंट में भी गोल्ड जीता था। प्रांजलि ने फाइनल की पहली सीरीज में अपने पहले पांच में से चार शॉट मारे और नौवीं सीरीज के आखिर तक बढ़त बनाए रखी, जहां वह मोसिना के साथ 30 शॉट पर बराबरी पर थीं।

दसवीं और आखिरी सीरीज में, प्रांजलि ने चार शॉट मारे जबकि मोसिना सिर्फ़ दो ही स्कोर कर पाईं, जिससे भारतीय शूटर को गोल्ड मेडल मिला।

इससे पहले क्वालिफिकेशन में, भारतीय शूटर ने टॉप दो जगह पक्की करते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, साथ ही प्रांजलि ने वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड और डेफलिपिक्स रिकॉर्ड भी तोड़ा। उन्होंने 573-14ग शॉट मारे, जिससे उनका ही वर्ल्ड रिकॉर्ड टूट गया जो पिछले साल हनोवर में वर्ल्ड डेफ शूटिग चैंपियनशिप में बनाया गया था।

## एसडी प्रज्ज्वल ने आईटीएफ एम 15 भुवनेश्वर में एकल व युगल के खिताब जीते



**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के एसडी प्रज्ज्वल देव ने आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर एम15 चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एकल और युगल वर्ग के खिताब जीते।

मैसूर के रहने वाले प्रज्ज्वल देव ने 16-23 नवम्बर तक भुवनेश्वर में हुए इस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में सातवें सीडेड दिग्विजय प्रताप सिंह को एक कड़े मुकाबले में 7-6(4), 7-6(1) से हराया, दोनों सेट का फैसला कड़े टाईब्रेक से हुआ।

युगल वर्ग में, टॉप सीडेड प्रज्ज्वल देव और सि(ांत बंथिया की जोड़ी ने चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए माधविन कामथ और रोहन मेहरा की जोड़ी को 7-6(5), 6-2 से हराकर सीधे सेटों में जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इसी के साथ प्रज्ज्वल देव के सफल अभियान में दूसरा खिताब जुड़ गया।

## जयपुर पोलो टीम ने जीता कश्मीर चैलेंज कप



**जयपुर, वार्ता।** कश्मीर चैलेंज कप रविवार को अपने असली अंजाम पर पहुंच गया, जब जयपुर पोलो टीम, जिसकी लीडरशिप जयपुर के महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह कर रहे थे, ने राजस्थान पोलो क्लब में हुए एक रोमांचक मैच में कनोटा पोलो को 9-5 से हरा दिया।

जयपुर के लिए, उनके कैप्टन,महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, और साउथ अफ्रीकी पोलो के स्टार लांस वॉटसन ने पूरे टूर्नामेंट में अपना शानदार फ़ॉर्म जारी रखा, और एक के बाद एक चार और पांच गोल किए। टूर्नामेंट की शुरुआत में एक ही पूल में रहने के बाद दोनों टीमों के बीच यह तीसरी भिड़ंत थी, जिसमें सभी मैच जयपुर के पक्ष में गए। जयपुर ने जबरदस्त शुरुआत की, लांस वॉटसन ने शुरू में ही दो गोल (1:25 और 6:35) करके अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरी ओर, कनोटा पोलो शुरुआती पीरियड में गोल नहीं कर पाई। दूसरे चक्कर में, जयपुर ने अपनी रफ़्तार जारी रखी, जब लांस वॉटसन ने एक और गोल (3:35) करके स्कोर 3-0 कर दिया। जब कनोटा पोलो लय में नहीं लग रहा था, तो उन्होंने अशोक चांदना (4:00) और डिनो धनखड़ (6:40) के गोलों से जवाबी हमला किया, लेकिन जयपुर अभी भी गेम के आधे समय तक 3-2 से आगे था। तीसरे चक्कर में दोनों तरफ से तेजी से गोल हुए। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने दो गोल (1:20 और 5:40) किए, और लांस वॉटसन ने 4:10 पर एक और गोल किया। कनोटा ने हुर्र अली (5:46 और 6:35) के दो गोलों से वापसी की। चक्कर के आखिर में, स्कोर जयपुर 7-कनोटा 4 था। आखिरी चक्कर जयपुर का था क्योंकि उन्होंने कंट्रोल बनाए रखा, महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह जयपुर ने 0:54 पर फिर से गोल करके बढ़त को 8-4 कर दिया। हुर्र अली ने 1:40 पर कनोटा का आखिरी गोल किया, लेकिन लांस वॉटसन के आखिरी मिनट के गोल ने मैच को जयपुर के पक्ष में 9-5 से पक्का कर दिया। इस जीत के साथ, जयपुर ने इंडियन पोलो सीजन में अब तक अपनी ट्रॉफी की संख्या चार कर ली है, जबकि अभी आधे से ज्यादा सीजन बाकी है।

## सैयद मोदी इंटरनेशनल में अपनी फॉर्म हासिल करने उतरेंगे प्रणय-श्रीकांत



**● इस टूर्नामेंट में प्रियांशु राजावत, उन्नति हुड्डा और त्रिशा जॉली भी खेलेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** भारत के एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुरू हो रहे सैयद मोदी इंटरनेशनल 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में घरेलू मैदान पर अपनी खोई हुई फॉर्म को फिर से प्राप्त करने उतरेंगे। कल से यहां शुरु होने वाला टूर्नामेंट बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिटन अकादमी में खेला जाएगा। 25 से 30 नवम्बर चलने वाले इस टूर्नामेंट में भारत, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, डेनमार्क, थाईलैंड, तुर्किए, इंडोनेशिया, सिगापुर, यूक्रेन, यूएई समेत 20 देशों के 250 खिलाड़ी चैंपियनशिप में हिस्सा ले रहे हैं।

यह एक बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 प्रतियोगिता है। कॉमनवेल्थ गेम्स 1982 के चैंपियन सैयद मोदी के नाम पर इस टूर्नामेंट का नाम रखा गया है। एचएस प्रणय के लिए 2025 एक मुश्किल अभियान रहा है। वह इस साल अपने 15 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर मैचों में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। इनमें से आठ में पहले राउंड में उन्हें हार का सामना करते हुए बाहर होना पड़ा।

इस टूर्नामेंट में प्रियांशु राजावत, उन्नति हुड्डा और गत विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद भी खेलेंगे। 2,40,000 अमे. रिकी डॉलर की ईनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट में पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल में 32-32 खिलाड़ियों, जोड़ियों का मुख्य ड्रॉ होगा।

# सीजेआई की चुनौतियां


हिसार के गांव पेटवाड़ के रहने वाले जस्टिस सूर्यकांत के सोमवार को देश के 53वें चीफ जस्टिस आफ इंडिया (सीजेआई )के रूप में शपथ लेते ही उनके गांव में दिवाली मनाई गई। वह हरियाणा के ऐसे पहले व्यक्ति हैं, जो सीजेआई बने हैं। सोमवार सुबह 10 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मूने उन्हें शपथ दिलाई। उनकी शपथग्रहण को लेकर हिसार में वकीलों ने खुशी मनाई, हिसार में हवन कराया गया। वकीलों ने शपथग्रहण का लाइव टेलीकास्ट देखा। हिसार बार में इस दौरान ढोल बजाकर जश्न मनाया गया, जिसमें एडवोकेट्स के साथ हिसार की जिला एवं सेशन जज नताशा ने भी खुशी में डांस किया। बीआर गवई के सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें सीजेआई बनाया गया है, लेकिन उनके सामने चुनौतियां बहुत है। आजकल देश में न्याय के बीच में राजनीति के आने से न्याय प्रक्रिया में अवरोध पैदा हो रहे हैं। आशा है कि श्री सूर्यकांत इस राजनीति को कानून से हटाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उनके सामने देश के मुद्दों को हल करके न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता होगी। क्योंकि इस समय सुप्रीम कोर्ट के एसआईआर और वोट चोरी के मामले प्रमुख रूप से चल रहे हैं। इसके अलावा और भी मुद्दे हैं, जिनका सरोकार सीधा जनता से है, उन पर भी उनकी पैनी निगाह होगी। सितंबर 2025 तक सुप्रीम कोर्ट में 88417 मामले लंबित हैं, जिनमें 69553 सिविल के हैं, जबकि 18864 आपराधिक मामले हैं। इन सबको निपटाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस सूर्यकांत का कार्यकाल आज 24 नवंबर 2025 से लेकर 9 फरवरी 2027 तक रहेगा। नवंबर महीने की शुरुआत में केंद्रीय कानून मंत्रालय में न्याय विभाग ने जस्टिस सूर्यकांत की नियुक्ति की घोषणा करते हुए एक अधिसूचना जारी की थी। इस समय भारत के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं, जिनमें सबसे प्रमुख है न्याय में देरी और लंबित मामलों का बढ़ता अंबार। अन्य प्रमुख चुनौतियों में न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करना, न्यायिक नियुक्तियों में पारदर्शिता और पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना और कार्यपालिका से स्वतंत्र होकर कार्य करते हुए न्यायिक अतिक्रमण से बचना शामिल हैं। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित मामले न्याय में देरी का कारण बन रहे हैं। कई मामलों को निपटाने में दशकों लग सकते हैं, जिससे लोगों में निराशा पैदा होती है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करना एक बड़ी चुनौती है, खासकर जब कार्यपालिका और विधायी निकायों से दबाव आता है। कुछ मामलों में अदालतें यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती हैं कि संसद उनके फैसलों को आसानी से न बदल सके, जैसा कि ट्रिब्यूनल सुधार अधिनियम के मामले में देखा गया है। न्यायिक नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी और प्रतिनिधित्व का अभाव एक चुनौती है। न्यायाधीशों की संख्या में कमी और रिक्त पदों को भरना भी एक समस्या है। न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के लिए योग्य महिला उम्मीदवारों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व न होना भी एक मुद्दा है। बढ़ती संख्या में मामलों के बीच जटिल संवैधानिक मामलों जैसे एसआईआर, रोहिंग्या शरणार्थी का निपटारा करना। अदालती फैसलों की आलोचना को संभालना और यह सुनिश्चित करना कि यह न्यायपालिका पर हमले में न बदले।

## निष्पक्षता पर पैदा हो सकता है शक



एक साल के लिए 1,000 डेटा एंट्री आपरेटर्स और 50 साफ्टवेयर डेवलपर्स को बाहर से रखने की बात दोनों सुझाव जोखिम भरे हैं, इससे चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े होंगे, चुनाव आयोग इन दोनों मुद्दों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराए, ताकि आयोग की साख बनी रहे, नए रखे जाने वाले कर्मचारियों की काम करने की शर्तें पहले से मौजूद स्टाफ से कैसे अलग होंगी और क्या यह पूरा काम किसी राजनीतिक फायदे के लिए किया जा रहा है,,दूसरा मुद्दा प्राइवेट रेजिडेंशियल काम्प्लेक्स के अंदर पोलिंग बूथ बनाने का है, पोलिंग स्टेशन हमेशा सरकारी या अर्ध-सरकारी जगहों पर होने चाहिए, क्योंकि वे ज्यादा निष्पक्ष और नियंत्रण में होते हैं, प्राइवेट सोसाइटी में बूथ बनाने से लोगों के बीच असमानता, पहुंचने की दिक्कतें और निष्पक्षता पर शक पैदा हो सकता है। **-ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# अब नहीं आएगा कोई धर्मेंद्र



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेन्द्र को फिल्म फूल और पत्थर से ही-मैन नाम मिला था। बॉलीवुड में धर्मेन्द्र को ही मैन कहा जाता है। धर्मेंद को ही-मैन नाम वर्ष 1966 में प्रदर्शित फिल्म फूल और पत्थर के जरिये मिला था। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने एक सीन किया जिसमें उन्होंने शर्ट उतारी। उनकी शर्टलेस तस्वीरों ने उन्हें काफी मशहूर बना दिया। इस फिल्म से उन्हें एक्शन हीरो के तौर पर पहचान मिली। उनकी मसक्युलर बॉडी ने उनकी ही-मैन की तस्वीर को गढ़ा। उनकी टोन्ड बॉडी, जबरदस्त आत्मविश्वास और गुस्से से भरे एक्शन सीन्स ने दर्शकों को दीवाना बना दिया। फिल्म की इस जबरदस्त सफलता और उनकी दमदार, मर्दाना छवि के कारण ही इंडस्ट्री और मीडिया ने उन्हें ही-मैन ऑफ बॉलीवुड का नाम दिया।

ही-मैन केवल शारीरिक शक्ति के लिए नहीं, बल्कि जज्बे, बहादुरी और आंतरिक मजबूती को दर्शाता है। धर्मेंद्र ने न केवल अपनी शारीरिक ताकत से, बल्कि अपने किरदारों के माध्यम से भी इस उपाधि को सही साबित किया। जोखिम भरे स्टंट्स: धर्मेंद्र अपने स्टंट्स के लिए भी जाने जाते थे। उन्होंने खुद असली स्टंट्स करने का जोखिम उठाया, जैसे कि असली चीते के साथ भिड़ना, जिससे उनकी ही-मैन की छवि और मजबूत हुई।

धर्मेंद्र के जितने करीब उनके बच्चे रहे हैं, उतने ही करीब धर्मेंद्र भी अपने माता-पिता के थे। धर्मेन्द्र एक बार अपनी मां सतवंत कौर को याद करके भावुक हो गए थे। धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर एक बार अपनी मां से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा फैंस को सुनाया था। धर्मेन्द्र अक्सर सोशल मीडिया पर तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करते रहते थे। एक बार उन्होंने अपनी मां सतवंत कौर को लेकर बात की थी और बताया था कि उनकी मां उनके कपघ्ड़ चुरा लेती थीं- लेकिन, इसका इस्तेमाल वो नेक काम में करती थी। धर्मेंद्र ने एक बार सोशल मीडिया पर मां को लेकर बात करते हुए बताया था कि उनकी मां उनके कपड़े अपने गांव में जरूरतमंद लोगों को दे देती थी। धर्मेन्द्र से उनसे उनकी मां कहा करती थी कि तू इतने कपड़ों का क्या करेगा। धर्मेंद्र ने बताया था कि मैं सनी से पूछता था कि यें पैंट कहां है- सनी कहता था- बीजी ले गई- मैं जब पंजाब में कहीं जाता था तो वो वहां के लोग मुझे बोलते थे कि पाजी आपका कोट है। मेरी मां बहुत महान थी।

धर्मेंद्र ने अपने 60 साल से ज्यादा के करियर में, जबरदस्त एक्शन फिल्मों से लेकर दिल छू जाने वाले और रोमांटिक किरदारों से दर्शकों का दिल जीता है। कभी वो कॉमेडी हीरो बनकर आए तो कभी उन्होंने लोगों को रुला तक दिया। अभिनय ऐसा कि जिसने धर्मेंद्र को देखा वो खुद को उनका मुरीद होने से रोक ना सका। 8 दिसंबर, 1935 को जन्मे धरम सिंह देओल ने 1960 में फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की थी। उनके लुक्स, अपनी ऑनस्क्रीन अपीयरेंस और अपने स्वभाव से वह हमेशा देश ही नहीं बल्कि विदेशों तक में मशहूर रहे। धर्मेंद्र की इमेज एक तरफ जहां रफ-टफ हीरो की रही, तो वहीं धरम पाजी का जलवा रोमांटिक हीरो के तौर पर भी अच्छा खास रहा।

1960 और 70 के दशक में धर्मेंद्र सुपरस्टार बने और मीना कुमारी, आशा पारेख और हेमा मालिनी समेत कई बड़ी अभिनेत्रियों के साथ उन्होंने रोमांस किया और रोमांटिक फिल्मों के जरिए वो दर्शकों के लिए रोमांस के बादशाह भी बने, तो वहीं बंदिनी, फूल और पत्थर और अनुपमा जैसी फिल्मों ने एक अभिनेता के रूप में एक नई पहचान दी। इन फिल्मों के जरिए उन्होंने पर्दे पर अपनी भावनाओं को उकेरा और एक अलग छवि भी पर्दे पर बनाई। साल 1966 में आई फिल्म फूल और पत्थर में उनकी भूमिका ने उन्हें पहली बड़ी सफलता दिलाई और एक मजबूत और संवे. दनशील हीरो बना दिया, जिसे देखने के बाद लोग मान गए कि धर्मेंद्र हर किरदार के लिए परफेक्ट हैं। साल 1975 में धर्मेंद्र को एक ऐसा स्टारडम मिला जिसके लिए उन्होंने लंबे वक्त तक इंतजार किया। दरअसल इस साल वह फिल्म शोले में नजर आए। शोले के साथ धर्मेंद्र की विरासत नई ऊंचाइयों पर पहुंची, जहां वीरू का उनका किरदार बॉलीवुड की जुंबा पर आ गया और यहीं से धर्मेंद्र को एक नया मिल गया, वीरू। इसके बाद उन्होंने चुपके-चुपके, यादों की बारात, ड्रीम गर्ल और धरमवीर जैसी कई हिट फिल्मों के जरिए दर्शकों का दिल जीता और अपनी धाक बॉक्स ऑफिस पर जमाए रखी।

रोमांटिक हीरो के तौर पर काम करने के बाद उन्होंने 80 और 90 के दशक में, एक्शन और देशभक्ति फिल्मों की ओर रुख किया। धर्मेंद्र ने अपने बेटों सनी और बॉबी देओल को लॉन्च करने में मदद करते हुए अपनी उसी भूमिका को बरक. रार रखा। कभी वह फिल्मों में दादाजी बने तो कभी पिताजी बने। कुल मिलाकर ऐसा हीरो अब इस दुनिया में आना मुश्किल है।

# कोलकाता में जीवन का हर रंग

1876 में बना कोल. काता का चिड़ियाघर 16 हेक्टेयर की भूमि में फैला है। यहां बनी झील साइबेरियन पक्षियों के लिए बेहत. रीन जगह है। कोल. काता की मेट्रो भारत की पहली भूमिगत रेल थी। हालांकि यह अब तक सिर्फ यह एकतरफा रूट पर चलती है। कोलकाता ट्रामवे भारत की एक अकेली ऐसी सेवा है जो सिर्फ कोलकाता में चलती है और एशिया की सबसे पुरानी विद्युत से चलने वाली ट्राम नेटवर्क है।

भारत के दूसरे महानगरों की तरह क्या आपने रात में जगमग कोलकाता को देखा है? अगर नहीं तो किसी भी सीजन में इस ऐतिहासिक शहर को देखने का कार्यक्रम जरूर बनाएं। यह दिल्ली से पहले इस देश की राजधानी रही है। पिछले दिनों विद्या बालन की फिल्म कहानी में दर्शकों ने कोलकाता शहर को देखा है। खासकर उस गीत आमी सोत्ती बोलती में, जिसे ऊषा उत्थुप ने स्वर दिया है। इस गीत में सम्पूर्ण कोलकाता की झांकी है। जिसमें कहा गया है कि यह शहर स्ट्रॉन्ग और पावरफुल है मगर फिर भी बेबस है। इस शहर की इससे बड़ी व्याख्या क्या हो सकती है कि यह चलता रहता है, मगर कहीं जाता नहीं। दरअसल कोलकाता अपने सीने में अंग्रेजों के जुल्म से लेकर बंगाल के विभाजन के दर्द को भी समेटे हुए है। इस शहर की सड़कों पर जीवन की खुशियों से लेकर दरिद्रता की उदासी भी दिखाई देती है। बावजूद इसके यह ऐसा शहर है जहां जीवन के हर रंग हैं।

हुगली नदी के किनारे बसा यह शहर सदियों से कवियों, लेखकों, फिल्म प्रोड्यसरों और नोबेल पुरस्कार विजेता का जनक माना जाता है। एक बार इस शहर को देखने के बाद यहां की खूबसूरत यादें भुलाएं नहीं भूलतीं। कोलकाता में संस्कृति के कई रूप देखने को मिलते हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, मेट्रो, सर्कुलर रेल और ग्राउंड रेल यानि हर तरह की परिवहन सुविधा है। सियालदह स्टेशन भारत का सबसे बड़ा रेल हब है। कोलकाता का इतिहास ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय को भी दर्शाता है। 1690 में कोलकाता में पहली बार ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी आई थी और उसने 1772 में कोलकाता को अपनी राजधानी बनाया। जॉब चारनॉक को कोलकाता का जनक कहा जाता है। 1857 में यहां पहला आधुनिक भारतीय विश्वविद्यालय बना। स्वतंत्र संग्राम के दौरान आजादी के लिए राष्ट्रीय आंदोलन की शुरुआत भी यहीं से की गई थी। कोलकाता में देखने के लिए बहुत कुछ है। यहां का विक्टोरिया मेमोरियल को दूसरा ताजमहल माना जाता है। इसे कोलकाता की शान कहा जाता है। ब्रिटिश शासक लार्ड कर्जन ने रानी विक्टोरिया को समर्पित करते हुए सफेद मकराना पत्थर से यह घर बनवाया था। आज यहां का बगीचा युवाओं के लिए बेहद लो. कप्रिय जगह है। शाम में हिंदी और बंगाली में होने वाले साउंड और लाइट शो भी देखने लायक हैं। इसके अंदर उस समय की खूबसूरत चीजें रखी गई हैं। विश्व का सबसे बड़ा बिड़ला इटालियन शैली की बेहतरीन कारीगरी है, जिसमें अनोखे जीवांश्म, मिस्र की ममी और बहुत सारी चीजें रखी गई हैं। हावड़ा ब्रिज, भारत का सबसे बड़ा पुस्तकालय नेशनल लाइब्रेरी, सांइस सिटी, ईडन गार्डन, रवींद्र सरोवर यह सब कोलकाता में देखे जा सकते हैं। 1876 में बना कोलकाता का चिड़ियाघर 16 हेक्टेयर की भूमि में फैला है। यहां बनी झील साइबेरियन पक्षियों के लिए बेहतरीन जगह है। कोलक. ाता की मेट्रो भारत की पहली भूमिगत रेल थी। हालांकि यह अब तक सिर्फ यह एकतरफा रूट पर चलती है। कोलकाता ट्रामवे भारत की एक अकेली ऐसी सेवा है जो सिर्फ कोलकाता में चलती है और एशिया की सबसे पुरानी विद्युत से चलने वाली ट्राम नेटवर्क है। इस शहर के रिक्शे भी अनोखे हैं। इन रिक्शों को इंसान खींचते हैं। हालांकि 2006 में ऐसे रिक्शों पर पांबदी लग गई थी। मगर रिक्शा यूनियन के 35 हजार सदस्य इसे आज भी चला रहे हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि रिक्शों की दूरी कम कर दी गई है। कोलकाता में दशहरा उत्सव बेहद धूमधाम से मनाया जाता है। खूबसूरत पंडाल और भव्य प्रतिमाएं दुर्गा पूजा को बेहद आकर्षक



बनाती हैं। यहां का कालीघाट मंदिर हिंदुओं का शक्ति-पीठ माना जाता है। किवदंती के अनुसार इस जगह पर देवी पार्वती की उंगली कट कर गिर गई थी और तबसे यह शक्तिपीठ बन गया। 1809 में इस जगह पुनर्निर्माण किया गया और अब यहां शक्ति की देवी की पूजा की जाती है। 1847 में हुगली नदी के किनारे बना दक्षिणेश्वर काली मंदिर और बेलूर मठ भी दर्शनीय है। इसके अलावा रामकृष्ण मिशन इंस्टीट्यूट ऑफ कल्चर और नैखोडा मस्जिद भी देखी जा सकती हैं। बिडला प्लेनेटेरियम के बगल में है संत पॉल कैथेड्रल चर्च, जो 1839 और 1847 के बीच बना था। इस गिरजाघर की खूबसूरती देखते बनती है। इसके अलावा सेंट जॉन चर्च, अरमे. नियम चर्च, ओल्डमिशन चर्च और ग्रीक औरथोडॉक्स चर्च भी देखने लायक हैं। अरमेनियम चर्च कोलकाता में ईसाइयों का सबसे पुराना गिरजाघर है। कोलकाता भारत के सभी बड़े शहरों से रेल और हवाई यातायात से जुड़ा है। इसलिए यहां आसानी से पहुंचा जा सकता है। किसी भी मौसम में कोलकाता घूमने जाया जा सकता है। रात हो या दिन यह शहर हर समय खूबसूरत लगता है।

# पंचायत चुनाव की सरगर्मी के बीच एसआईआर



यशोदा श्रीवास्तव

यूपी में एस आई आर को लेकर उदासीन व लापरवाह विपक्ष के लिए पंचायत चुनाव की सरगर्मी राहत भरी है। चुनाव आयोग के गाइड लाइन के अनुसार राजनीतिक दलों को भी अपनी तरफ से बीएलओ 2 मनोनीत करने का अधिकार है। यूपी में ज्यादातर विपक्षी दल इसमें फिसड्डी दिख रहे हैं लेकिन पंचायत चुनाव में प्रधान पद के दावेदार एस आई आर को लेकर खूब सक्रीय हैं।वे एक तरह से विपक्षी दलों का काम आसान कर रहे हैं।

इसमें दो राय नहीं कि बिना किसी तैयारी के मात्र एक महीने में 25 करोड़ आबादी वाले उत्तर प्रदेश में एस आई आर कंप्लीट कर पाना बड़ी चुनौती है। इसमें विसंगतियों की जो भरमार है वह अलग। खेती किसानी और शादी विवाह के सीजन में सबकुछ भूलकर शहरी लोग हों या ग्रामीण किसान केवल अपना वोट बचाने के जतन में जुट गए हैं। चुनाव आयोग के इस अभियान में गांव के लोग जो अपेक्षाकृत जागरूक नहीं होते, एस आई आर का हिस्सा बन पाते हैं या नहीं, चुनाव आयोग का इससे कुछ लेना देना नहीं। चुनाव आयोग को यदि सचमुच इमानदारी से एस आई आर करानी होती तो वह समय, सीमा और लोगों की दिक्कतें जरूर ध्यान में रखता, लेकिन नहीं उसे तो एस आई आर की जैसे सनक सवार है। चुनाव आयोग के इस अभियान में बीएलओ से लेकर मतदाताओं को कितनी दिक्कतें हो रही है,यह बस्ती जिले के एक एसडीएम के झुंझलाहट से जाना जा सकता है जो बीएलओ की लापरवाही पर गुस्सा हो रहे थे। चुनाव आयोग द्वारा एस आई आर की



तय समय सीमा चंद रोज ही बची है। इस बीच पूरे यूपी में 50 प्रतिशत भी फार्म 6 और 7 लोगों तक नहीं पहुंच पाए हैं। नोएडा जहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की बिटिया डीएम है, वहां की स्थिति तो और खराब है। खराब प्रगति से नाराज ज्ञानेश कुमार की डीएम बिटिया ने सख्त कदम उठाते हुए तमाम बीएलओ और अन्य संबंधित जनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का फरमान जारी किया है। फार्म 7 जो वोट विच्छेदन का जरूरी फार्म है, अधिकांश बीएलओ इसे जानते तक नहीं और न उन्हें ऐसा कोई प्रशिक्षण ही दिया गया। फार्म 7 के माध्यम से आप यदि दो जगह से वोटर हैं तो इच्छित एक जगह से कटवा सकते हैं। हालत ऐसी हो गई कि हर व्यक्ति अपना वोट बचाने के लिए बीएलओ को ढूंढता फिर रहा है। पहली बार ऐसा हो रहा है कि बिना किसी प्रशिक्षण के बीएलओ नामित कर उसे एस आई आर फार्म थमा दिया गया। चुनाव आयोग इस अभियान की जितनी गंभीरता समझता है, बीएलओ उससे एक दम अनजान हैं। विपक्ष को इस अभियान में सत्ता पक्ष से दो कदम आगे होना चाहिए क्योंकि वोट काटने या वोट चोरी को लेकर वही सबसे ज्यादा मुखर है। यूपी में इस अभियान में विपक्ष गायब है। ऐसे में वे लोग जिन्हें अपना वोट काटे जाने का डर है, खुद ही अपने वोट की रखवाली करें। सवाल उठता है कि एस आई आर अभियान में गैर भाजपा राजनीतिक दलों की उदासीनता क्यों है? फिलहाल यूपी के लिए इसका जवाब है मैं क्यों और मैं ही क्यों? गौरतलब है की सभी राजनीतिक दलों में विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव टिकट और प्रत्याशी दोनों उहापोह में रहते हैं।

गैर भाजपा दलों के पास आर एस एस, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य तमाम हिंदू संगठनों जैसा कोई संगठन नहीं है जो निस्वार्थ भाव से अपना काम कर सके। भाजपा समर्थक इन तमाम हिंदू संगठनों को न तो चुनाव की चिंता रहती है और न ही टिकट की सो उन्हें जिस काम की जिम्मेदारी सौंपी जाती है,उसे वे पूरी इमानदारी और निष्ठा पूर्वक करते हैं। गैर भाजपा दल चाहे कांग्रेस हो सपा, बसपा या अन्य पार्टियां उनके पास कहां है ऐसा निष्ठावान व ईमानदार संगठन? इसके इतर सपा और कांग्रेस खाना पूर्ति में लगे हैं। गठबंधन की राजनीति इसमें सबसे बड़ी बाधा है। चुनाव के दरम्यान किस सीट पर गठबंधन का कौन उम्मीदवार टपक पड़ता है कोई ठिकाना नहीं। ऐसे में बड़ा पेंच हम क्यों और हम ही क्योंष को लेकर ही फंसा हुआ है। गैर भाजपा राजनीतिक दलों के कई नेताओं से बात हुई तो यही मसला सामने आया। खासकर सपा और कांग्रेस खेमे से। यूपी में सपा और कांग्रेस अभी गठबंधन में हैं। विधानसभा चुनाव में भी यह रहेगा, इसकी संभावना ज्यादा है। जिन सीटों पर सपा के विधायक हैं वहां तो ठीक है। वे एस आई आर को लेकर सक्रीय हैं लेकिन जिन सीटों पर सपा नहीं है वहां हालत ठीक नहीं है। ऐसी सीटों पर न तो कांग्रेस सक्रीय हैं और न ही सपा। इसलिए कि मेहनत हम करें और टिकट फलां को मिल जाए! लोकसभा की कई सीटों पर सपा हारी है, वहां दूर दराज से उम्मीदवार थोप दिए गए थे, इस अभियान में वे लापता हैं। 2027 में विधानसभा चुनाव है। जिन तमाम सीटों पर सपा या कांग्रेस नहीं है, वहां का हाल बुरा है।

एस आई आर को लेकर कांग्रेस के जिला अध्यक्षों पर खासा दबाव है। केंद्रीय कार्यालय से रोज कोई न कोई निर्देश प्राप्त हो रहे हैं। प्रतिदिन कोई न कोई कांग्रेस का पदाधिकारी जिला अध्यक्षों से जूम मीटिंग कर रहा है। लेकिन वे बेचारे करें क्या,उनका संगठन ही कमजोर है। सांगठनिक तौर पर यूपी में कांग्रेस की स्थिति यही है। अब जब चार दिसंबर यानी एस आई आर की समय सीमा खत्म होने को है तो नहीं लगता कि भाजपा को छोड़ कोई अन्य दल अपनी सक्रीयता साबित कर पाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



नई दिल्ली। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते अफगानिस्तान के वाणिज्य व उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी।

## इजरायल ने हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर को मार गिराया

**यरूशलम।** इजरायली सेना और लेबनानी समूह ने कहा कि बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में रविवार को हुए एक इजरायली हवाई हमले में वरिष्ठ हिजबुल्लाह कमांडर हेथम अली अल-तब्ताबी की मौत हो गई। यह एक हाई-प्रोफाइल हत्या है जो एक साल पुराने युद्धविराम को और तनावपूर्ण बना रही है। हिजबुल्लाह ने अल-तब्ताबी की मौत की पुष्टि की है, जिसे उसने हारेत हरेक जिले पर 'विश्वासघाती इजरायली हमला' करार दिया है। उसने कहा कि वह 'लेबनान और उसके लोगों के लिए बलिदान' देते हुए शहीद हो गया।

## एफबीआई चीफ काश पटेल ने गर्लफ्रेंड को कमांडो सुरक्षा दिलवाई


**वाशिंगटन।** अमेरिकी सीक्रेट एजेंसी एफबीआई के भारतवंशी डायरेक्टर काश पटेल गर्लफ्रेंड को सरकारी सुरक्षा दिलवाने को लेकर विवादों में घिर गए हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस को स्वाट कमांडो (स्पेशल वेपन एंड टेक्टिस) सुरक्षा दी और सरकारी रिसोर्स का गलत इस्तेमाल किया। उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने 12 प्राइवेट टूर के लिए सरकारी जेट का इस्तेमाल किया। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि क्या वे टैक्सपेयर्स के पैसों से मिलने वाले रिसोर्स को निजी रिश्ते पर खर्च कर रहे हैं। एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल के शपथ ग्रहण समारोह में एलेक्सिस विल्किंस। दोनों तीन साल से रिश्ते में हैं। विवाद की शुरुआत अटलांटा में नेशनल राइफल एसोसिएशन की सालाना समिट से मानी जा रही है।

# परमाणु हथियारों की तस्करी कर रहे थे अब्दुल कादिर

## अमेरिकी खुफिया एजेंसी के अफसर का अहम खुलासाः मुशर्रफ को पता चला तो बोलेः मार डालूंगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी जेम्स लालर ने पाकिस्तानी साइंटिस्ट डा. अब्दुल कादिर खान के न्यूक्लियर स्मगलिंग नेटवर्क को लेकर कई खुलासे किए हैं।

लालर ने बताया कि शुरू में अमेरिका को लगा था कि कादिर खान सिर्फ पाकिस्तान के लिए परमाणु ब्लूप्रिंट बना रहा है, लेकिन बाद में पता चला कि वह लीबिया, ईरान जैसे कई देशों को परमाणु तकनीक और हथियार बनाने का सामान अवैध तरीके से बेच रहा था। लालर ने कहा कि हम बहुत देर से जागे। हमें अंदा. जा ही नहीं था कि वह इतना बड़ा तस्कर बन जाएगा। सरकार के मिलीभगत पर लालर ने कहा कि खान कुछ पाकिस्तानी जनरलों और नेताओं को रिश्वत देते थे।



■ सीआईए चीफ जार्ज टेनेट ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को तस्करी की जानकारी दीः लालर

लालर ने बताया कि सीआईए चीफ जार्ज टेनेट ने पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ को तस्करी की जानकारी दी। मुशर्रफ ये बात सुनते ही गुस्सा हो गए और खान को गाली देते हुए जान से मार डालने की बात कही। सीआईए अधिकारी जेम्स लालर कादिर खान को 'मौत का सौदागर' बुलाते थे। कादिर खान को पाकिस्तान में न्यूक्लियर प्रोग्राम का जनक माना जाता है। वहीं, जेम्स लालर को कादिर खान के परमाणु तस्करी नेटवर्क को खत्म करने का श्रेय दिया जाता है। लालर ने बताया कि उन्होंने कादिर खान को 'मौत का सौदागर' नाम दिया था। कादिर खान का नेटवर्क इतना बड़ा था कि पूरी दुनिया में परमाणु बम बनाने की मशीनें, ब्लू-प्रिंट, सेंट्रीफ्यूज और यूरेनियम समृद्ध करने की तकनीक अवैध तरीके से सप्लाई कर रहा था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के पूर्व अधिकारी जेम्स लालर ने बताया कि कादिर खान ने अकेले अपने दम पर दुनिया का सबसे खतरनाक परमाणु ब्लैक मार्केट चलाया। शुरू में सीआईए को लगा कि खान सिर्फ पाकिस्तान के लिए सामान चुरा रहा है, लेकिन 1990 के दशक में पता चला कि अब परमाणु हथियार बेच भी रहा है। जेम्स लालर की टीम को खान के नेटवर्क में घुसने का काम सौंपा गया। टीम ने स्विट्जरलैंड, जर्मनी, दुबई और मलेशिया में फर्जी कंपनियां बनाईं जो बाहर से बिल्कुल असली लगती थीं। ये कंपनियां परमाणु डिवाइस बेचने का काम करने लगी। खान के लोग इस कंपनी को असली समझकर आर्डर करने आने लगे। इस तरह सीआईए ने खान के पूरे नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। लालर ने कहा कि अगर हमें तस्करों को हराना था, तो हमें खुद तस्कर बनना पड़ा। इन फर्जी कंपनियों से खराब वाले पार्ट्स भेजे जाते थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल नेवी ने ब्रिटिश तट के पास रूसी जहाजों को रोका

**लंदन।** रॉयल नेवी ने इंग्लिश चैनल से गुजरने के बाद एक रूसी जंगी जहाज और टैंकर का पीछा कर उनको रोका है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रीलय ने कहा कि पिछले दो सालों में ब्रिटेन के समुद्री सीमा के आस-पास रूसी नौ सेना सक्रियता 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। मंत्रालय के मुताबिक, पेट्रोल वेसल एमएमएस सेवर्न ने आरएफएन स्टोइकी कॉर्वेट और उसके साथ चल रहे एक टैंकर पर उस समय नजर रखी, जब वे डोवर स्ट्रेट से गुजरे और फिर इंग्लिश चैनल से पश्चिम की ओर जा रहे थे।

### इराकी सुन्नी पार्टियों ने परिषद का गठन किया

**बगदाद।** इराक की प्रमुख सुन्नी मुस्लिम राजनीतिक पार्टियों ने हाल के संसदीय चुनावों के बाद अपनी स्थिति और एकजुटता को मजबूत करने के लिए एक एकीकृत 'राष्ट्रीय राजनीतिक परिषद' के गठन की घोषणा की है। परिषद का उद्देश्य सरकार गठन, स्पीकर के चयन और सुन्नी सहयोगी दलों के अधिकारों की रक्षा करना और उनके रुख को एकजुट करना है। इसकी घोषणा सॉवरेनिटी (अल-सियादा) गठबंधन प्रमुख खामिस अल-खंजर की बुलाई गई बैठक के बाद की गई जिसने 11 नवम्बर के आम चुनाव में काफी सीटें हासिल की थीं।

### रूस ने रातों रात 93 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया

**मॉस्को।** रूस के काला सागर और अजोव सागर सहित चार क्षेत्रों के पर आए यूक्रेन के 93 ड्रोनों को रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में मार गिराया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को अपने बयान में कहा कि बीती रात ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 93 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवर्रा. हत हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान में बताया गया कि इनमें से 45 ड्रोन बेल्गोरोद क्षेत्र के ऊपर, नौ ड्रोन क्रास्नोदार क्षेत्र में और सात ड्रोन निज्नी नोवगोरोड क्षेत्र के ऊपर मार गिराए गए।

## भारतीय रक्षा मंत्री ने सिंध को एक बार फिर ला दिया चर्चा में

# राजनाथ के बयान से पाक में बढ़ी बेचैनी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर सिंध को चर्चा में ला दिया है। उन्होंने रविवार को दिल्ली में आयोजित हुए सिंधी सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिंध इलाके को लेकर जो कहा उसकी गूंज फौरन ही पाकिस्तान में भी सुनाई दी। सिंह ने कहा सिंध, भारत का हिस्सा भले ही न हो लेकिन सभ्यतागत रूप से हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा।

जहां तक जमीन की बात है, बार्डर तो बदल सकते हैं, क्या पता फिर से सिंध, भारत में वापस आ जाए। सिंह के इसी बयान पर पाकिस्तान ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे बयान एक विस्तारवादी हिंदुत्व सोच को दिखाते हैं, जो स्थापित हकीकतों को चुनौते देते हैं और अंतर्राष्ट्रीय कानून, मान्यता प्राप्त सीमाओं और देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम राजनाथ सिंह और अन्य भारतीय नेताओं से अपील करते हैं कि वे ऐसे उकसाने वाले बयान न दें जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता को खतरे में डालते हैं। सिंह ने यह भी कहा कि विभाजन के बाद सिंधी समाज ने भारत में शून्य से शुरुआत की, लेकिन अपने परिश्रम और साहस से सफलता के नए आयाम स्थापित किए। आज भारत ही नहीं, दुनिया भर में सिंधी समुदाय समाज निर्माण के विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इतिहास गवाह है कि भारत की



**कहाः सिंध, भारत का हिस्सा भले ही न हो, लेकिन सभ्यतागत रूप से हमेशा भारत का ही हिस्सा रहेगा**

**ऐसे बयान अंतर्राष्ट्रीय कानून मान्यता प्राप्त सीमाओं व देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करते हैंः पाक**

अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी इन्होंने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि जब अंग्रेजों का भारत पर कब्जा था तो सिंध का इलाका बॉम्बे प्रांत (महाराष्ट्र-गुजरात) का हिस्सा था। जब 1947 में स्वतंत्रता मिली तो सिंध पाकिस्तान को मिल गया और सिंधियों का भारत में पलायन हुआ। पंजाबियों के साथ साथ लाखों सिंधी लोग भारत आ गए। भारत पहुंचकर वे मुंबई, पुणे, अजमेर, भोपाल, दिल्ली, अहमदाबाद जैसे शहरों में बस गए। पाकिस्तान से आए सिंधी लोग आज भी यह कहते हैं, 'हम तो सिंध छोड़ आए, पर सिंध हमारे भीतर अब भी बसता है। यह घटना ठीक वैसे ही हुई जब ईरान मे इस्लाम के बढ़ते नियंत्रण के कारण वहां के मूल निवासी पारसी, अपनी जमीन छोड़ कर महाराष्ट्र-गुजरात आ बसे थे। ऐसा नहीं है कि सिंध इलाके के लोगों ने कभी भी पाकिस्तान से अपनी आजादी का सपना नहीं देखा। पाकिस्तान से बंगलादेश के अलग होने, बलूचिस्तान के अपनी आजादी के ऐलान के शोर के बीच भले ही सिंध की बढ़ती राष्ट्रवादी आकांक्षाएं उतनी न सुनाई देती हों लेकिन दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य में उनको अनसुना नहीं किया जा सकता। सिंध, जो सदियों से मानवीय सभ्यता और समृद्ध संस्कृति का केंद्र रहा है, आज एक अपने लिए एक मुल्क 'सिंध देश' की मांग के साथ एक नए मोड़ पर खड़ा है। सिंध का इतिहास ही इसकी पहचान का आधार है। यह वह भूमि है जहां भारतीय मानव सभ्यता ने सबसे पहले आंखें खोलीं। सभ्यता का जनक मोहनजोदड़ो शहर माना जाता है, जो सिंध के लरकाना जिले में स्थित है। यह तथ्य सिंध को एक अद्वितीय ऐतिहासिक महत्व प्रदान करता है। यहां के इतिहास की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी तब जुड़ती है जब यूनानी शासक सिकंदर ने यहां कब्जा किया, लेकिन उसका नियंत्रण ज्यादा नहीं चला और शीघ्र ही यह क्षेत्र बिहार के महान मौर्य सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य के नियंत्रण में आ गया।

## भारत ने विकसित देशों को जलवायु फंडिंग बढ़ाने की याद दिलाई

**बेलेम ( ब्राजील )।** भारत ने जलवायु फंडिग बढ़ाने की दिशा में अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि विकसित देशों से वित्तीय संसाधनों के बिना विकासशील देश राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान(एनडीसी) के कार्बन उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकते। उल्लेखनीय है कि एनडीसी पेरिस समझौते के तहत राष्ट्रीय जलवायु योजनाएं हैं, जो उत्सर्जन में कटौती करने और जलवायु परिवर्तन के अनुकूल होने के लक्ष्य निर्धारित करती हैं। पेरिस समझौते के तहत सभी देश मिलकर उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए एक साथ काम करने पर सहमत हुए। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने जलवायु फंडिंग पर अनुच्छेद 9-1 को आगे बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि तीन दशक पहले रियो में किए गए वादों को अब पूरा किया जाना चाहिए। भारत ने न्यायोचित परिवर्तन तंत्र 'जस्ट ट्रांजिशन मैकेनिज्म' की स्थापना को कॉप-30 का महत्वपूर्ण परिणाम बताया।

## पाकिस्तान आर्मी हेडक्वार्टर में आत्मघाती हमला, छह की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार सुबह फ्रंटियर कान्स्टेबुलरी (एफसी) मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में 6 लोग मारे गए, जिनमें 3 कमांडो और 3 हमलावर शामिल हैं। कई लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस की प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक हमलावर खुद को चादर से ढककर पहुंचा था। उसने चौकी पर पहुंचते ही खुद को उड़ा लिया। इसमें 3 पुलिसकर्मी मारे गए।

पेशावर कैपिटल सिटी के पुलिस अधिकारी डा. मियां सईद ने बताया कि विस्फोट के बाद मौके का फायदा उठाकर 2 और हमलावर कांस्टेबुलरी हेडक्वार्टर के कैंपस में घुसने में कामयाब हो गए। दोनों राइफलों और हथगोले से लैस थे। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने हमलावरों से मुठभेड़ की और उन्हें मार गिराया। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी। सईद ने बताया कि समय पर हुई कार्रवाई से हमलाव. रों को बड़ी घटना करने से रोकने में मदद मिली। पाकिस्तान फौज ने आरोप लगाया है कि इस हमले के पीछे भारतीय प्राक्सी फितना-उल-खवारिज जिम्मेदार है। यह शब्द पाकिस्तान तालिबान टीटीपी के लड़ाकों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एफसी

■ मृतकों में तीन कमांडो और तीन हमलावर भी शामिल हैं, हमले में कई लोग घायल भी हुए
■ रिपोर्ट में कहा गया है कि हमले के समय परेड चल रही थी

पाकिस्तान की एक सिविल मिलिट्री फोर्स है, जिसका मुख्यालय एक भीड़भाड़ वाले इलाके में स्थित है और सैन्य कैंटोनमेंट के करीब है। एक अधिकारी ने मीडिया से कहा कि सेना और पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हालात को संभाल रहे हैं, क्योंकि हमें शक है कि हेडक्वार्टर के अंदर कुछ हमलावर हैं। हमले के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो सामने आए, जिनमें दावा किया गया कि एफसी चौक मुख्य सदर में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। पाकिस्तान में हाल के महीनों में, खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकी घटनाओं में तेज बढ़ोतरी देखी गई है। सितंबर में भी खैबर पख्तूनख्वा के बन्नू जिले में एफसी मुख्यालय पर हमले की कोशिश हुई थी, जिसमें छह सैनिक मारे गए थे और पांच हमलावरों की मौत हुई थी।

## थाइलैंड में बारिश ने 300 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**बैंकाक।** थाईलैंड में बारिश ने 300 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इसके चलते दस राज्यों में भीषण बाढ़ आ गई है। मौसम विभाग और रायल इरिगेशन डिपार्टमेंट (आरआईडी) के मुताबिक तेज मानसून ट्रफ और लो-प्रेशर सिस्टम के कारण पिछले कई दिनों से भारी बारिश हो रही है। कई जगहों पर 24 घंटे के भीतर 300 से 500 मिमी तक बारिश दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा नुकसान सोंगखला प्रांत के हाट याई शहर में हुआ। यहां 21 नवम्बर को 335 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। इससे घरों, दुक. ानों और सड़कों में भारी नुकसान हुआ। कई स्थानों पर लोग घरों में फंसे हुए हैं और रेस्क्यू टीमें उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले जाने में जुटी हैं। स्थानीय प्रशासन ने कहा है कि स्थिति पर करीब से नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ते ही अतिरिक्त रेस्क्यू बल तैनात किए जाएंगे। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में भी दक्षिणी हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।



■ 24 घंटे में 335 मिमी बारिश हुई

## रूस ने पोक्रोव्सक के अधिकतर हिस्से पर किया कब्जा

**मॉस्को।** पोक्रोव्स्क के ज्यादातर हिस्सों पर रूसी सेना ने नियंत्रण कर लिया है और यूक्रेनी सैनिक वहां घिर गए हैं। यूक्रेनी सैनिकों को वहां भारी नुकसान हो रहा है। डोनेट्स्क पीपल्स रिपब्लिक (डीपीएस) प्रमुख डेनिस पुशिलिन ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। पुशि. लिन ने रोसिया 24 ब्रॉडकास्टर को बताया कि पोक्रोव्स्क की तरफ दुश्मन को कुचलने की कोशिशें जारी हैं। दुश्मन घिरे हुए हैं और उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। डीपीएस प्रमुख ने कहा कि रूसी सेना पोक्रोव्स्क के साथ-साथ दिमित्रोव (मिरनो. हराद) इलाके को तेजी से आजाद कराने के लिए एक और दिशा से आगे बढ़ रही है।

# कनाडा में भारतवंशियों को मिलेगी बड़ी राहत

## अमेरिका की सख्ती का लाभ उठाने के लिए नागरिकता कानून बदलेगी कनाडा सरकार

**ओटावा।** कनाडा ने अपने नागरिकता कानून में बड़ा और बेहद अहम सुधार करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। सिटिजनशिप एक्ट में बदलाव करने वाला बिल सी-3 अब शाही स्वीकृति पा चुका है। यानी कानून बदलने की राह लगभग साफ हो गई है।

यह बदलाव खासकर उन भारतीय मूल के हजारों परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आने वाला है, जिनके बच्चे विदेश में जन्म लेने या गोद लिए जाने की वजह से नागरिकता से वंचित रह जाते थे। बिल सी-3 लागू होने के बाद, वे लोग भी कनाडाई नागरिकता पा सकेंगे, जो पहले पुराने कानूनों की वजह से बाहर रह गए थे, जबकि वे हकदार थे। किसी कनाडाई माता-पिता का बच्चा, जिसका जन्म या गोद लिए जाने की प्रक्रिया कनाडा के बाहर हुई है, अब नागरिकता पा सकेगाः यदि माता-पिता का कनाडा से ठोस संबंध साबित होता है। यह बदलाव सीधे उस पहली पीढ़ी की सीमा को राहत देता है, जिसे 2009 में लागू किया गया था। इस सीमा के कारण, यदि किसी कनाडाई माता-पिता का जन्म भी विदेश में हुआ था, तो उनके विदेश में जन्मे बच्चे को नागरिकता नहीं मिलती थी। यही नियम भारतीय मूल के कनाडाई परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बना हुआ था। दिसम्बर 2023 में, ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट ने इस नियम को असंवैधानिक बताया था और कहा था कि इससे बच्चों के अधिकार गंभीर रूप से प्रभावित होते हैं। सरकार ने कोर्ट के फैसले को चुनौती नहीं दी, बल्कि माना कि यह नियम आधुनिक परिवारों की वास्तविकताओं से मेल नहीं खाता। कनाडा की इमिग्रेशन मंत्री लेना मेतलेगे दियाब ने कहा कि यह बिल हमारे नागरिकता कानून में पुराने घावों को भरेगा। यह उन परिवारों के लिए न्याय लेकर आएगा जिनके बच्चों को पहले की गलतियों की वजह से नागरिकता नहीं मिल पाती थी। 'लॉस्ट कैनेडियन्स' के संस्थापक डॉन चैपमैन ने भी कहा कि सरकार ने आधु. निक, वैश्विक जीवनशैली को ध्यान में रखते हुए यह सुधार कर सही कदम उठाया है। यह बिल अब पूरी तरह से तैयार है, लेकिन इसे लागू करने की तारीख कनाडाई सरकार ऑर्डर इन काउंसिल के जरिए जल्द घोषित करेगी। तब तक पुराने नियम से प्रभावित लोगों के लिए अंतरिम व्यवस्था लागू रहेगी।



■ दिसम्बर 2023 में ओंटारियो सुपीरियर कोर्ट ने इस नियम को असंवैधानिक बताया था

# इजरायल में 9 टॉप अफसर सेना से बर्खास्त

## दो साल पहले हमास का हमला रोकने में नाकाम रहे थे, 1200 इजरायलियों की जान गई थी

**तेल अवीव।** इजरायल में 9 टॉप सैन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) के चीफ आफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एयाल जामिर ने कहा कि ये अधिकारी हमास के हमले को रोकने में नाकाम रहे थे। 7 अक्टूबर 2023 को हुए इस हमले में 1200 से ज्यादा इजरायली लोगों की मौत हुई थी।

इजरायल में हमास हमले को लेकर हुई सुरक्षा चूक और उसकी निष्पक्ष जांच को लेकर रविवार को प्रदर्शन हुए। इसमें कम से कम 5 लाख लोग शामिल हुए। इसके बाद से सरकार पर इन अधिकारियों को बर्खास्त करने का दबाव बढ़ गया था। आईडीएफ चीफ जामिर ने रविवार को इन अफसरों को मीटिंग के लिए बुलाया और उनकी बर्खास्तगी का फैसला सुनाया। इस दौरान कई अफसरों को फटकार भी लगाई गई। जामिर ने कहा कि वे एक्सपर्ट की जांच रिपोर्ट के आधार पर कमांडरों के खिलाफ फैसले भी लेंगे। हालांकि बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है। जिन अधिकारियों को फटकार लगी है, वे अपनी मौजूदा पोस्ट पर अपना कार्यकाल पूरा होने तक काम करते रहेंगे। अपने फैसले के बाद आईडीएफ चीफ ने बयान जारी कर कहाः ऐसे फैसले लेना आसान नहीं है, क्योंकि ये उन लोगों को प्रभावित करते हैं जिन्हें मैं बहुत मानता हूं और जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी देश की सुरक्षा में लगा दी। उन्होंने आगे कहा कि मैं इनके साथ दशकों तक लड़ाइयां लड़ चुका हूं। इसके बावजूद मेरे सामने जिम्मेदारी तय करने का कर्तव्य है। ये फैसले हम खुद नहीं चुनते बल्कि बतौर कमांडर हमें उठानी पड़ती है। आईडीएफ चीफ ने आगे कहा कि अगर हम जिम्मेदारी तय नहीं करेंगे, तो सिस्टम पर लोगों का भरोसा कम होगा। यह भरोसा ही हमारी लड़ाई, हमारी जीत और देश की रक्षा की नींव है। जामिर ने यह भी कहा कि जिन अफसरों को बर्खास्त या फटकारा गया है, वे हमारे बेहतरीन कमांडरों में से हैं। इन सभी ने अपनी जिंदगी का बड़ा हिस्सा आईडीएफ और इजरायल के लिए दिया है।



■ बर्खास्त किए गए ज्यादातर अधिकारियों ने पहले ही सेना छोड़ दी है

## चीन ने अरुणाचल में जन्मी महिला का पासपोर्ट इनवैलिड बताया

**बीजिंग।** ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय मूल की महिला पेम वांगजाम ने आरोप लगाया है कि चीन के शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उन्हें घंटों तक रोके रखा और परेशान किया। प्रेमा ने कहा कि चीनी अधिकारियों ने उनका भारतीय पासपोर्ट मानने से इन्कार कर दिया, क्योंकि उसमें जन्मस्थान के तौर पर अरूणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। वह 21 नवम्बर को लंदन से जापान जा रही थी।

शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर उनका 3 घंटे का ट्रांजिट था। पेम ने आरोप लगाया कि इमिग्रेशन काउंटर पर अधिकारियों ने उनका पासपोर्ट 'इनवैलिड' बता दिया और कहा कि अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है। उनसे 18 घंटे पूछताछ की गई और उनका मजाक उड़ाया गया। पेम ने पीएम मोदी और दूसरे सीनियर अधिकारियों को इससे जुड़ी शिकायती चिट्ठी लिखी है और इस बर्ताव को भारत की संप्रभुता और अरूणाचल प्रदेश के नागरिकों का अपमान बताया है। पेम ने आरोप लगाया कि उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया गया और लीगल वीजा होने के बावजूद उन्हें जापान जाने वाली अगली फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया गया। पेम ने यह भी आरोप लगाया कि वहां मौजूद कई इमिग्रेशन अधिकारी और चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस के कर्मचारी उनके साथ मजाक करते रहे, हंसते रहे और उससे चीनी पासपोर्ट के लिए अप्लाई करने का तंज कसा।

■ चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने कहाः ये राज्य चीन का हिस्सा महिला ने पीएम मोदी को शिकायती चिट्ठी लिखी

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108